राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-126
लखनऊ, शनिवार 23 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लोहिया अस्पताल के डॉक्टर व नर्सिंग होम पर लगा 1.27 करोड़ का जुर्माना 03

असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों को आंगनवाड़ियों से जोड़ें : स्मृति 12

## संक्षिप्त समाचार

### चिटफंड मामले में पीसी सरकार से ईडी ने की पूछताछ

**कोलकाता।** विश्व स्तर पर प्रशंसित जादूगर पी.सी. सरकार (जूनियर) शुक्रवार को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में सॉल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। रिपोर्ट दर्ज होने तक उनके ईडी दफ्तर पहुंचने की सही वजह पता नहीं चल पाई थी। हालांकि, घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने कहा कि संभावना है कि उन्हें चिटफंड इकाई टावर ग्रुप के साथ उनके पहले के व्यावसायिक समझौते के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी के अधिकारियों ने सात दिसंबर को टॉवर समूह के प्रमुख रामेंदु चट्टर्जी को अपनी हिरासत में ले लिया था। संभावना है कि सरकार (जूनियर) को उस संबंध में नए सिरे से पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### ट्रक से टकराई बस, तीन की मौत, 12 लोग घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आज सुबह एक बस दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकरा गयी, जिससे बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी और बारह घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर है, जिन्हें धमतरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर रायपुर से बैलाडीला जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से टकरा गयी। दुर्घटना में बारह यात्री घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है, जिन्हें धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेशनल हाईवे 30 चारामा घाट में कल रात एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसी ट्रक से यात्री बस टकरा गई, जिसमें ललित साहू, संजय रथराटे तथा मेंहदी बांदे मौत हो गयी।

### कश्मीर में ठंड का कहर जमी झीलें व पानी के पाइप

**श्रीनगर।** कश्मीर में शुक्रवार को शीत लहर ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली। ठंड की वजह से घाटी में झीलें और पीने के पानी की पाइपें जम गई। कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे चिल्लई कलां कहा जाता है, का शुक्रवार को दूसरा दिन है। यह अवधि 30 जनवरी को समाप्त होगी। घाटी में झीलें आंशिक रूप से जम गई हैं। मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है, श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में यह क्रमशरू शून्य से 1 डिग्री नीचे और शून्य से 4.8 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 14.4, कारगिल में माइनस 9.9 और द्रास में माइनस 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

### सुजीत पाटकर की 12.2 करोड़ की संपत्ति जब्त

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने कोरोना उपचार केंद्र घोटाला मामले में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत के नजदीकी सुजीत पाटकर की 12.2 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। ईडी की यह कार्रवाई सुजीत पाटकर के साथ संजय राऊत के लिए भी करारा झटका मानी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने कोरोना कालखंड में कोरोना उपचार केंद्र का ठेका देने में बड़े पैमाने पर घोटाला किए जाने का आरोप लगाया था। इस मामले की छानबीन ईडी ने की।


# गीता में है दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान : अमित शाह

## गृह मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में संत सम्मेलन को किया संबोधित, हरियाणा के सीएम ने पीएम मोदी को बताया लौह पुरुष

एजेंसी


**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें विश्व की सभी समस्याओं का समाधान है। गीता का अनुसरण करके कई बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

केन्द्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को कुरूक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि कुरूक्षेत्र की पावन धरती पर पांच हजार साल पहले भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए गीता का उपदेश देकर समूची मानवता को नई राह दिखाई थी। अगर हम गीता का ज्ञान फैलाने में सफल रहें तो कभी युद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में यहां आकर गीता का प्रचार विश्व स्तर पर करने का संदेश दिया था। जिसका अनुसरण करते हुए हरियाणा की मनोहर सरकार और स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज आज कई देशों में गीता जयंती का भव्य आयोजन करवा चुके हैं और यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा की मान्यताएं संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र व हरियाणा की सरकारों ने गीता के उपदेश का अनुसरण करते हुए न केवल शासन को संचालित किया है बल्कि आमजन में भी आपसी भाईचारे को मजबूत किया है।



केंद्र सरकार ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बनाया है। हरियाणा सरकार ने भी केंद्र की योजनाओं को सबसे पहले लागू कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का कुरूक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि कई हजार साल पहले दिया गया गीता का संदेश आज भी शाश्वत है। वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आज़ादी के बाद देश में कुछ चुनौतियां थीं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की रियासतों को मिलाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण, धारा 370 जैसे मुद्दे रहते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने उनका आसानी से समाधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र की सरकार ने जिस भावना के साथ काम किया है, उससे प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह को अगर आधुनिक भारत का लौह पुरूष कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस तहत के फैसले केंद्र सरकार ने लिए हैं, उनसे देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरू आचार्य रामदेव के अलावा कई संत महात्मा मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा भारत का गौरव : खट्टर



मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान केंद्र की सरकार ने जिस भावना के साथ काम किया है, उससे प्रधानमंत्री मोदी तथा गृहमंत्री शाह को अगर आधुनिक भारत का लौह पुरूष कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जिस तहत के फैसले केंद्र सरकार ने लिए हैं, उनसे देश न केवल मजबूत हुआ है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, योग गुरू आचार्य रामदेव के अलावा कई संत महात्मा मौजूद थे।

### आतंकवादी हमले में कानपुर का लाल शहीद

**कानपुर।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में कानपुर का लाल भी शहीद हुआ है। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के भाऊपुर गांव के रहने वाले किसान बालक राम यादव के बड़े बेटे कर्ण ने वर्ष 2013 में सेना में ज्वाइनिंग की थी। सात साल पहले उसकी शादी अंजू देवी के साथ हुई थी। जवान के दो बच्चों में एक पांच साल की बेटी आर्या और दो वर्ष का बेटा आयुष है। इस समय उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर में आरआर बटालियन में थी। बुधवार की शाम को ही बेटे ने फोन बात की थी और बताया था कि वह जल्द ही घर आएगा। गुरुवार की रात को खबर मिली उनका बेटा शहीद हो गया है। बेटे के साथियों ने फोन करके यह खबर सुनाई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। उन्हें बताया गया कि बुधवार की रात पुंछ जिले में डेरा की गली जंगल में कुछ आतंकवादी को देखे जाने की सूचना मिली।

# बजरंग पूनिया ने लौटाया पद्मश्री

### कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में लौटाया सम्मान

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख संजय सिंह के विरोध में अपना पद्म श्री पुरस्कार लौटा दिया है। बजरंग पुनिया शुक्रवार शाम अवॉर्ड लौटाने प्रधानमंत्री आवास पर गए थे, लेकिन अंदर जाने की परमिशन नहीं मिली तो उन्होंने अवॉर्ड वहीं फुटपाथ पर रख दिया।

इससे थोड़ी देर पहले उन्होंने पीएम मोदी के नाम एक खुला पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने अवार्ड वापिस करने की बात कही थी। पत्र में बजरंग ने खुद को असम्मानित पहलवान बताते हुए कहा कि महिला पहलवानों के अपमान के बाद वे ऐसी सम्मानित जिंदगी नहीं जी पाएंगे, इसलिए अपना सम्मान लौटा रहे हैं। अब वह इस सम्मान के बोझ तले नहीं जी सकते। बजरंग पूनिया को 12 मार्च 2019 को पद्मश्री पुरस्कार मिला था। बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में लिखा है कि आपकी देश सेवा की इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान हमारी कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं। आपको पता होगा कि इसी साल जनवरी महीने में देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती संघ पर काबिज बृजभूषण सिंह पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए थे। जब उन महिला पहलवानों ने अपना आंदोलन शुरू किया तो मैं भी उसमें शामिल हो गया था। आंदोलित पहलवान जनवरी में अपने घर लौट गए, जब उन्हें सरकार ने ठोस कार्रवाई की बात कही। बजरंग आगे लिखते हैं कि 3 महीने बीत जाने के बाद भी जब बृजभूषण पर एफआईआर तक नहीं की, तब हम पहलवानों ने अप्रैल महीने में दोबारा सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया, ताकि दिल्ली पुलिस कम से कम बृजभूषण पर एफआईआर दर्ज करे।

### मानसिक दबाव में साक्षी ने कुश्ती से लिया संन्यास

पुनिया ने लिखा है कि इसी मानसिक दबाव में आकर ओलिंपिक पदक विजेता एकमात्र महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। हम सभी की रात रोते हुए निकली। समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं, क्या करें और कैसे जियें। इतना मान-सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने, क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं। साल 2019 में मुझे पद्मश्री से नवाजा गया। खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। जब यह सम्मान मिले तो मैं बहुत खुश हुआ। लगा था कि जीवन सफल हो गया लेकिन आज उससे कहीं ज्यादा दुखी हूं और ये सम्मान मुझे कचोट रहे हैं। कारण सिर्फ एक ही है, जिस कुश्ती के लिए ये सम्मान मिले, उसमें हमारी साथी महिला पहलवानों को अपनी सुरक्षा के लिए कुश्ती तक छोड़नी पड़ रही है।

# तेजी से फैल रहा कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट, देश में मिले 640 नए केस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट भारत में तेजी से फैल रहा है। 21 दिसंबर तक इसके 22 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 640 मामले दर्ज किए गए हैं। एक शख्स की मौत हुई है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, देश में एक्टिव मामलों की संख्या 2 हजार 997 हो गई है। एक दिन पहले यह आंकड़ा 2 हजार 669 था।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अकेले केरल में 2 हजार 606 एक्टिव मामले हैं। यह देश में सबसे ज्यादा है। यहां 21 दिसंबर को कोरोना के 265 नए मामले सामने आए हैं। एक मरीज की मौत भी हुई है। जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना पॉजिटिव मिला है। उसका इलाज चल रहा है। कर्नाटक में कोविड के 105, महाराष्ट्र में 53 और गुजरात में 32 मामले हैं। यूपी के नोएडा में कई महीनों के बाद एक पॉजिटिव मरीज मिला है। डॉक्टर ने बताया कि 54 साल का मरीज हाल ही में नेपाल गया था। वह हरियाणा के गुरुग्राम में काम करता है। गुजरात में 8 साल का बच्चा पॉजिटिव गुजरात में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 9 नए मामले सामने आए हैं। इस तरह राज्य में कुल एक्टिव केस की संख्या 32 हो गई है। अहमदाबाद में गुरुवार को एक ही दिन में कोरोना के 6 मरीज सामने आए, जिनमें चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। गांधीनगर जिले में गुरुवार को 8 साल के बच्चे की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

# साय मंत्रिमंडल में नौ और मंत्री शामिल



एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दस दिन पुराने विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का आज विस्तार हुआ और नौ नए मंत्री शामिल किए गए। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज दोपहर राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, ओ.पी.चौधरी, टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन एवं लक्ष्मी राजवाड़े को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी।

शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्दय अरूण साव एवं विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दोनों दलों के वरिष्ठ नेता एवं विधायक, राज्य सरकार के आला अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। शपथ लेने वालों में श्री अग्रवाल, श्री नेताम, श्री बघेल एवं श्री कश्यप भाजपा की रमन सरकार में मंत्री रह चुके है। श्री अग्रवाल आठ बार के विधायक है और रमन सरकार में लगातार 15 वर्षो तक मंत्री रहे है।पूर्व आईएएस ओ.पी, चौधरी, टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन एवं लक्ष्मी राजवाडे पहली बार मंत्री बनी है। श्री जायसवाल दूसरी बार विधायक बने है जबकि शेष चार मंत्री पहली बार के विधायक है। मुख्यमंत्री एवं दो उप मुख्यमंत्रियों ने गत 13 दिसम्बर को शपथ ली थी। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक राज्य में मुख्यमंत्री समेत कुल 13 मंत्री हो सकते है।नौ मंत्रियों के शपथ लेने के बाद मंत्रिमंडल में एक स्थान रिक्त रहेगा।

### अटकलों के बीच यादव ने की मोदी-शाह से मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और दो उप मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण करने के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन को लेकर चल रहीं अटकलों के बीच आज डॉ यादव ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से मुलाकात के दौरान मध्यप्रदेश के विकास और जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके बारे में उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आज नई दिल्ली में आदरणीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से भेंट कर उनसे मध्यप्रदेश के विकास व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे।

### वकीलों व वादकारियों के अदालतों में आर्म्स लेकर चलने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कर उत्तर प्रदेश के किसी भी अदालत परिसर में वकीलों एवं वादकारियों को अदालत परिसर में हथियार ले जाने पर रोक लगा दी है। यही नहीं हाईकोर्ट ने जिला जजों व न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे न्यायालय परिसर में बंदूक लेकर वकीलों अथवा वादकारियों के पाए जाने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि वकीलों अथवा वादकारियों द्वारा आर्म्स लेकर परिसर में चलना आर्म्स एक्ट की धारा 17 (3)(ब) के अंतर्गत लोक शांति व लोक सुरक्षा को भंग करती है। न्यायालय ने कहा है कि बंदूक लेकर चलना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। न्यायालय ने फैसला देते हुए कहा है कि कोर्ट परिसर के अंदर वकील अथवा वादकारी कोई भी व्यक्ति अदालत परिसर में हथियार नहीं रख सकता है।

# पूर्व शिक्षा मंत्री राकेश धर को एमपी-एमएलए कोर्ट से तीन साल की सजा

### आय से अधिक संपत्ति मामले में पाए गए दोषी

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामले में प्रयागराज की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने 3 साल की सजा और 10 लाख का जुर्माना लगाया है। बता दें कि एक दिन पहले ही कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

स्पेशल जज एमपी एमएलए कोर्ट डॉ दिनेश चंद्र शुक्ला ने मामले की सुनवाई करते हुए पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत आरोपी पाया है। बता दें कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत इंस्पेक्टर रामसुख राम ने प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाने में 23 नवंबर 2012 को एफआईआर दर्ज कराई थी।



एफआईआर दर्ज होने के बाद विवेचना विजिलेंस को सौंप दी गई थी। विजिलेंस ने विवेचना के बाद चार्जशीट वाराणसी जिला कोर्ट में दाखिल की थी। हालांकि बाद में यह केस एमपी एमएलए की स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। पूर्व मंत्री एक मई 2007 से 31 दिसंबर 2011 के बीच बसपा की सरकार में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर रहे थे। इस दौरान आय से समस्त वैध स्रोतों से उन्होंने 49 लाख 49 हजार 928 रुपये अर्जित किए। संपत्ति अर्जन और भरण पोषण पर दो करोड़ 67 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किया। जो आय के सापेक्ष 2 करोड़ 17 लाख से अधिक है।

### सिरम इन्स्टीट्यूट की मलेरिया वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मलेरिया एक घातक बीमारी है जो कि आमतौर पर बारिश के दिनों में पैर पसारती है। ठंड और गर्मी के मौसम में भी मलेरिया आम लोगों पर प्रहार कर देती है। गंदगी और नमी वाले इलाकों में मलेरिया तेजी से फैलता है। अगर इस बीमारी को रोकने के लिए जरुरी समय पर कदम ना उठाएं जाएं तो परेशानी अधिक बढ़ सकती है। इसी बीच मलेरिया के खिलाफ भारत की ओर से उठाए जा रहे कदम को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मंजूरी दे दी है। मलेरिया रोग के खिलाफ लड़ाई में बच्चों के लिए नई वैक्सीन का उपयोग किया जा सकेगा, जिसकी मंजूरी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दे दी है। ये मलेरिया के इलाज में उपयोग होने वाला दूसरा टीका है। इससे पहले अक्टूबर 2023 में ही मलेरिया के इलाज के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैक्सीन आर-21/मैट्रिक्स-एम मलेरिया वैक्सीन की सिफारिश की थी।

# भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमता ने खोले निर्यात के लिए दरवाजे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शुक्रवार को कहा है कि भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमता ने पहले से ही साझेदारी और निर्यात के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर और आकाश मिसाइल सिस्टम और रडार जैसे स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म दुनिया की वायु सेनाओं के लिए विश्वसनीय विकल्प बन गए हैं। इस कार्यक्रम में वायु सेना के दो अधिकारियों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 20वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज ने भारत और वैश्विक दक्षिण : चुनौतियां और अवसर विषय पर यह सेमिनार आयोजित किया गया था। एयर चीफ मार्शल ने अपने उद्घाटन भाषण में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया।



### ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की भूमिका पर जोर

**तैयारी**

## सीएम ने 30 को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को 22 जनवरी की तरह सजाने के दिए निर्देश

# अयोध्या में 30 को होगा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अब से ठीक एक माह बाद है। राज्य की योगी सरकार 22 जनवरी 2024 को विशाल आयोजन का ग्रैंड रिहर्सल कराने जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर अयोध्या की साज-सज्जा का इंतजाम ठीक वैसा ही होगा, जैसा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। इसलिए 30 दिसंबर की तैयारियों को 22 जनवरी के लिए ग्रैंड रिहर्सल के तौर पर माना जा रहा है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रैंड रिहर्सल की तैयारियां करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, भव्य रेलवे स्टेशन सहित हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अयोध्या का दौरा किया था। उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान अयोध्या को ठीक वैसे ही सजाया जाए, जैसे 22 जनवरी के लिए तैयारी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री के आगामी अयोध्या दौरे को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ग्रैंड रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जाए। हाई-वे से नयाघाट की तरफ आ रहे धर्म पथ की भी सजावट आकर्षक होनी चाहिए और एयरपोर्ट से नयाघाट के मार्ग को उसी प्रकार आकर्षक फूलों से सजाया जाय जिस प्रकार सुलतानपुर रोड से एयरपोर्ट फोरलेन मार्ग को सजाया गया है। सीएम ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-गोरखपुर में अयोध्या बाईपास की रेलिंग को आकर्षक रंगों से पेंट किया जाय तथा उसकी मीडियन में आकर्षक फूल व गमले आदि रखे जाएं।

### विश्वस्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए अयोध्या

योगी के स्पष्ट निर्देश हैं कि अयोध्या में चार प्रमुख मार्ग- राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व धर्म पथ को आकर्षक ढंग से पुष्पों से सजाया जाए। साथ ही राम पथ के फुटपाथ व मुख्य कैरेज-वे के बीच में आकर्षक रेलिंग लगाई जाएं। चारों प्रमुख मार्गों पर लाइट व फसाड के कार्य एक हफ्ते में ही पूरे कर लिए जाएं। इसमें पीडब्लूडी, राजकीय निर्माण निगम, विकास प्राधिकरण व अयोध्या नगर निगम के बीच समन्वय स्थापित होना चाहिए। अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन सिटी के रूप में नजर आनी चाहिए।

### अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरा पहला प्लेन



वहीं, शाम को भगवान श्रीराम एयरपोर्ट पर फ्लाइट का ट्रायल किया गया। एयरपोर्ट के रनवे पर एयरक्राफ्ट उतरा गया। सिविल एविएशन के अधिकारी एयर क्राफ्ट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। राम मंदिर ट्रस्ट ने प्राण-प्रतिष्ठा के लिए न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी न्योता भेजा है। कई देशों के डेलिगेट्स के भी आने की उम्मीद है। इसके अलावा, ट्रस्ट ने मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर जैसे 100 से ज्यादा वीवीआई को आमंत्रण भेजा है। ज्यादातर वीआईपी अपने निजी प्लेन या हेलिकॉप्टर से आएंगे।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ सपा ने किया प्रदर्शन



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जुल्म के खिलाफ न झुके हैं न कभी झुकेंगे जुल्म और ज्यादती के खिलाफ समाजवादी लोगों ने हमेशा संघर्ष किया है और आगे भी करते रहेंगे। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू ने एक स्वर में जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में इंडिया गठबंधन और विपक्ष के लोकसभा और राज्यसभा के 142 सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबन किए जाने के विरोध में गन्ना दफ्तर में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन को संबोधित करते कहीं। वरिष्ठ नेताओं ने एक स्वर में इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा ऐसी घटना पूरे विश्व में कहीं नहीं देखने को मिली जिसमें एक साथ 142 सांसदों को सदन से बाहर कर दिया गया हम सब समाजवादी इस घटना का पुरजोर विरोध करते हुए राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए इस तानाशाही भाजपा सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाये तभी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हो पाएगी। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि समाजवादियों ने हमेशा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष का विगुल फूंकते रहे हैं पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक सरवर अली खाँ, पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, जिला महासचिव हिमांशु यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित सभी जिला पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित दो सूत्री मांग पत्र एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी को सौंपते हुए पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारी ने अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित किए सभी सांसदों का निलंबन तत्काल वापस लेने और मौजूदा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

# हेल्थ केयर काउंसिलिंग प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन द्वारा अप्रूव्ड हेल्थ केयर सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा सभी मेडोमित्रों को 360 घंटे के प्रशिक्षण एवं सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं कंपनी के सह संस्थापक नीरज चंद्रा द्वारा संयुक्त रूप से सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि आने वाले समय में राष्ट्र एवं देश को ऊपर ले जाने में आप सभी का सहयोग सराहनीय है राष्ट्र और देश तभी ऊपर जाएगा जब लोग स्वस्थ होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आयुष्मान भारत की महत्वपूर्ण योजना चलाई है और बृहद रूप से गांव-गांव में कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं जिस की पात्र व्यक्तियों को 500000 तक का मुफ्त इलाज मिल सके आजादी के बाद आयुष्मान भारत से बड़ी योजना कोई अभी तक आई ही नहीं। कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी के ऑपरेशंस डायरेक्टर दीपक श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से कहा कि अब गांव के किसी भी बीमार व्यक्ति को सही डॉक्टर और अस्पताल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा ग्रामीण मरीजों को डॉक्टर के यहां लगने वाली लाइन से भी मुक्ति मिल जाएगी कंपनी की प्रोडक्ट हेड कोशिका शर्मा ने मेडोप्स एप्लीकेशन के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंपनी के प्रशिक्षण अधिकारी नमो नारायण शुक्ला जनरल मैनेजर दीपक श्रीवास्तव एरिया मैनेजर दीपक कुमार सहित एरिया में कंपनी के मेडोमित्र उपस्थित रहे।

## सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**सूरतगंज, बाराबंकी।** ससुराल पक्ष के सात लोगों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न किए जाने का केस दर्ज किया गया है। उधर कप्तान के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच प्रारंभ कर दी है।मोहम्मदपुर खाला थाना के केदारीपुर मजरे लालपुर की सोनी पुत्री स्व.मुस्तकीम का निकाह इसी थाना के करौता लालपुर का निवासी गुफरान खान पुत्र गुलफाम के साथ सात साल पहले हुआ था। सोनी के एक बेटा व पुत्री है। तीसरा बच्चा गर्भ में पल रहा है। चार माह पूर्व ससुराल के लोगों ने उसे धक्का मार कर घर से भगा दिया। उधर सोनी का आरोप है कि ससुराल के लोग पचास हजार रुपए और बाइक की मांग कर रहे हैं। डिमांड के पूरे न होने पर उसे मारते पीटते हैं।वहीं सोनी के तहरीर पर पति गुफरान और ससुर गुलफाम,सास मनतुन, देवर आशिब व आशिफ संग ननद सुबी व जुबी के विरूद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का केस दर्ज कराया है।

# मोदी हैं तो सुरक्षा की गारंटी है: मोहसिन रजा




**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सेवक मिला है जो गांव गरीब की चिंता करता है। विकास की गारंटी मोदी हैं तो हमारी सुरक्षा की गारंटी योगी अब प्रदेश में कोई गरीब को धमकता नहीं मिलेगा। यह बात हज कमेटी के चेयरमैन पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने शुक्रवार को ग्राम किन्तूर व रसूलपुर में आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भय का वातावरण समाप्त हो चुका है। अब मातृशक्ति को लेकर बड़े-बड़े काम देश में किए जा रहे हैं विकसित भारत में हर गरीब का घर होगा हर महिला का सम्मान होगा। योगी मोदी की पारदर्शी सरकार में पारदर्शी योजनाओं के माध्यम से आपके घर तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है । इसके पूर्व हज कमेटी के चेयरमैन ने कार्यक्रम में आए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत धुसेडिया और पीठापुर में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया । गया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अमित पाण्डेय,रामसागर कनौजिया, अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रहलाद कनौजिया, बलवंत प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, उमेश निगम,रविन्द्र अवस्थी, धुसेडिया प्रधान श्रवणकुमार वर्मा,प्रधान किंतूर अकरम अंसारी, रसूलपुर रामतेज सोनकर,बदोसराय प्रधान निसार मेहंदी,सचिव कुलदीप श्रीवास्तव , सुरेश यादव, राजेश कुमार, विवेक वर्मा,मनीष शुक्ला, कुलदीप वर्मा,सतीश वर्मा, वीरेंद्र तिवारी,धमेंद्र वर्मा,खण्ड शिक्षाधिकारी संजय कुमार,पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षक का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला पंचायत राजस्व निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद दुबे का जन्मदिन साथियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर साथियों द्वारा केक खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। जन्मदिन के दिन सुबह से ही श्री दुबे के सोशल मीडिया अकाउंट एवं उनके निज निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी विशिष्ट पांडे विष्णु शुक्ला शिवम तिवारी विकास तिवारी आशीष मौर्य नवनीत मिश्रा सभासद शिवा वर्मा विभोर गुप्ता आशुतोष शुक्ला पांडे मिस्त्री ऋषभ पांडे गौरव चौधरी बाबा राम लोचन मिश्रा अतुल शुक्ला राहुल सिंह अन्नू दीदी उपस्थित रहे।

# चोरों ने मंदिर में नकदी जेवर व मुकुट पर किया हाथ साफ

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



सुबेहा थाना व कस्बा स्थित हनुमान मंदिर पर अज्ञात चोरों ने बीती रात बीस हजार की नगदी व चांदी का मुकुट सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह मंदिर के पुजारी जब पूजा पाठ करने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई, क्योंकि मंदिर का ताला टूटा हुआ पड़ा था अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का वजन मुकुट तीन सौ ग्राम गायब था, वही मंदिर परिसर में रखे दान पात्र में रखे बीस हजार रुपए भी चोर कर उठा ले गए।

घटना की सूचना आम होते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में जमा हो गए। इस मंदिर में बीते डेढ़ माह पूर्व भी अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों समान उठा ले गए थे। जिसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है लगातार डेढ़ माह बाद हुई दूसरी घटना से मंदिर के पुजारीजनों में आज आक्रोश देखा गया। जानकारी के मुताबिक मंदिर परिसर में पुजारी सहित मंदिर में आस्था रखने वाले आसपास के लोग भी वहीं धरने पर बैठकर पुलिस वालों पर लापरवाही का आरोप लगाया। थाना प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और मंदिर पर बैठे पुजारी से बातचीत की। श्री सिंह ने मंदिर के पुजारी से कहा कि वह पुलिस पर भरोसा रखें जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। घटना की जानकारी होने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए उन्होंने पुजारी गुरुदीन आदि को समझाया और पुलिस को तहरीर देने की सलाह दी। थाना प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह के आश्वासन पर मंदिर परिसर में बैठे लोगों ने धरना समाप्त कर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुजारी रामदीन ने तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश का प्रयास शुरू कर दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जल्दी ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# खबरें एक नजर में

## गुलरिया चीनी मिल ने किसानों के खातों में भेजा गन्ना भुगतान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर ग्रुप की इकाई गुलरिया चीनी मिल ने किसानों के बैंक खातों में भेजा गन्ना भुगतान । 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 90 लाख 56 हजार रुपये भेजे किसानों के खातों में। जिले में गन्ना भुगतान को लेकर सबसे आगे है गुलरिया चीनी मिल। अब तक खरीदे गए कुल गन्ने का 107 करोड़ 58 लाख 73 हजार रुपये किसानों को कर चुकी है गुलरिया चीनी मिल भुगतान।योगेश कुमार सिंह मुख्य महाप्रबंधक ने किसानों से अपील की कि मिल को ताजा छिला साफ गन्ना ही आपूर्ति करें।

## 14 चिकित्साधिकारियों के लिए शुरू हुई चयन प्रक्रिया

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जनपद में चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति के लिए शासन के निर्देश पर चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के पूरा हो जाने के बाद जनपद में 14 एमबीबीएस चिकित्सकों की नियुक्ति होगी और आम जनमानस को इसका लाभ मिलेगा। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर पीएमएचएस संवर्ग में और एमबीबीएस चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) के माध्यम से करने के निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत 14 चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति जनपद में की जानी है। जिसके लिए इच्छुक चिकित्सक 20 दिसंबर 2023 से 2 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए भी वेबसाइट पर विजिट कर जानकारी ली जा सकती है।

## ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय में चोरी की नियत से ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे एक चोर को ग्रामीणों ने जंगल से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार सुबेहा थाना क्षेत्र के फूल शाह गढ़ी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक संदिग्ध व्यक्ति गुरुवार की रात लगभग 10 बजे विद्यालय परिसर के अंदर स्थित रसोई कक्ष का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहा था कि तभी विद्यालय के पास स्थित घर से लघु शंका के लिए निकले एक ग्रामीण ने इसकी सूचना गांव निवासी शिक्षामित्र राजकरण पाल को दी इसके बाद ग्रामीणों के साथ इकट्ठा होकर आए शिक्षामित्र द्वारा जब पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसने चारदीवारी फांदकर भागने का प्रयास किया परंतु ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेराबंदी करके विद्यालय के पास स्थित जंगल से पकड़ लिया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**मसौली, बाराबंकी।** बाराबंकी रामनगर हाईवे के भूलभुलिया के निकट एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर भाग निकला है। जिसकी चपेट में आकर बाइक चालक व सवार दोनों लोग घायल हो गए। ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना टिकैतनगर के ग्राम बांसगांव निवासी सुन्दर पुत्र बुधराम 30 वर्षीय और संकित पुत्र जितेन्द्र 8 वर्षीय दोनों लोग बाइक से बाराबंकी रामनगर हाईवे पर भूलभुलिया के करीब पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

# पसगवां की ग्राम पंचायत खखरा में आवास योजना में हुआ भ्रष्टाचार

**डीएम ने परियोजना अधिकारी को जांच के दिए निर्देश**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ब्लॉक पसगवां की ग्राम पंचायत खखरा में जमकर भ्रष्टाचार के मामले प्रकाश में आए हैं। शिकायत करता नहीं डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसके संबंध में डीएम ने परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण लखीमपुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए 15 दिन में जांच पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। मडिया घाट रोड नई बस्ती खखरा मैगलगंज निवासी सुशील कुमार दीक्षित ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत खखरा के प्रधान व सचिव द्वारा इंदिरा आवास उन्नयन आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपात्र व्यक्तियों को दो-तीन या चार बार तक आवास आवंटित किया गया है।

आरोप है कि प्रधान व सचिव की मदद से श्रीदेवी/देवी रतन, राजन उर्फ़ देवी रतन पुत्र राजकुमार, रघुवीर पुत्र सूरज प्रसाद, मुन्नी देवी पत्नी चोवर, चोवर पुत्र छेदा, कमला पत्नी राम सरवन, ठाकुर प्रसाद पुत्र नीलकंठ, सुमन पत्नी महेंद्र, विमल पत्नी मथुरा, मथुरा पुत्र दीवान, पूजा पत्नी श्रीपाल, बिंदेश्वरी पत्नी पहाड़ी, पहाड़ी पुत्र गया प्रसाद, राम भजन पुत्र छोटेलाल, हरिद्वार पुत्र इतवारी, गीता देवी पत्नी सुभाष सुभाष पुत्र बुलाकी, को वर्ष 2002 से लगाकर वर्ष 2012 तक कई बार आवास आवंटित किए गए।

## मृतकों के घर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख, दी सांत्वना

**रामनगर, बाराबंकी।** ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने सड़क हादसे का शिकार हुए मृतकों के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर घायलो का हाल-चाल लिया।उन्होने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद दिलवाये जाने का आश्वासन दिया।मालूम हो कि विकासखंड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम चंदनापुर निवासी दिनेश कुमार यादव ने रानी बाजार में नया मकान बनवाया था। सोमवार को गृह प्रवेश था जिसमें परिवार के सभी सदस्य शामिल होने के लिए गए थे वापस आते समय लखनऊ बहराइच मुख्य हाइवे मार्ग पर अज्ञात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी जिसमें दिनेश यादव के भाई पप्पू की पत्नी नीलम एवं पुत्र अमन की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे।

# सेंट जॉन्स स्कूल में मनाया गया क्रिसमस

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




गोला नगर स्थित सेंट जॉन्स स्कूल में मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन अरविंद गिरी व विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र गिरी, मोंटी भैया की उपस्थित में धूमधाम से क्रिसमस का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। बच्चों ने डांस, सिंगिंग, नाटक, एकांकी कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म के बारे में वर्णन किया।

मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन अरविंद गिरी ने अपने संबोधन मे बताया कि जिस तरह हम यहां क्रिसमस मनाते हैं उसी तरह हम रामनवमी मनाते हैं और आगे ईद भी मनाएंगे, यह हम सभी भारतीयों की बहुत बड़ी विशेषता है इसीलिए हम सभी लोग सभी जगह बहुत ऊंचाई पर पहुंचते हैं। हम सभी को एक साथ मिलजुल कर रहना आता है। विधायक अमन अरविंद गिरी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने मुख्य अतिथि अमन अरविंद गिरी, व विशिष्ठ अतिथि धर्मेंद्र गिरी को शॉल उढ़ा कर उनका सम्मान किया और आए सभी लोगों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद देते हुए आगामी नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 स के छात्र पूर्णेन्दु पांडे ने किया। इस मौके पर विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सिस्टर सीना रोज, शिक्षक शिक्षिकाए, छात्र छात्राएं समेत तमाम अभिभावक गण व मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम सलेमपुर कोन में शुक्रवार को जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई द्वारा कैंप लगाकर बुजुर्गों की जांच की गई। इस दौरान 62 मरीजों को देखा गया। जिरियाट्रिक फिजिशियन जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम सलेमपुर कोन में शिविर लगाकर 62 बुजुर्गों की जांच की गई। इन सभी की ब्लड प्रेशर की जांच की गई।

इनमें हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, सांस में तकलीफ, घुटनों और जोड़ों में दर्द की शिकायत अधिकतर बुजुर्गों में मिली। जिसे देखते हुए उन्हें ठंड से बचने की सलाह के साथ दवाई दी गई हैं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि धूप निकलने पर कुछ देर धूप में बैठे और ठंड के समय अच्छे से गर्म कपड़े पहने।

जरूरत पड़ने पर ही कहीं बाहर निकले, गर्म पानी का सेवन करें और खाना भी गरम ही खाएं। जिससे ठंड से बचाव होगा और तकलीफों में भी राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह समस्याएं उम्र के साथ होना स्वाभाविक है, परंतु इस समय बुजुर्गों को अधिक और अच्छी देखभाल की जरूरत होती है।

## आज से शुरू हुआ बहुता गांव का मेला

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** पिछले कई दशकों से विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज के बहुता गांव में आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले का आयोजन शनिवार से होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गांव निवासी राम मोहन मिश्रा रामू ने बताया कि गांव के बाहर स्थित पानी के टंकी के निकट लगने वाले दो देशों मेले में स्थानीय कलाकारो द्वारा रात्रि में रामलीला का मंचन किया जाएगा।

एवं रात में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नौटंकी का आयोजन किया जाएगा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से हो रहे इस मेले में श्री मिश्रा ने क्षेत्र वासियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट से संबंधित वेयर हाउसों का त्रैमासिक निरीक्षण सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने वेयरहाउस को खुलवाकर किया। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर एवं चकबंदी अधिकारी (अंतिम अभिलेख प्रथम) संजय अवस्थी, एडीईओ तौसीफ अहमद और राजनीतिक दलों से जिला उपाध्यक्ष, भाजपा अनिल यादव, जिला मंत्री-कांग्रेस पार्टी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बसपा से उमाशंकर गौतम, सपा से त्रिभुवन सिंह व जिला उपाध्यक्ष अपना दल अभिषेक कश्यप उपस्थित रहे।

# निलंबित सांसदों को लेकर इंडिया गठबंधन ने किया प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




लखीमपुर खीरी विलोबी मेमोरियल हॉल में इंडिया गठबंधन की तरफ से आयोजित धरना। प्रदर्शन ज्ञापन संबंधी कार्यक्रम में बड़े जोश एवं उत्साह के साथ सभी घटक दल कांग्रेस समाजवादी पार्टी सी पी आई इंडिया राष्ट्रीय लोकदल आम आदमी पार्टी सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेताओं के साथ नारेबाजी करते नजर आए निलंबित सांसदों के निलंबन के खिलाफ एकत्रित हुए तथा नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौप कर अपना विरोध दर्ज कराया कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल सी पी आई इंडिया से कृष्णा अधिकारी सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी आम आदमी पार्टी से शिवकुमार सिंह कांग्रेस से सीमाब अहमद चांद मिया पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा शशांक यादव अंसार महलूद पूर्व सांसद रवि वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल जिला महासचिव नजिम अली, जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश बाजपेई एडवोकेट, अनुराग शुक्ला, हरनाम वर्मा युवा नेता राष्ट्रीय लोकदल टीकाराम, हंसीब खान सहित बहुत लोग मौजूद रहे सांसदों का निलंबन लोकतंत्र पर करारा कुठाराघात है।

**सुविधा** | **आयुष्मान भारत योजना से लोगों को मिल रहा मुफ्त इलाज**

# डीएम ने दो एएलएस एम्बुलेंस को दिखायी हरी झंडी

**जिले को मिली दो नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




प्रदेश सरकार की ओर से जनपद खीरी को दो नई आपातकालीन ए.एल.एस. एंबुलेंस की सौगात मिली। शुक्रवार को विधायक सदर योगेश वर्मा और डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नई आपातकालीन ए.एल.एस. एंबुलेंस को स्वास्थ्य महकमें को समर्पित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीएमओ डॉसंतोष गुप्ता के साथ एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज का खुलना इसका उदाहरण है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिल सके, इसके लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। आयुष्मान भारत योजना से 05 लाख रूपये तक की स्वास्थ्य की सुविधा लोगों को मुफ्त में मिल रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आज के समय में बहुत जरूरी है। यह लोगों को मेडिकल सुविधाओं के साथ उनके घर या दुर्घटना स्थल से अस्पताल पहुंचाने में मदद करता है एवं लोगों की जान बचाने में इसका अहम रोल होता है। कार्यक्रम के अंत में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सभी का आभार ज्ञापित किया और कहा कि एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस से गंभीर रोगियों को अस्पताल पहुंचाने में आसानी होगी।

# मंत्रोच्चारण व शंखनाद के साथ विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव हुआ शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव आज यहां एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ शुरू हो गया। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुरू हुये उत्सव के उद्घाटन मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलित किया और बच्चों ने सरस्वती वन्दना पर नृत्य एवं वन्देमात्रम का सामूहिक गान भी हुआ।



इस मौके पर सोक्ट के अध्यक्ष व कॅरियर काउन्सलर डा. अगम दयाल, जनविकास महासभा के अध्यक्ष व मुख्य आयोजक पंकज तिवारी, परी पुस्तक केन्द्र के अजय यादव, शोभा फाउण्डेशन के प्रदीप जायसवाल व अंकेश चौहान, पूर्व कार्यवाहक महापौर सुरेश अवस्थी, समाजसेवी दिव्या शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र अवस्थी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# शुचिता व विश्वसनीयता के लिए क्यू आर कोड की व्यवस्था लागू

## राजस्व न्यायालय से पारित आदेश होंगे क्यू आर कोडेड, राजस्व संहिता की धारा 80 की प्रक्रिया ऑनलाइन, 45 दिनों में होगा निस्तारण

**लंबित 26 लाख वादों में से 13 लाख वादों का निस्तारण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में लम्बित राजस्व वादों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा 16 सितम्बर को दिये गये निर्देश के क्रम में मुख्य सचिव व अध्यक्ष, राजस्व परिषद के स्तर से नियमित गहन समीक्षा के फलस्वरूप राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी आई है। अध्यक्ष राजस्व परिषद हेमन्त राव ने बताया कि 15 सितम्बर, 2022 के पूर्व प्रदेश स्तर पर लगभग 21 लाख वाद लम्बित थे एवं 15 सितम्बर 2022 से 15 सितम्बर 2023 के मध्य लगभग 26 लाख वाद योजित हुए। इन विचाराधीन 47 लाख वादों में से पूरे वर्ष में 28 लाख वादो का निस्तारण किया गया।

श्री राव ने बताया कि लम्बित 26 लाख राजस्व वादों में से विगत 3 माह में 13 लाख वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया गया जो विगत वर्ष के 3 माह के औसत निस्तारण का लगभग 200 प्रतिशत है।15 सितम्बर, 2022 से 15 सितम्बर, 2023 के मध्य दायर वादों के सापेक्ष पूरे वर्ष का निस्तारण 104 प्रतिशत रहा जबकि विगत 03 माह में दायर वादों के सापेक्ष 3 माह की अवधि का निस्तारण 196 प्रतिशत रहा। 1 वर्ष में धारा-34 नामान्तरण के 19 लाख वादों का निस्तारण किया गया जबकि विगत 3 माह में 8 लाख वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के 3 माह के औसत निस्तारण के सापेक्ष लगभग 3 लाख अधिक है। 1 वर्ष में धारा-24व41 पैमाइश के लगभग 02 लाख वादों के सापेक्ष 83 हजार वादों का निस्तारण किया गया जबकि विगत 03 माह में 90 हजार वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के 3 माह के औसत निस्तारण का 400 प्रतिशत है। 1 वर्ष में धारा-116 कुर्रा बंटवारा के लगभग 03 लाख वादों के सापेक्ष 81 हजार वादों का निस्तारण किया गया जबकि विगत 03 माह में 01 लाख से अधिक वादों का निस्तारण किया गया जो कि विगत वर्ष के 3 माह के औसत निस्तारण का लगभग 500 प्रतिशत है।सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया ने बताया कि 1 वर्ष में धारा-80 कृषक से अकृषक घोषणा के 49 हजार वादों के सापेक्ष 41 हजार वादों का निस्तारण किया गया।

### अयोध्या में बनेंगे 60 करोड़ की लागत से छह गेट कांप्लेक्स

**लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य मंदिर के लोकार्पण की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, तैयारियां उतनी ही तेज होती जा रही हैं। अयोध्या धाम में प्रवेश के प्रमुख छह मार्गों पर भव्य गेट कांप्लेक्स बनाए जाएंगे। इसमें तीन की स्वीकृति भी मिल गई है। 60 करोड़ रुपये से आंबेडकरनगर, लखनऊ और रायबरेली रोड पर निर्माण होगा जबकि तीन अन्य को जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। गेट कांप्लेक्स में पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विकास की इसी कड़ी में आयोध्या के प्रमुख छह मार्गों पर देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गेट काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। अयोध्या से आंबेडकरनगर जाने वाले मार्ग पर राजेपुर गांव में करीब 19.99 करोड़ रुपये से निर्माण होगा।

## खबरें एक नजर में

### माखन के समान होता है पवित्र हृदय : आचार्य सुधीर कृष्ण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से हाता राम दास सदर कैण्ट में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को नैमिषारण्य धाम के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तो को वात्सल्य प्रदान करने के लिए बृज में पधारे पूतना अविद्या है। भगवान सबसे पहले भक्तो में निहित अविद्य को नष्ट करते हैं। भगवान माखन चुराते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान ने माखन चुराकर मानव मात्र को संदेश दिया पवित्र हृदय माखन के समान होता है। संत हृदय नवनीत समाना। कालिया नाग को कालीदाह के नाग से रक्षा की है बृज की गलियों में प्रेम की बरसा होती है इंद्र के अभिमान को नष्ट करने को प्रभु ने गोवर्धन पूजा करी है। इस प्रसंग के दौरान आचार्य जी ने भजन वृंदावन धाम अपार जपे जा राधे राधे..., सुनाया तो कथा के मुख्य यजमान मनोज गर्ग, पत्नी सुमन गर्ग, मधुर गर्ग और मिहिर गर्ग है झूम झूम कर नाचने लगे। मुख्य संयोजक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय गुरुजी ने बताया कि शनिवार को रुक्मणी प्रसंग की कथा होगी। कथा 24 दिसम्बर तक दोपहर 3.30 से शाम 7.30 बजे तक होगी।

### डॉ. अमरजीत यादव को मिला योग साहित्य भूषण अवार्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफयोग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में उत्कृष्ट साहित्य लेखन हेतु सिद्ध योग संस्थान द्वारा योग साहित्य भूषण अवार्ड मिला। डॉ अमरजीत यादव द्वारा 17 पुस्तकों का लेखन कार्य किया गया है। यह पुस्तकें योग का दर्शन एवं उसकी वैज्ञानिकता पर आधारित हैं यह साहित्य योग के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में शामिल है। देश की प्रतिष्ठित केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में अध्ययन हेतु संग्रहित है।

### नि:शुल्क नेत्र रोग जांच व चश्मा वितरण शिविर आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस (23 दिसंबर) के अवसर पर चारबाग स्थित पानदरीबा क्रॉसिंग के निकट स्थापित श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा नि:शुल्क नेत्र रोग जांच व चश्मा वितरण शिविर का शुभारम्भ प्रात: 11 बजे सुरेश खन्ना वित्त मंत्री ( उत्तरप्रदेश शासन ) के करकमलों द्वारा किया जाएगा। शिविर में बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय रॉय भी शिरकत करेंगे। उपरोक्त जानकारी चिकित्सालय के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने बताया कि, प्रत्येक वर्ष चिकित्सालय द्वारा 100 से अधिक मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाता है।

### 25 को बटेश्वर जाएंगे सीएम, देंगे बड़ी सौगात : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अटल जयंती पर उनके जन्म स्थल बटेश्वर पहुचेंगे। इस दिन कई बड़ी उद्घोषणा भी कर सकते हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बटेश्वर की पुण्य धरती सें 25 दिसंबर को जो कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म स्थली भी है, उनकी जयंती पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि बटेश्वर की धरती को तीर्थो का भांजा भी कहा जाता है। बटेश्वर की धरती पर भगवान भोलेनाथ की 101 सिद्ध मंदिर है। 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री पूर्ण हो चुकी तमाम योजनाओं को लोकार्पण करेंगे एवं एवं संचालित होने वाली योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की तरफसे सभी धार्मिक स्थलों को जोड़ने की योजना की शुरुआत में मुख्यमंत्री आगरा की धरती से ही करेंगे।

### दिव्यांगों ने तहसील मलिहाबाद में किया प्रदर्शन



**मलिहाबाद, समृद्धि न्यूज।।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद तहसील कार्यालय में दिब्यांग विकास सोसायटी मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को दर्जनों दिव्यांगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। करीब दो घण्टे चले प्रदर्शन को तहसीलदार मलिहाबाद के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष विमल कुमार राठौर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मे करीब 200 दिब्यांग है। जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान कार्ड,अन्त्योदय राशनकार्ड जैसी सुविधाएं नही मिल पाई है। इन्हीं समस्याओ को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया गया है। इससे पूर्व अधिकारियों से कई बार इस सम्बंध मे बात की चुकी है। मौके पर पहुंची तहसीलदार बन्दना कुशवाहा ने आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। फिर उन्हें कम्बल देकर वापस लौटाया।

### प्राइमरी स्कूलों में 31 से 14 जनवरी तक रहेगी जाड़े की छुट्टी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक प्राइमरी स्कूलों में सर्दी की छुट्टी रहेगी। परिषदीय विद्यालयों में 31 दिसम्बर से जाड़े की छुट्टी हो जाएगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय से स्कूलों को भेजी गई सूचना के मुताबिक परिषदीय स्कूलों में 30 दिसंबर को पढ़ा कर 31 दिसंबर से अगले वर्ष 14 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां रहेंगी। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से भी आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि शीतकाल में मौसम में परिवर्तन के दृष्टिगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन किया जा सकेगा। कुछ जिलों में निजी स्कूलों में गुरुवार से ही छुट्टियां शुरू हो गईं। बनारस में सेंट मेरीज समेत स्कूलों ने छुट्टी कर दी है। अब यहां तीन जनवरी को स्कूल खुलेंगे। आगरा के आईसीएसई स्कूलों में छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं।

# देश के विकास और प्रगति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : ब्रजेश पाठक

**दौलत देवी इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ज्ञान, सदाचार, उचित आचरण, तकनीकी दक्षता-विद्या इत्यादि को प्राप्त करने की प्रक्रिया ही शिक्षा है। अच्छी शिक्षा, वह शिक्षा है, जो छात्रों को न केवल ज्ञान के आधार पर सिखाती है, बल्कि उन्हें उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाती है। शिक्षा देश के विकास और प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह बात आज गांधी भवन प्रेक्षागृह में दौलत देवी इण्टर कॉलेज के वार्षिक उत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होने आगे कहा कि शिक्षा व्यक्ति को ज्ञानवान बनाती है। विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सांसारिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण हो जाता है। इस ज्ञान से उसके व्यक्तित्व का विकास होता है। शिक्षा मनुष्य को दुर्गुणो को पहचानने में मदद करती है। उन्होने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है और मानव की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का भी निर्माण करें। उन्होने बताया की दौलत गंज स्थित मन्दिर की दौलत देवी, कुल देवी हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर दौलत देवी कालेज के प्रमुख ओम प्रकाश अवस्थी, प्रबंधिका पूनम अवस्थी और रमेश द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर दौलत देवी सम्मान से सम्मानित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा ने दौलत देवी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा अंधकार में प्रकाश की किरण है। शिक्षा ही जीवन का सार है।

### नोटबंदी के बाद कांग्रेस के पंजे में चंदे की पर्ची और पाकिस्तान के दोनों हाथों में कटोरा : केशव प्रसाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस और पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा कि नोटबंदी के बाद कांग्रेस के पंजे में चंदा की पर्ची और पाकिस्तान के दोनों हाथों में कटोरा है। उन्होंने तंज के अंदाज में पूछा ''यह रिश्ता क्या कहलाता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गजब का योग है कि नोटबंदी के बाद से ही पाकिस्तान और कांग्रेस की आर्थिक हालत खस्ता होना शुरू हो गई। कांग्रेस के पंजे में चंदा की पर्ची और पाकिस्तान के दोनों हाथों में कटोरा है। उन्होंने तंज के अंदाज में पूछा ''यह रिश्ता क्या कहलाता है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसी वर्ष 19 मई को 2,000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की। हालांकि इस मूल्य के नोट बैंकों में जाकर 30 सितंबर तक जमा करने या बदले जाने की छूट की भी घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पहले 8 नवंबर, 2016 को 500 और 1000 रुपए के नोटों का चलन बंद करने की घोषणा की थी और इनकी जगह 2 हजार रुपए के नोट चलन में लाए गए थे। बाद में 500 रुपए के नए नोट भी जारी किए गए थे।

# लोहिया अस्पताल के डॉक्टर व नर्सिंग होम पर लगा 1.27 करोड़ का जुर्माना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोहिया अस्पताल के डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव ने एक मरीज के गॉल ब्लैडर में पथरी की सर्जरी निजी नर्सिंग होम लगायत में की। केस बिगड़ने पर उसे लोहिया ले आए जहां मरीज ने दम तोड़ दिया था। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मामले में दोषी डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव और नर्सिंग होम लगायत संचालक डॉ. सुमित सेठ को जुर्माना, हर्जाना, मुकदमा खर्च मिलाकर 1.27 करोड़ शिकायतकर्ता फतेहपुर के कलेक्टरगंज निवासी ज्ञानदेव शुक्ल को 30 दिन में अदा करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा दोषी डॉक्टर की मेडिकल प्रैक्टिस पर रोक लगाने के साथ नर्सिंग होम लगायत को सीज करने के आदेश दिए हैं। ,

ज्ञानदेव शुक्ल का पुत्र शिवम शुक्ल सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। फतेहपुर में पेट दर्द की जांच में उसके गाल ब्लैडर में पथरी निकली। ज्ञानदेव शिवम को 13 जुलाई 20 को लखनऊ के लोहिया संयुक्त चिकित्सालय लाए। सर्जन डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने शिवम के कई टेस्ट करवाए, फिर आपेरशन बताया। लोहिया अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक सुविधा थी मगर डॉक्टर ने ज्ञानदेव से कहा कि वह हाईकोर्ट के पास सुरेन्द्र नगर स्थित लगायत सर्जिकल क्लीनिक में भर्ती करवा दो, वहां आपरेशन होगा। 20 जुलाई 20 को नर्सिंग होम में शिवम को ग्लूकोज चढ़ाने के साथ 40 हजार रुपये वसूले गये। डा. अरुण श्रीवास्तव ने शिवम का आपरेशन किया तो केस बिगड़ गया। डा. अरुण ने शिवम को लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। आयोग ने निर्णय में डा. अरुण श्रीवास्तव और नर्सिंग होम लगायत को सेवा में त्रुटि का दोषी करार दिया। साथ ही आदेश दिया कि डा. अरुण श्रीवास्तव शिकायकर्ता को 25 लाख रुपये हर्जाना दें। नर्सिंग होम लगायत शिकायकर्ता को 50 लाख रुपये हर्जाना दें। दोनों पर 20 जुलाई 20 से 12 प्रतिशत सालाना ब्याज लगेगा। फतेहपुर के एक मरीज को पथरी की शिकायत थी। 13 जुलाई 20 को लोहिया में जांच के बाद डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने उसे सुरेंद्र नगर के निजी अस्पताल लगायत में ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन में मरीज की हालत गंभीर हो गई।

# अपोलो में हुआ यूपी का पहला प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी बोन मैरो ट्रांसप्लांट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ. प्रियंका चौहान के नेतृत्व में एक्टिवेटेड पीआई3के डेल्टा सिंड्रोम (एपीडीएस) के लिए सफलतापूर्वक पहला एलोजेनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया है। इस दुर्लभ प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी रोग से पीड़ित 14 वर्षीय लड़का है, जिसमें सात साल की उम्र में इस बीमारी को डायग्नोस किया गया था। इलाज के लिए उसके शरीर में एंटीबॉडीज पूरी करने के लिए हर महीने इम्युनोग्लोबिन इंजेक्शन दिया जा रहा था। यह इलाज न केवल महंगा है, बल्कि रोगी की साधारण पारिवारिक स्थिति के चलते इलाज की उपलब्धता भी चुनौती बन चुकी थी।

पिछले वर्ष, मरीज और उसके परिवार ने लखनऊ के अपोलोमेडिक्स अस्पताल में इलाज के लिए संपर्क किया। राहत वाली बात यह रही कि मरीज का भाई बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पूर्ण एचएलए मैच डोनर पाया गया। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल,



लखनऊ में हेमोटोलॉजी और ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ. प्रियंका चौहान ने बताया, प्राइमरी इम्युनोडेफिशिएंसी रोग दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति है, जो बार-बार होने वाले या गंभीर संक्रमण, ऑटोइम्यून विकारों और कैंसर के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के कारण रोगियों और चिकित्सा पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करती हैं। इस रोग के दुनिया भर में केवल 200 मामले सामने आए हैं, लेकिन साइंटिफिक जर्नल्स के अनुसार आज तक केवल 10-11 मामलों में ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट में सीमित सफलता देखी गई है। उत्तर प्रदेश में इस मर्ज से पीड़ित रोगियों के लिए एक आशा की किरण तब जगी, जब 14 वर्षीय लड़के का लखनऊ के अपोलो मेडिक्स अस्पताल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया।

### 40 बीघा में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने बिजनौर थानाक्षेत्र में अभियान चलाया। निजी विकासकर्ताओं द्वारा ग्राम-असरफनगर में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अनिल सिंह, जर्नादन सिंह व मेसर्स ट्रस्ट अस ग्रुप द्वारा बिजनौर के ग्राम-असरफनगर में भूमि खसरा संख्या-228, 231, 245 आदि पर लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी।

# क्रिसमस कैरॅल्स की प्रस्तुतियों से झूमे दर्शक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल सेक्शन द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर-विद्यालयी क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट-2023 का भव्य समापन आज विद्यालय के सजे-धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते भजनों व गीतों (क्रिसमस कैरॅल्स) की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट' में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने एकल गायन, समूह गायन एवं रॉक बैण्ड प्रतियोगिताओं में जोरदार भागीदारी कर अपनी स्वर लहरियों को अभूतपूर्व समाँ बाँधा। सर्वश्रेष्ठ छात्रटीम को प्रशस्ति पत्र व आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट-2023 के समापन समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. गाँधी



ने कहा कि जीसस ने हमें दया और करूणा का पाठ पढ़ाया है। सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ मिलकर प्रभु की प्रार्थना करें तो सबमें आपसी प्रेम भाव भी बढ़ जायेगा और संसार में एकता, शान्ति, करूणा, त्याग, न्याय एवं समृद्धि आ जायेगी। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट' के अन्तर्गत क्रिसमस कैरोल गायन की इस अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों ने छात्रों ने प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते हुए दुनिया को शान्ति व सद्भाव देते गीतों-भजनों की ऐसी इन्द्रधनुषी छटा बिखरी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। प्रथम दौर में चयनित टीमों को ग्रैण्ड फिनाले में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इस अवसर पर छात्रों ने जहाँ एक ओर एकल गायन व समूह गायन में शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों की तालियां बटोरी तो वहीं दूसरी ओर रॉक बैण्ड की अभूतपूर्व प्रस्तुतियों से अपनी संगीत प्रतिभा का लोहा मनवाया। दर्शकों ने भी जोरदार तालियां बजाकर छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट-2023' की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने कहा कि क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट का उद्देश्य छात्रों में सर्वधर्म समभाव की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी को आगामी क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा समस्त मानवता पर बरसे और समाज में सुख, सद्भावना व शान्ति हेतु सभी एक-दूसरे का सहयोग करें।

# कौशल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 50 अर्ह व्यक्तियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कौशल विकास योजना 4.0 का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में शासनादेश जारी किया है। शासनादेश में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज ने शासकीय एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, डिग्री, डिप्लोमा, अभियन्त्रण एवं फार्मेसी स्तरीय संस्थानों के पदाधिकारियों को आगामी 03 माह में प्रत्येक संस्था द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 50 अर्ह व्यक्तियों को योजनान्तर्गत निर्धारित अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने को कहा है।

जिलाधिकारी अपने स्तर पर योजनान्तर्गत अर्ह लाभार्थियों का चयन एवं संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किये जाने में सघन निगरानी करेंगे। इसके साथ ही संस्थाओं के अतिरिक्त जनपद स्तर पर अन्य उपर्युक्त अन्य संस्थाओं को भी आवश्यक लक्ष्य आवंटित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन नोडल अधिकारी होंगे और इसका नियमित अनुश्रवण करेंगे। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निजी एवं राजकीय आईटीआई में तथा निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर निजी एवं राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। कुलपति, एकेटीयू, लखनऊ निजी एवं राजकीय डिग्री व फार्मेसी संस्थाओं में तथा कुलपति, एचबीटीआई, कानपुर एवं कुलपति, एमएमयूटी, गोरखपुर अपने विश्वविद्यालय में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।

**समारोह** | 119वें स्थापना दिवस समारोह में त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा रहे बतौर मुख्य अतिथि

# केजीएमयू के स्थापना दिवस समारोह में छात्राओं ने जीते 50 मेडल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केजीएमयू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को अपना 119वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन भी किया गया है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान माणिक साहा ने कहा कि मैं हर जगह गर्व से कहता हूं कि मैंने केजीएमयू से पढ़ाई की है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से नॉर्थ ईस्ट घूमने की अपील की। कार्यक्रम में मेधावियों को भी सम्मानित किया गया।

केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में




हुए इस समारोह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक विशिष्ट अतिथि और राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मैं तो सबसे ज्यादा एग्जाम से डरता हूं। एग्जाम मेरे लिए बहुत मुश्किल काम हैं। मैं त्रिपुरा से हूं, वो बहुत छोटा प्रदेश है। वहां की जनसंख्या 40 लाख है। पीएम कहते हैं कि यदि नॉर्थ ईस्ट नहीं डेवेलप होगा तो देश नहीं डेवलप होगा। आप आइए, यहां वर्ल्ड का चौथा सबसे तेज इंटरनेट मिलेगा। राजधानी सहित 14 एक्सप्रेस ट्रेन मिली हैं। कई डेंटल और मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। 19 ट्राइब हैं, संगीत शिल्पी एसडी बर्मन और आरडी बर्मन जैसे महारथी त्रिपुरा के हैं। खेल कूद में जिम्नास्ट भी त्रिपुरा के हैं। स्थापना दिवस समारोह में मिलने वाले मेडल में विश्वविद्यालय की छात्राओं का दबदबा रहा। कुल 63 स्टूडेंट्स को 107 मेडल, कैश व बुक प्राइज मिला जबकि। 63 में 50 मेडल पर छात्राओं ने कब्जा जमाया है। 13 छात्रों को मेडल से नवाजा जाएगा। इनमें से डठठै मेधावियों को 26 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।

बीडीएस के 18 मेधावियों को गोल्ड मेडल मिला। वहीं नर्सिंग में 2 छात्राओं को गोल्ड मेडल दिए गए। जबकि एमबीबीएस के 20, बीडीएस के 23 और दो नर्सिंग स्टूडेंट्स को सिल्वर मेडल से नवाजा गया। इसके अलावा दो नर्सिंग छात्रों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें से एक को फर्स्ट रनर-अप होने के लिए प्रतिष्ठित स्वर्गीय डॉ. जाह्नवी दत्त पांडे पुरस्कार मिवा। आखिर में खेल में योगदान के लिए दो पुरस्कार दिए जाएंगे। केजीएमयू की कुलसचिव सोनिया नित्यानंद ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में आप सभी लोगों का स्वागत करती हूं। केजीएमसी की स्थापना 1905 में हुई थी। मयंकेश्वर शरण सिंह के पिता मोहन सिंह के नाना ने इसे बनवाने के लिए साढ़े 3 लाख रूपए दिए थे। इसके बाद 11 हजार की धनराशि तिलोई एस्टेट से मिली थी। सोनिया नित्यानंद केजीएमयू के 10 फैकल्टी को स्टैनफोर्ड की टॉप 2: ग्लोबल साइंटिस्ट की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस साल रिसर्च फंडिंग के लिए 22.33 करोड़ का धनराशि मिली हैं। एक साल में केजीएमयू में 10 लिवर ट्रांसप्लांट हुए हैं।

# नाम का है एंटी भू माफिया टास्क फोर्स, काम का नहीं

- 14 वर्षो से पीड़ित उच्च अधिकारियों की चौखट पर रगड़ रही नाक
- भूमाफियाओं के हौसले हैं बुलंद नहीं है प्रशासन का डर



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार जमीनों के विवाद को देखते हुए एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन किया था जिसका उद्देश्य था भू माफिया के द्वारा लगातार हो रहे जमीनों पर अवैध कब्जे पर कार्रवाई करना। सरकार लगातार प्रयास भी कर रही है उसके बाद भी भू माफियाओं की ऊंची पकड़ और रसूख के आगे एंटी भू माफिया टास्क फोर्स भी उनका मुकाबला नहीं कर पा रही है। लगातार जमीनी विवाद देखने को मिल रहे है।

जमीनों पर से अवैध कब्जे लगातार बढ़ रहे है। ऐसा ही एक मामला बछरावां थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव का है जहां की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की महिला के द्वारा जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंच कर लगातार न्याय की गुहार लगाई जा रही है। उसका कहना है कि मेरे पति श्यामलाल भूमिहीन थे उन्हें वर्ष 2009 में ग्राम सभा के द्वारा पट्टा किया गया था। मगर गांव के भू माफिया बशीर रजा और वसीम रजा के द्वारा 14 वर्षों से मुझे कब्जा नहीं करने दिया जा रहा है। मैं लगातार उच्च अधिकारियों के चौखट के चक्कर काट रही हूं। मैंने कई बार उप जिलाधिकारी महाराजगंज से भी शिकायत की जहां पर गलत आख्या लगाकर उसे शिकायत को बंद कर दिया गया।

# दबंग भूमिधरी जमीन से निकल रहे जबरन नाली

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



राम सजीवन पुत्र स्वर्गीय नन्हई निवासी ग्राम ओथी ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रामप्रताप पुत्र भगवानदीन राम प्रताप पुत्र बदलू ग्राम ओथी के द्वारा प्रार्थी की भूमिधरी गाटा संख्या 362 स्थित ग्राम ओथी परगना सेमरौता तहसील महराजगंज का दर्ज खातेदार है।

उक्त आबादी से सटी भूमि है प्रतिपक्षी के व अन्य मकान भी उक्त भूमि में बने हैं उक्त आबादी प्रार्थी के नाम दर्ज भूमि के बीच पानी निकासी हेतु नाला अरसा पूर्व बना है।अब उक्त प्रतिपक्षी व्यक्ति प्रार्थी की भूमिधरी जमीन के अंदर नाली बनाया जा रहा है इसके संबंध में पूर्व में हल्का लेखपाल द्वारा प्रार्थी के खेत की पैमाइश भी की गई थी गांव के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा उक्त नाली के बाबत सुलहनामा भी हो चुका है लेकिन उक्त प्रतिपक्षी फैसला को नहीं मान रहे हैं प्रार्थी के खेत के अंदर नाली बनवाना चाहते हैं राम सजीवन ने उप जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई।

# सड़क हादसों के आंकड़े कैसे होंगे कम!

## सरकार यातायात पखवाड़ा मना रही फिर भी हादसों की संख्या बढ़ रही

- जन जागरूकता के बाद भी क्यों बढ़ रहे सड़क हादसों के आंकड़े?



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

सड़क हादसों को लेकर सरकार के द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं उसके बाद भी यह आंकड़े कम होने का नाम नहीं ले रहे है सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है उसके बाद भी लोग जागरुक नहीं हो रहे है और हादसों को दावत दे रहे है जिसकी वजह से हादसों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे है ताजा मामला जगतपुर थाना क्षेत्र लखनऊ प्रयागराज हाईवे के पास का है जहां पर एसजेएस स्कूल बस और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बस ड्राइवर कृपा शंकर और ट्रक के क्लीनर कप्तान की मौके पर मौत हो गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक महिला टीचर घायल हो गई गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला टीचरों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के जोगन्दीपुर चैराहे का है, जहाँ पर एसजेएस ऊँचाहार की स्कूल बस महिला टीचरों को लेकर रायबरेली आ रही थी तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस ड्राइवर और ट्रक क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। सीओ डलमऊ अरुण नौबहार ने बताया कि हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं जिसमे से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

## खबरें एक नजर में

### व्यापार मंडल अध्यक्ष पर देखभाल न करने का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मां के बाद बहन ने भी व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल के ऊपर लगाए गंभीर आरोप रिंकू जायसवाल की बहन पिंकी जायसवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक ही घर में हम लोग रहते हैं लेकिन भाई मुझे घर में रहने नहीं देता यहां तक की गंदी-गंदी गालियां देता है और मारने पीटने भी दौड़ता है। भाभी ने मुझे काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित करती हैं कई बार हम लोगों ने कोतवाली में इसकी शिकायत भी की लेकिन कोतवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल के इशारे पर चलती है और हम लोगों की कही सुनी नहीं जाती पिताजी के आगे से हम मेरी मां और पिताजी एक साथ रहते थे घर में विद्युत का कनेक्शन भी नहीं है आंगन में किसी तरह रोशनी आती है तो उसके ऊपर भी तिरपाल आदि चीज डालकर उसे रोशनी को ढक दिया जाता है यहां तक कि मेरी मां का हाथ भी चोटिल हो गया मैं किसी तरह उनकी दवा और देखभाल कर रही हूं कहने को तो व्यापार मंडल अध्यक्ष है लेकिन हम सभी को उनसे किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं है उल्टा मुझे और मेरी मां को मारते-पीटते हैं पिंकी जायसवाल ने यह भी बताया कि मां के लिए पानी गर्म करने के लिए चूल्हा जलाती हूं तो उसमें भी दिक्कत होती है और चूल्हा जलाने नहीं देते पिंकी जायसवाल ने व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए।

### जमीन खाली करने की मांग

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत की सुरक्षित खलिहान की जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है प्रधान का आरोप है कि एक ग्रामीण के द्वारा खलिहान की सुरक्षित जमीन पर निर्माण कर लिया गया है निर्माण कार्य को हटाने के लिए उनके द्वारा कई बार समाधान दिवस से लेकर उप जिलाधिकारी डलमऊ से शिकायत की गई लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से मामले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय तहसीलदार की शरण ली न्यायालय से बेदखली का आदेश भी पारित किया गया लेकिन फिर भी क्षेत्रीय लेखपाल मामले में लीपा पोती कर रहे हैं ग्राम प्रधान झरहा विमला देवी के द्वारा गुरुवार को जिला अधिकारी हर्षिता माथुर से मिलकर शिकायती पत्र सौपा गया है ग्राम प्रधान का आरोप है कि ग्राम पंचायत की सुरक्षित खलिहान की जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा जबरन निर्माण कार्य कर लिया गया है जिसको हटाने के लिए उन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा मामले में रुचि नहीं ली जा रही है प्रधान द्वारा शिकायती पत्र के आधार पर जिलाधिकारी ने तहसील प्रशासन को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज निर्मल ने बताया कि गांव की खलिहान की सुरक्षित जमीन पर लगातार कब्जा किया जा रहा है जिसको कब्जा मुक्त कराया जाने के लिए कई बार तहसील प्रशासन से गुहार लगाई गई लेकिन मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है

### ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन




**सरेनी, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सरेनी ब्लॉक के अंतर्गत बैरुआ गांव स्थित पंचायत भवन में ग्राम चौपाल की बैठक हुई। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह एवं ग्राम प्रधान गोमती सिंह साथ ही प्रधान पति सुरेश बहादुर सिंह व पंचायत मित्र बबलू पांडे एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों की मौजूदगी में ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं। वहीं लोगों ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ अपनी अपनी समस्याओं से ग्राम विकास अधिकारी को कराया अवगत इसके बाद ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह ने आवास एवं शौचालय के आवेदन करने हेतु लोगों को जागरूक किया वहीं ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह ने ग्राम पंचायत में आने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए जागरूक किया वहीं उन्होंने यह भी कहा कि सभी को पात्रता के अनुसार ही मिलेंगी सरकारी योजनाओं के लाभ सरकार के नियमों के अधीन ही प्राप्त होंगी सरकारी योजनाएं। बैरुआ पंचायत भवन में जनता की समस्याओं एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आहूत ग्राम चौपाल की बैठक सा कुशल हुई संपन्न।

### रास्ते में बेहोश मिले दिव्यांग की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीते गुरुवार की रात पुरवा कोतवाली के ग्राम कसरौर का 45 वर्षीय दिव्यांग गांव के बाहर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। जिसे ईलाज को परिजन फौरन स्थानीय सीएचसी पहुंचे। जहां से हालत गम्भीर होते देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद स्थानीय एक निजी अस्पताल में डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गांव कसरौर निवासी दिव्यांग लक्ष्मीशंकर को गांव के बाहर स्थित एक मंदिर किनारे ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में पड़ा देख उसकी पत्नी अनीता को सूचना दी। अनीता ग्रामीणों की मदद से लक्ष्मीशंकर को लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंची। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसपर परिजन उसे जिला अस्पताल ले जाने के बजाय कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी अनीता ने बताया कि पति लक्ष्मीशंकर ई-रिक्शा चलाते थे। कुछ दिन पूर्व ई-रिक्शा बेंच दिया था। जिसके बाद से ही वह मानसिक रुप से परेशान रहते थे। अनीता ने मौत की वजह स्पष्ट होने की बाबत पोस्टमार्टम कराए जाने की पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लक्ष्मीशंकर की मौत से पत्नी अनीता व पुत्री आकांक्षा रो-रोकर बेहाल थे। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बदमाशों ने लेखपाल के सहायक पर किया जानलेवा हमला

- घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से हुए फरार, तलाश मे जुटी पुलिस



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शहर में बढ़ा अपराध का ग्राफ कार सवार चार बदमाशों ने सदर तहसील में तैनात लेखपाल के सहायक पर लाठी डंडों से किया जानलेवा हमला, घटना को अंजाम देकर सभी बदमाश कार में बैठकर मौके से हुए फरार, युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत त्रिपुला चौराहे के पास का है जहां सदर तहसील लेखपाल के सहायक अरुण पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी दाउदपुर तहसील से काम निपटाकर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह त्रिपुला चौराहे के पास पहुंचे तभी स्विफ्ट डिजायर कार सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल को ओवरटेक करके रोक लिया, जब तक अरुण पटेल कुछ समझ पाते हैं तब तक कार सवार चार लोगों उतरकर उन पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया पिटाई करने के बाद युवक को मरणासन्न हालत में छोड़कर चारों बदमाश कार में बैठ कर मौके से फरार हो गए स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं हमला करने वाले कार सवार चारों बदमाशों की तलाश में शुरू कर दी है।

# आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



हिन्दी साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने तथा कलम के सिपाहियों को काव्य मार्ग प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बैसवारा साधना समिति के प्रबन्धक अनुज शुक्ला के नेतृत्व तथा नरेन्द्र सिंह आनंद की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

यह कार्यक्रम द्विवेदी जी के जन्म और कर्मभूमि रही रायबरेली जनपद के दौलतपुर ग्राम में किया गया, इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्य प्रेमियों ने पहुँच कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ कवि कमलेश कुमार शुक्ल की वाणी वंदना से हुआ वहीं कवि सम्मेलन को गति देते हुए सुनील सरगम ने वीरों की धरती में जन्मा महावीर है। वहां बिगड़ी मातृभाषा की बदल दी तस्वीर है।

इन पंक्तियों से आचार्य श्री को श्रद्धांजलि दी।कवि मंच का संचालन कर रहे वाई0पी0 सिंह ने अपने काव्य पाठ में पढ़ा परहित में रहते लगे जिनके दोनों हाथ। करता उन पर ही दया सदा त्रिलोकीनाथ।वहीं कवि शिवतोष संघर्षी की पंक्तियां भारत मां का बच्चा-बच्चा बोल रहा, अपना देश महान तिरंगा जिंदाबाद जिंदाबाद से सारा कार्यक्रम स्थाल तालियों से गूंजमान हो गया वहीं वाणी पुत्र संजीव तिवारी (पिन्टू), डॉ गोविंद, भारत सिंह सरल(उन्नाव),डॉ विनाय भदौरिया, डॉ रामकिशोर वर्मा, साहित्य सेवी डॉ श्याम जी ने भी अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को साहित्य की ओर आकर्षित करते हुए तालियाँ बजाने के लिए मजबूर किया दिया।

वही जिले के प्रसिद्ध जादूगर अजय पाल ने भी अपनी कलाकारी प्रस्तुत की जिनकी कलाकारी को देख लोगों ने खूब सराहना की। काव्यपाठ से पूर्व बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिस पर खुशी व्यक्त करते हुए बैसवारा साधना समिति के अध्यक्ष संजय सिंह सहित सुनील सरगम व पूर्व प्रधान राम बहादुर सिंह द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## महिला ने भूमि पर अवैध कब्जे का लगाया आरोप

**गंगाघाट-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदानगर चौकी अंतर्गत आजाद नगर की रहने वाली सुशीला पत्नी स्व. भभूती प्रसाद ने गंगाघाट पुलिस को एक प्रार्थनापत्र दिया है जिसमे यह हवाला दिया गया है कि 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे अपने घर पर थी तभी उसके खेत पर जोत-बो रहे बटाईदार रामसेवक उर्फ कल्लू के द्वारा सूचना मिली कि सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय आत्माराम, रामस्वरूप पुत्र चेता व सुशील पुत्र रामस्वरूप निवासी रामकृष्ण नगर, चूना भटिया कानपुर नगर ने उनके साथ गाली-गलौज की और कहा कि अगर सुशीला का खेत तुमने अगर जोता-बाया तो तुम्हारी खैर नही अगर नही माने तो जान से भी मार दूँगा अगर खेतो पर दिखाई पड़े तो जान से हाथ धो बैठोगे और कहा जाकर अपनी खेत की मालकिन से बता देना खेत पर दिखाई मत पड़ना नही तो दोनों को जान से मार दूँगा। वही उक्त मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## बाइकों की भिड़न्त में अधेड़ घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर खालसा निवासी मनफूल 55 पुत्र माखन शुक्रवार को बाइक से सब्जी खरीदने गंजमुरादाबाद की बाजार आ रहा था तभी नगर के निकट स्थित मरी कंपनी के सामने विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अन्य बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार मनफूल का पैर टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन घायल को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बाइक चोरी करने वाले गैंग के सदस्य गिरफ्तार

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




गुरुवार की रात को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 5 बाइक चोरों को गिरफ्तार कर दो बाइक भी बरामद कर लिया है!पुलिस ने पांचो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है!थाना क्षेत्र के गोविंदपुर मेला परिसर से बीती 19 व 20 दिसंबर को दो बाइकें चोरी हो गई थी।

इस संबंध में पुलिस ने पीडितों की तहरीर पर 21 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया!थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम पूरे गंगा दुबे का पुरवा मजरे रालपुर गांव की एक बाग से रात्रि गश्त के दौरान राहुल पुत्र सोहनलाल रैदास निवासी ग्राम सागरखेड़ा,अशोक उर्फ लाला उर्फ सचिन पुत्र बाबूलाल रैदास निवासी लखनगांव,अरुण कुमार पुत्र सुरेश कुमार रैदास निवासी ग्राम पसनखेड़ा मजरे तेजगांव,साहिल उर्फ शैलेंद्र पुत्र राजेंद्र प्रसाद रैदास निवासी ग्राम बहादुरपुर,राम सजीवन उर्फ राज पुत्र सुखराम निवासी ग्राम चमरौली मजरे रालपुर थाना सरेनी को घेर कर गिरफ्तार किया है और पांचों के कब्जे से दो चोरी की बाइकें,मोबाइल फोन व अवैध असलहे बरामद कर सभी को जेल भेज दिया गया है!

# दो पक्षों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। झगड़े में दोनो पक्षों से तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से चार घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर निवासी नीरज पुत्र देबीदीन तथा रजनीश पुत्र पप्पू दोनो एक साथ सरसों के तेल की पेराई कराने पड़ोसी गांव गए थे। इनमें नीरज पहले घर लौट आया तो पप्पू ने अपने पुत्र रजनीश को अकेला छोड़कर लौट आने के कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी होने लगी। कहासुनी बढ़ते ही दोनो पक्षों के तमाम लोग मौके पर आ पहुंचे और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर प्रहार करने लगे।

झगड़े में दोनों पक्षों से रमेश, अनीता, मोनिका, राधा देवी व रजनीश पांच लोग घायल हो गए। घायलों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में रमेश, राधा रजनीश व अनीता चार लोगों की हालत नाजुक देखकर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# सांसदों के निलंबन के विरोध में सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सांसदों के निलंबन के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश के जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी ने संयुक्त रूप से भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान जिला प्रशासन के माध्यम से सपा और कांग्रेस ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी सौंपे. इसी क्रम में रायबरेली कलेक्ट्रेट परिसर में भी विपक्षी पार्टियों ने आज जिला स्तर पर मोर्चा खोल दिया।

ज्ञापन से पहले समाजवादी पार्टी ने पुलिस प्रशासन पर कलेक्ट्रेट न पहुँचने देने का आरोप लगाया और इसके विरोध में कलेक्ट्रेट गेट पर अपने दो विधायको के साथ धरने पर बैठ गए। समाजवादी पार्टी ने गेट पर ही सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पार्टी ने भी कलेक्ट्रेट पहुँच कर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें विपक्ष के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा सांसदों को निलंबित किए गए जाने की घटना की निंदा की कहा कि राज्यसभा में जो कुछ हो रहा है वह लोकतंत्र विरोधी है. लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन सभापति बीजेपी के इशारे पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं जो बिल्कुल भी ठीक नहीं है. हमारी राष्ट्रपति से मांग है कि वह इस मामले पर हस्तक्षेप करें।

# अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बोलेरो, तीन घायल

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरेनी-भोजपुर मुख्य मार्ग स्थित बसावनखेड़ा गांव के पास शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया,जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो नहर में जा गिरी,जिससे उसमें बैठे 6 लोगों में तीन लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि लालगंज की ओर से भोजपुर जा रही बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में घुस गई,जिससे बोलेरो सवार तीन लोग रंजीत,राकेश पाण्डेय, हरी दत्त मिश्रा निवासी नौगांव थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर घायल हो गए जो कि बारा सगवर जनपद उन्नाव अपनी बेटी के ससुर की मौत की खबर पाकर गमी में जा रहे थे !वहीं बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई है !घायलों को आनन-फानन एंबुलेंस द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र सरेनी पहुंचाया गया,जहां पर डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

बताया जाता है कि उक्त स्थान एक्सीडेंटल जोन बन गया है जहां आय दिन चार पहिया वाहन नहर में गिर रहे हैं और लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं बावजूद जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने हुए हैं !इस बाबत जिला प्रशासन भी अनदेखी कर रहा है और किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है ! यह वही जगह है जहां आए दिन हादसे होते रहते हैं,लेकिन प्रशासनिक अमला अभी तक इस ओर गंभीर नहीं हुआ है, जिससे कहीं न कहीं जिले में बैठे उच्चाधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है !जिसका खामियाजा दूर सुदूर से आ रहे वाहन चालकों व अन्य को भुगतना पड़ रहा है।

# संत एलोशियस स्कूल में क्रिसमस मेले का आयोजन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




बांगरमऊ के संत एलोशियस स्कूल में शुक्रवार को भव्य वार्षिकोत्सव और क्रिसमस मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य और गीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के समर यादव, अवंतिका सिंह, उमंग गुप्ता, आनंदी रस्तोगी, अपराजिता गुप्ता, इशिता गुप्ता, प्रीयांशी राजन, श्रेया अगिनहोत्री, अपेक्षा दीक्षित, दिव्यांशी गुप्ता आदि छात्र-छात्राओं ने ओल्ड इज गोल्ड के तहत लूंगी डांस व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों द्वारा प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिवस पर नाट्य मंचन भी किया गया जिसकी उपस्थित अभिभावकों ने काफी सराहना की। कार्यक्रम में मारिया, मटिल्डा, फादर विपिन विलुंव, शाहिला, जार्ज मसीह, संजय, विनय आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार ने बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस विद्यालय के बच्चे आगे चलकर क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भी बच्चो की शिक्षा के लिए तरह-तरह की योजना चला रही है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी शुभम यादव के अलावा तमाम अभिभावक भी मौजूद रहे।

# मनमाने कर निर्धारण से नागरिकों व व्यापारियों में आक्रोश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी विविध कर शुल्क उपविधि 2023-24 एवं स्वकर निर्धारण नियमावली 2023 की विज्ञप्ति को लेकर बोर्ड के सदस्यों सहित नागरिकों और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पालिका द्वारा गृहकर व जलकर सहित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लंबा टैक्स वसूल करने की प्रक्रिया जारी है। यहां तक कि विज्ञप्ति में चाय और पान मसाला जैसे छोटे दुकानदारों को भी कर के दायरे में ले लिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि प्रस्तावित कर लागू कर दिया गया तो तमाम व्यापारी अपना धंधा बंद कर अन्यत्र पलायन को मजबूर हो जाएंगे।

नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज उत्तरी की महिला सभासद शिवदेवी अर्कवंशी ने बताया कि अभीतक मकान की वरासत और वसीयत के नामांतरण में मात्र एक हजार रुपए फीस निर्धारित थी किंतु नई नियमावली में इसे दोगुना और तीन गुना कर दिया गया है। जबकि नियमावली में मकान बैनामा के नामांतरण पर अवैधानिक ढंग से 5 हजार से लेकर 10 हजार रुपए तक की फीस नियत करने का प्रावधान किया गया है। मोहल्ला न्यू कटरा के सभासद हरिओम तिवारी ने भी नई टैक्स नियमावली पर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि गृहकर चार रुपया प्रति वर्ग फिट और प्लांट का टैक्स 80 पैसा प्रति वर्ग फिट निर्धारित करने की विज्ञप्ति जारी की गई है।

अभी तक निःशुल्क चल रहा जल मूल्य अब नई नियमावली में 50 रुपए माहवारी करने की तैयारी है। जो नितांत अवैधानिक एवं जन विरोधी है। नई टैक्स नियमावली यदि लागू हो गई तो गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपना मकान बेचकर पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। मोहल्ला शुक्लाना के सभासद वीरपाल ने रोजमर्रा कमाने खाने वाले पटरी दुकानदारों से टैक्स वसूल करना केंद्र और प्रदेश की लोकप्रिय सरकारों की मंशा के सर्वथा प्रतिकूल है।

नई कर नियमावली में पान और चाय तथा पानी के बताशा की दुकानों पर भी 500 रुपए वार्षिक और स्टेशनरी व मिठाई की दुकानों पर 5 हजार तथा सिर्फ रोटी दाल परोसने वाले होटल पर 10 हजार रुपए वार्षिक टैक्स वसूल करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा साइकिल दुकान पर 5 हजार, कपड़े की दुकान पर 10 हजार और ब्यूटी पार्लर पर 5 हजार रुपए टैक्स ठोक कर निम्न व मझौली व्यापारियों तथा महिलाओं के साथ क्रूर मजाक किया गया है। सभासदों, व्यापारियों और नागरिकों ने एक स्वर से कहा है कि पालिका प्रशासन अपनी सीमा बढ़ाकर और सैकड़ों मकानों को पालिका क्षेत्र में शामिल कर अपनी आय बढ़ा सकता है किंतु टैक्स की नई नियमावली को कतई लागू न किया जाए अन्यथा व्यापारी ही नहीं बल्कि आम नागरिक भी तीन और चार गुना भारी-भरकम टैक्स अदा कर पाने में अक्षम साबित होंगे और इससे सरकार के प्रति आम नागरिकों में भी भारी आक्रोश पनप सकता है।

## अग्निपथ पर सरकार का झूठ

अग्निपथ योजना को लागू करते वक्त जो आशंकाएं जाहिर की गई थीं, वे सच साबित होती हुई सामने आ गई हैं। युवाओं की, सेना के तीनों अंगों में बहुत कम अवधि के लिये और काफी कम तनख्वाह पर भर्ती करने की यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा जून 2020 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत 17 से 21 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को प्रति माह 30 हजार रुपये के वेतन पर सेना में भर्ती किया जाता है जो चार साल के बाद सेवानिवृत्त कर दिये जाएंगे। सरकार ने योजना को लागू करते समय कहा था कि इसके लिये सेना के उच्चाधिकारियों एवं सेना विशेषज्ञों से राय ली गई है। अब पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (सेवानिवृत्त) एमएम नरवणे की किताब में इसे लेकर खुलासा हुआ है कि इस योजना को देखकर तीनों सेनाएं चौंक गई थीं। इसका अर्थ यह है कि उनकी सलाह लिये बिना ही यह योजना लाई गई थी। नरवणे ने इसमें अनेक खामियां बतलाई हैं। यह भी बतलाया है कि उसे लेकर जो सरकार द्वारा कहा गया था उसके मुकाबले यह योजना एकदम से अलग थी जो सेना के किसी भी अंग द्वारा स्वेच्छा से स्वीकार्य नहीं हो सकती थी। 31 दिसम्बर, 2019 से 30 अप्रैल, 2022 तक सेना प्रमुख रहे जनरल (रिटायर्ड) मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी किताब फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी में लिखा है कि अग्निपथ योजना के कई स्वरूपों पर विचार किया गया था। सेना की प्रारम्भिक सिफारिश थी कि 75 प्रतिशत सैनिकों को काम करते रहना चाहिये और 25 फीसदी की क्रमिक रूप से सेवानिवृत्ति होनी चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि साल 2020 में प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक में कहा गया था कि यह एक सीमित तरीके से सेना में भर्ती योजना की तरह रहेगी और इसका नाम श्टूर ऑफ ड्यूटीश् होगाय जबकि योजना जब पेश की गई तो पाया गया कि यह व्यापक तौर पर लागू की गई थी। वायु सेना के उच्चाधिकारियों को भी इससे झटका लगा था। सरकार की ओर से थल, वायु व नौसेना के लिये यह अचानक लागू कर दी गई थी। जनरल नरवणे लिखते हैं कि अग्निपथ में पहले साल अग्निवीर का प्रारम्भिक वेतन सारा कुछ मिलाकर 20 हजार रुपये प्रति माह था जो सेना को बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हुआ। सेना का कहना था कि एक प्रशिक्षित सैनिक से उम्मीद तो की जाती है कि वह देश के लिए जान कुर्बान कर देगा परन्तु उसे बहुत ही कम तनख्वाह दी जा रही है। किसी सैनिक की तुलना एक दिहाड़ी मजदूर से नहीं की जा सकती। सेना की जोरदार सिफारिशों के कारण बाद में इसे बढ़ाकर 30 हजार प्रति माह किया गया। चार साल की अवधि के लिए सैनिकों, नौ सैनिकों और वायुसैनिकों की भर्ती के लिए जून, 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना ने भारतीय सेना को आश्चर्यचकित कर दिया था, जबकि यह नौसेना और वायु सेना, के लिए भी अचानक मिला झटका था। जनरल नरवणे आगे लिखते हैं कि उन्हें नौसेना को समझाने में काफी समय लगा था और बहुत मुश्किलें आई थीं।

# आत्मविश्वास के साथ नये साल में प्रवेश कर रहा है भारत



भारत ने अमेरिका को 78.31 अरब अमेरिकी डॉलर का सामान बेचा और उनसे 50.24 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीदारी की। भारत पश्चिम के साथ अपने रक्षा संबंधों का विस्तार करना चाहता है। वह यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ है। पीएम मोदी ने इजराइल-हमास संघर्ष पर दुख जताया परन्तु इजराइल के साथ खड़े हैं। भारत अब विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश है, जिससे कार्यबल का आकार बढ़ेगा और उच्च आर्थिक वृद्धि हो सकती है। भारत को उच्च आर्थिक विकास के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। 2024 में हमें चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ेगा। इन चुनौतियों से निपटने और अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भारत को केंद्रित रहना, अनुकूलनीय होना और साहस के साथ चुनौतियों का सामना करना आवश्यक है।

**कल्याणी शंकर**

फ्रांसीसी द्रष्टा और ज्योतिषी नास्त्रेदमस ने पांच सौ साल पहले भविष्यवाणी की थी कि 2024 में जलवायु परिवर्तन के कारण भयंकर बाढ़ आयेगी। उन्होंने महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय, राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों की भी भविष्यवाणी की। उन्होंने चीन के साथ संघर्ष और मध्य पूर्व में युद्ध की भविष्यवाणी की और कहा कि वेटिकन में एक नया पोप और इंग्लैंड में एक नया राजा होगा। जैसे-जैसे 2024 नजदीक आ रहा है, यह अतीत पर विचार करने और दुनिया, विशेषकर भारत के लिए भविष्य की आशा करने का समय है। अगले साल, बड़ी आबादी वाले सात राष्ट्रों सहित 40 से अधिक देशों में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं, जिससे संभावित रूप से नेतृत्व में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं। राष्ट्रपति बाइडेन और उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच आमना-सामना हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण में से एक है। राष्ट्रपति पुतिन रूस के राष्ट्रपति चुनाव में अपना पांचवां कार्यकाल चाह रहे हैं। यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की फिर से चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि मैक्सिकन राष्ट्रपति पद के लिए दो महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। 2024 ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होने वाले हैं। उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम के बजाय सीन नदी में एथलीटों को ले जाने वाली नावों पर आयोजित किया जायेगा। किंग चार्ल्स (तृतीय)की तस्वीर वाले बैंकनोट जल्द ही प्रसारित किये जायेंगे। नीदरलैंड के स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जैसा कि भाजपा ने वायदा किया था, अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया गया है, और अब ध्यान समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम वार्षिक बजट पेश करेंगी। 2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के राजनीतिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। नतीजे कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व पर असर डालेंगे और विपक्ष की एकता की परीक्षा लेंगे। यह भाजपा के लिए दक्षिण में समर्थन हासिल करने और उत्तर में अपना महत्व बरकरार रखने का भी अवसर होगा। अगले साल जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। हालिया चुनाव नतीजों से विपक्षी दल असंतुष्ट हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा के संसाधनों, नेतृत्व और संगठन का मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2023 में 2.4 फीसदी और 2024 में 1.2फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, विकास दर धीमी होने का अनुमान है, जिससे 2024 में हल्की मंदी आयेगी। रॉयटर्स का कहना है कि वैश्विक विकास दर अगले वर्ष 2.9 फीसजी से घटकर 2.6फीसदी हो जायेगी। भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.3 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह देश की लचीलापन और बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशीलता के कारण लगातार तीसरे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जायेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि 2023 और 2024 में भारत की विकास दर 6फीसदी से अधिक, जो चीन की 4-5फीसदी विकास दर से अधिक होगी। 2030-31 तक, भारत की जीडीपी 6.7 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है, जो अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आईटी और पीएलआई उद्योग उल्लेखनीय रूप से बढ़ सकते हैं। चिंताओं में राजनीतिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति, प्रतिभा की कमी, साइबर हमले, जलवायु परिवर्तन और बदलती कार्यशैली शामिल हैं। वैश्विक शक्ति और दक्षिण के नेता के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 में उसके नेतृत्व से होती है। अगला शिखर सम्मेलन रियो डी जनेरियो में होगा। जनवरी में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन को 2024 में बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बैठक भी 2024 में होने वाली है।मोदी की नेबरहुड फर्स्ट रणनीति क्षेत्रीय शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए सहकारी क्षेत्रीय ढांचे की स्थापना करती है। अगले साल बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका के चुनाव महत्वपूर्ण होंगे।अमेरिका-भारत संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है और चुनाव नतीजों के बावजूद नीतियां अपरिवर्तित रह सकती हैं। दोनों देशों के अधिकारी 22 तंत्र के माध्यम से शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करना जारी रखेंगे। दोनों देश अंतरिक्ष, रक्षा, सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, बहुपक्षीय सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त, भारत और अमेरिका ने एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की अपनी योजना की घोषणा की है। प्रौद्योगिकी की मदद से स्वचालन भविष्य को आकार देगा। लाखों नौकरियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बदल जायेंगी। डॉक्टर बीमारियों का निदान करने के लिए एआई का उपयोग करेंगे और रोबोट कॉफी बनायेंगे। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, अमेरिका के साथ भारत का व्यापार कुल 128.55अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिससे अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया।

अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया गया है, और अब ध्यान समान नागरिक संहिता पर आम सहमति बनाने पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम वार्षिक बजट पेश करेंगी। 2024 का लोकसभा चुनाव पीएम मोदी के राजनीतिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। नतीजे कांग्रेस में राहुल गांधी के नेतृत्व पर असर डालेंगे और विपक्ष की एकता की परीक्षा लेंगे। यह भाजपा के लिए दक्षिण में समर्थन हासिल करने और उत्तर में अपना महत्व बरकरार रखने का भी अवसर होगा। अगले साल जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। हालिया चुनाव नतीजों से विपक्षी दल असंतुष्ट हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल एकजुट होकर भाजपा के संसाधनों, नेतृत्व और संगठन का मुकाबला करने पर सहमत हुए हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 2023 में 2.4 फीसदी और 2024 में 1.2फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, विकास दर धीमी होने का अनुमान है, जिससे 2024 में हल्की मंदी आयेगी। रॉयटर्स का कहना है कि वैश्विक विकास दर अगले वर्ष 2.9 फीसजी से घटकर 2.6फीसदी हो जायेगी। भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.3 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे यह देश की लचीलापन और बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशीलता के कारण लगातार तीसरे वर्ष दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जायेगी।

### विचार

# भारत को लेकर अमेरिका की चिंता

**अरबी के शब्द मदरसा का अर्थ पाठशाला, विद्यालय या स्कूल ही होता है। लेकिन धर्म के नाम पर भेदभाव करने वाले लोग भाषा के भेद को समझ नहीं सके। उन्हें इस्लाम से ही नहीं, अरबी के शब्द से भी तकलीफ होने लगी। क्योंकि अपने संकुचित नजरिए में वे यह देख ही नहीं पाए कि मदरसा केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित नहीं होता है, जहां कहीं भी ज्ञान की शाला लगती है, वो मदरसा ही कहलाएगा। दरअसल असम में भाजपा सरकार ने 2021 में मदरसा शिक्षा-संबंधित दो अधिनियमों को समाप्त करने के लिए एक कानून बनाकर सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की थी, तब हिमंता बिस्वासरमा शिक्षा मंत्री थे। अब वे मुख्यमंत्री हैं और उनकी सरकार मदरसों को बंद करने पर तुली है।**

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को श्विशेष चिंता वाला देशश् घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है। इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं।

अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अभी संसद पर इतने सनसनीखेज तरीके से धुएं का हमला किया गया, उस पर भी सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग, जिम्मेदार तरीके से जवाब देने से बचते रहे हैं। अब कम से कम विदेश मंत्री ने जिम्मेदारी से काम करने की बात तो मानी है। इसके बाद अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। जिस तरह प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर भुखमरी के आंकड़ों तक भारत हर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को गलत बताता आया है, और इससे पहले अमेरिकी आयोग की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट को भी खारिज करता आया है, इस साल की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाला जा सकता है। लेकिन अयोध्या के बाद मथुरा और काशी में अपने संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार बैठी भाजपा क्या यह बताएगी कि आखिर साल दर साल एक जैसी ही चिंता क्यों व्यक्त की जा रही है। कहीं कोई चिंगारी सुलग तो रही है, जिसका धुआं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर आने लगा है। अयोध्या में राम मंदिर तो बन कर लगभग तैयार हो ही चुका है, इस बीच पिछले साल काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के लिए अदालती आदेश जारी हुआ था और अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराने की मांग स्वीकार कर ली गई है। 1991 में लागू किया गया प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है, जिसमें कानूनी प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। जब यह कानून बनाया गया था, उस वक्त किसी ने शायद कल्पना नहीं की होगी कि भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने का उन्माद इतने व्यापक तौर पर असर दिखाने लगेगा। लेकिन 30 सालों में गंगा-जमुना में इतना पानी बह गया है कि गंगा-जमुनी संस्कृति भी वक्त की धार में खो गई है। अब जो जितनी नफरत के साथ राजनैतिक सौदेबाजी करेगा, वो उतना बड़ा नेता कहलाएगा। तो इस वक्तदेश में सत्ताधारी लोगों में बड़ा नेता बनने की होड़ लगी हुई है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हलाल और झटके के मांस पर राजनीति करते हुए कहा है कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस ही खाते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि हत्या करने का हिंदू तरीका झटका है। इसलिए हिंदुओं को हमेशा झटका पर कायम रहना चाहिए। अब तक नवरात्रि और सावन के महीने में मीट की दुकानें बंद करने की मुहिम छेड़ी जाती थी। फिर कई जगहों पर धार्मिक स्थलों के आसपास मांस की दुकानें बंद करवाई गईं। जयपुर में मांसाहारी खाद्य वस्तुओं के ठेले बंद करवाने का अभियान छेड़ा गया, हालांकि पांच सितारा होटलों पर ऐसा कोई जोर नहीं दिखाया गया। और अब हलाल और झटके के मांस को लेकर राजनेता सलाह देने लगे हैं कि किसे क्या खाना चाहिए और क्यों खाना चाहिए। उधर असम में बीते बुधवार सरकार संचालित और सरकारी सहायता प्राप्त एमई मदरसों यानी मिडिल स्कूल मदरसों को तत्काल प्रभाव से सामान्य स्कूलों में बदलने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद राज्य के 1,281 मदरसे अब एम ई स्कूल कहलाएंगे, मदरसा नहीं।

## जरूरत के बदलाव

निस्संदेह, ब्रिटिशकालीन आपराधिक कानूनों को समय की जरूरत के हिसाब से बदलना देश की आवश्यकता रही है। जिसके बाबत देश के आपराधिक कानून को बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित कर दिये गए। इनमें भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक शामिल थे। हालांकि, विपक्षी नेता बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों के निलंबन के बीच इन महत्वपूर्ण विधेयकों को गंभीर चर्चा के बिना पारित करने को लेकर सवाल उठा रहे हैं। साथ ही विपक्षी नेता इन विधेयकों के कुछ प्रावधानों को अदालत में चुनौती देने की भी बात कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ये बिल भारतीय दंड संहिता-1860, दंड प्रक्रिया संहिता-1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की जगह लेंगे। सरकार का तर्क है कि ये विधेयक औपनिवेशिक काल के कानूनों का स्थान लेंगे और इन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से न्याय संगत बनाने की कोशिश की गई है। यह भी कि इनका मकसद दंड की जगह न्याय देने की कोशिश है। दरअसल, आजादी के बाद अपराध का पूरा तंत्र बदल चुका है। वहीं नई तकनीक से न्याय को अधिक विश्वसनीय बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। नये विधेयक में मॉब लिंचिंग को घृणित अपराध मानते हुए इसके लिये फांसी का प्रावधान किया गया है। साथ ही नाबालिग से बलात्कार के दोषी के लिये भी फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। एक ओर ब्रिटिश शासन के दौरान से चले आ रहे राजद्रोह कानून को खत्म किया गया है लेकिन देश के खिलाफकाम करने वाले को देशद्रोह कानून के तहत दंडित किया जाएगा। गैंगरेप के मामले में बीस साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा होगी। यौन हिंसा के मामले में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही दर्ज करेगी। इसके अलावा झूठे वायदे कर या पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आ जाएगा। साथ ही डिजिटल एविडेंस को कानूनी साक्ष्य के रूप में मान्यता मिलेगी। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेता इन विधेयकों के कानून बनने के बाद पुलिस राज बढ़ने की आशंका जता रहे हैं। वे किसी अभियुक्त को पुलिस हिरासत में रखने की अधिकतम सीमा 15 दिन से बढ़ाकर 90 दिन करने पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह इस बदलाव को औपनिवेशिक काल के कानूनों से मुक्ति बता रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर संवेदनशील ढंग से कभी नहीं सोचा। उल्लेखनीय है कि ये तीन बिल गत अगस्त में मानसून सत्र के अंतिम दिन लोकसभा में रखे गये थे। जिसके बाद इन बिलों को संसद की स्थायी समिति को भेज दिया गया। इस समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद बृजलाल कर रहे थे। विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा में इन महत्वपूर्ण बिलों को बिना बहस के पारित कराया गया जबकि सदन में 97 सांसद निलंबित किये जा चुके थे। बहरहाल, राज्यसभा में बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने पर इन्हें कानून का दर्जा मिल जाएगा। वहीं गृहमंत्री का कहना है कि अब तक आतंकवाद की व्याख्या किसी भी कानून में नहीं की गई थी, पहली बार राजग सरकार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही है। वहीं सरकार का दावा है कि प्रस्तावित कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के आधार पर लाए गये हैं। वहीं दूसरी ओर विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में इस मामले में विमर्श किया गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का आरोप था कि इन विधेयकों को बिना चर्चा के पास करवाने के लिये ही विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। बहरहाल, यह तार्किक नहीं लगता कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी ब्रिटिशकाल में भारतीयों को दंडित करने के लिये बनाये कानून अस्तित्व में रहें। लेकिन वहीं दूसरी ओर हमारी न्याय व्यवस्था से जुड़े इन विधेयकों पर गंभीर विचार-विमर्श की जरूरत भी थी। निस्संदेह, वक्त के साथ अपराध का चेहरा, अपराधियों की प्रवृत्ति और अपराधियों के तौर-तरीके भी बदले हैं।



## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

कुंभ:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।


**मीन:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

# क्या विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल हैं?

**राम पुनियानी**

**मीडिया भी केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी के चरणों में नतमस्तक है। विपक्षी दलों को यह एहसास भी है कि भाजपा अकेली नहीं है। उसे आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की पूरी सहायता उपलब्ध है। वे यह भी जानते हैं कि आरएसएस के सहयोगी संगठन वीएचपी, एबीव्हीपी, बजरंग दल, वनवासी कल्याण आश्रम और उससे जुड़ी अन्य संस्थाएं हर चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। चुनावी बांडों से प्राप्त अकूत धन, हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा को एनआरआई का समर्थन और बड़े उद्योग समूह, जिन्हें भाजपा बहुत तरह की छूटें दे रही हैं, सब भाजपा के मददगार हैं। इस तथ्य से भी वे अवगत हैं।विपक्षी दलों को यह अहसास भी है कि भाजपा देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर ले जाना चाहती है। वह खुलकर और दबे-छुपे ढंग से भारतीय संविधान के मूल्यों को कमजोर कर रही है।**

हाल में संपन्न राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में कई कारणों से पूरे देश की भारी दिलचस्पी थी. भाजपा पिछले दस सालों से केंद्र में सत्ता में है और उसने जो नीतियां लागू की हैं, उनका देश पर भयावह प्रभाव पड़ा है। चाहे वह नोटबंदी हो, जीएसटी हो या रातोंरात लागू किया गया कोरोना लॉकडाउन- सबसे अधिक आम जनता की खासी फजीहत हुई। देश में सरकारें और ज्यादा तानाशाह होती जा रही हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं पर तरह-तरह की रोकें लगाई जा रही हैं। हंगर इंडेक्स में देश की गिरती हुई स्थिति और लोगों की बढ़ती परेशानियां बहुत कुछ बता रही हैं। भाजपा सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटा दिया है। हमें बताया गया था कि इससे अतिवाद कम होगा। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। देश भर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं और अलग-अलग स्थानों पर ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हो रही है। इस पृष्ठभूमि में विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन का गठन किया। ऐसा कहा जा रहा था कि यह गठबंधन हमारे संविधान में निहित




श्आईडिया ऑफ इंडियाश् को संरक्षित रखने का प्रयास करेगा। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में इस गठबंधन से बहुत उम्मीदें थीं। मगर ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कांग्रेस के राज्य-स्तरीय नेतृत्वों ने मनमानी करते हुए गठबंधन के अन्य दलों की उपेक्षा की। इससे दूसरी पार्टियां काफी नाराज हो गई और गठबंधन के और मजबूत होने की राह बाधित हो गई। कांग्रेस केवल तेलंगाना में जीत हासिल कर सकी और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में उसे हार का सामना करना पड़ा। ये नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि अधिकांश एग्जिट पोल्स ने भविष्यवाणी की थी कि इन राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन कहीं बेहतर रहेगा। इसलिए, कांग्रेस की हार एक पहेली बन गई है। यह सही है कि यदि कांग्रेस का अन्य राष्ट्रीय एवं छोटे दलों के साथ गठबंधन होता तो उसका प्रदर्शन बेहतर होता। फिर भी, इन राज्यों में उसकी हार का तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता। लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति बनाते समय इस पहलू पर इंडिया गठबंधन के सदस्यों को ध्यान देना होगा। इन परिणामों का एक पक्ष यह भी है कि अधिकांश दक्षिण भारत भाजपा मुक्त हो गया है। कुछ टिप्पणीकारों का तर्क है कि भाजपा की हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के प्रति समर्थन मुख्यतरू हिन्दी-भाषी राज्यों या काऊ बेल्ट तक सीमित है। कांग्रेस और अन्य दलों को इस बात तथ्य की ओर भी ध्यान देना चाहिए कि उसके तमाम दावों के बावजूद भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। यदि हम इन पांच राज्यों में डाले गए कुल वोटों की बात करें तो कांग्रेस को 4.92 करोड़ वोट मिले हैं जबकि भाजपा को 4.81 करोड़ वोट ही हासिल हुए हैं। इसके अलावा मिजोरम, जहां अभी तक एनडीए गठबंधन की सरकार थी, भी उसके हाथ से निकल गया है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने के बारे में भी कयास लगाए जा रहे हैं। यह कार्यकर्ताओं की त्वरित प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन समय बीतने के साथ पार्टी कार्यकर्ता, तेलंगाना की जीत और प्रतिद्वंद्वी भाजपा की तुलना में अच्छे खासे अधिक वोट हासिल करने को लेकर दुबारा जोश में आ सकते हैं। समय के साथ निराशा का भाव समाप्त हो जाएगा क्योंकि नेतृत्व स्थिति का सामना करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। श्भारत जोड़ो यात्राश् इस दिशा में एक बड़ा कदम थी। पर्दे के पीछे कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जोश पुनर्जीवित होने से पार्टी के उत्साह पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशा की जा सकती है। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि क्या वे सभी दल, जो इंडिया गठबंधन में शामिल थे, एक बार फिर गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे? चुनाव के नतीजों से इंडिया गठबंधन को धक्का लगा है। इन तीन बड़े राज्यों में कांग्रेस की हार से कांग्रेस नेतृत्व चिंतन करेगा और उन गलतियों को सुधारने का प्रयास करेगा जिनके चलते गठबंधन के अन्य सदस्य नाराज हैं। विपक्षी दल यह अच्छी तरह जानते हैं कि वे अलग-अलग रहकर भाजपा की विशालकाय चुनावी मशीनरी का मुकाबला नहीं कर सकते। भाजपा के पास मानव संसाधन और धन प्रचुर मात्रा में हैं और उसमें दादागिरी करने की भी बहुत क्षमता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# संगम नगरी में हुआ प्रदेश भर के नवाचारी शिक्षकों का समागम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

## महोबा की सोनम नामदेव ने किया जिले का नाम रोशन

बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज और एडुस्टफ समूह के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय गोष्ठी कार्यशाला जनपद महोबा की ओर से संविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुगिरा में कार्यरत शिक्षका सोनम नामदेव को सम्मानित किया गया,सोनम नामदेव को जनपद महोबा की ओर से सम्मान मिलने पर पूरे बेसिक शिक्षा विभाग में खुसी की लहर है।

बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज एवं स्वप्रेरित शिक्षक समूह एडुस्टफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नवाचारी शिक्षक समागम सातत्य का शुभारंभ मेयोहॉल चौराहा स्थित सारस्वत पैलेस में करते हुए प्राचार्य डायट एवं सीटीई अशोक कुमार सिंह ने कहा कि टीम एडुस्टफ उत्तर प्रदेश के प्रयास सराहनीय व अनुकरणीय है , ऐसे नवोन्मेषी शिक्षकों के प्रयासों से पूरे प्रदेश में बेसिक शिक्षा को एक नई पहचान हासिल हो रही है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए बतौर मेजबान प्रयागराज के कार्यों एवं एडुस्टफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि प्रयागराज की धरती पर प्रदेश भर के नवाचारी शिक्षकों का जुटान हो रहा है और इसके द्वारा हम सब एक दूसरे से कुछ नया सीखने और उसे अपने विद्यालय व अपने जनपदों में लागू करने हेतु प्रयास करेंगे।

प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने कार्यों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी, अपने नवोन्मेषी प्रयासों एवम किए जा रहे कार्यों यथा छात्र उपस्थित ,नामांकन, अधिगम संप्रति ,समुदाय के सहयोग, निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए अलग-अलग तरह के प्रयासों से किस प्रकार से अपने विद्यालय और जनपद में प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाया है इसका प्रस्तुतिकरण किया गया।



इस इस अवसर पर बीच-बीच में शिक्षकों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स ज़रूरका भी प्रदर्शन किया गया जिसका अवलोकन एवं उसमें प्रस्तुत चार्ट पोस्ट लाइव ऑडियो विजुअल सामग्री को देखकर लोग मन्त्र मुग्ध हुए।

प्रथम दिवस जनपद आजमगढ़, भदोही, महोबा, जौनपुर, प्रयागराज, कासगंज, सहारनपुर, कन्नौज, बाराबंकी, बदायूं, बिजनौर के शिक्षकों ने अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिए। दूसरे दिन कन्नौज, इटावा, अलीगढ़, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, उन्नाव, कुशीनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, खीरी, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात,बाराबंकी के प्रतिभागी शिक्षकों ने अपनी पीपीटी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित राज्य शैक्षिक प्रबंधन संस्थान के निर्देशक दिनेश कुमार सिंह आंग्ल भाषा संस्थान के प्राचार्य स्कन्द शुक्ल ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## ठंड से निजात दिलाने के लिए अलाव जलाये जाने की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शीतलहर के साथ कोहरे युक्त सर्दी के प्रारंभ होने से लोगों ने अपने गर्म कपड़े निकालने के साथ अलाव का सहारा लेना शुरू किया। वहीं नगर पंचायत बकेवर व लखना सहित तहसील प्रशासन भर्थना से अलाव जलाये जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। शीतलहर के साथ कोहरे युक्त सर्दी प्रारंभ हो गयी है। धूप भी अब आंख मिचौली करने लगी है। जिसके चलते लोगों को अब गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। वहीं इसके साथ ही अलाव का भी सहारा लेने लगे हैं। लेकिन इसके साथ ही उन गरीब, असहाय, बेसहारा,घुमन्तु लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। जिनके पास पहनने को गर्म कपड़े भी उपलब्ध नहीं हैं। इस स्थिति में जिला प्रशासन को चाहिए कि इन लोगों के लिए नगर पंचायत बकेवर व नगर पंचायत लखना सहित तहसील प्रशासन भर्थना से अलाव जलबाने की मांग की है। जिससे इन लोगों को सर्दी में अलाव का सहारा मिल सके।

# वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रातः सुबह 10:00 बजे से वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 42 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में टायर इंडस्ट्रीज, मदरसन शूमी सिस्टम, न्यू एलनबेरी वर्क ग्लोबल सर्विस, साहू मोटर्स, सैमसंग इलेक्ट्रिक, हिंदुस्तान ऑटो स्पेयर पार्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि कंपनियों ने वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग किया।

उपरोक्त कंपनियों हेतु जनपद में कुल 1968 युवक/युवतियों नें साक्षात्कार दिया जिसमें से कुल 1131 अभ्यर्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी नें फीता काटकर किया। इस मौके पर सीडीओ चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, उपायुक्त उद्योग, सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने सोहित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पत्रकार सोहित द्विवेदी को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि 0) की जिम्मेदारी दी गई है उनके मनोनयन से साथी पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई है और पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया है राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ( रजि 0 ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा तथा प्रदेश अध्यक्ष तथा आशीष द्विवेदी जिलाध्यक्ष महोबा की संस्तुति पर उन्हें संगठन का जनपद महोबा से वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहित द्विवेदी ने संगठन का आभार ब्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे साथी पत्रकारों ने भी उन्हें बधाई देते हुए मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया सोहित द्विवेदी काफ़ी समय से निष्पक्ष और बेहतर पत्रकारिता कर रहे है वरिष्ठ पत्रकार कैलाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहित द्विवेदी काफ़ी समय से अपना जीवन निष्पक्ष पत्रकारिता कर समाज की सेवा कर रहे है और अपने घर परिवार को त्याग कर पत्रकारिता कर रहे हैं इस अवसर पर दीपक शर्मा जिला प्रभारी आशीष द्विवेदी जिलाध्यक्ष धरम वीर सेन ओपेन्द्र द्विवेदी श्याम जी तिवारी आनंद तिवारी उमाशंकर कुशवाहा आमिर बलालचंद्र वर्मा अस्पाक शाह अशोक पाटकार आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## अखिलेश ने दो जमीनी कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई क्षेत्र के दो जमीनी कार्यकर्ताओं पर पुनः विश्वास जताते हुए उन्हें दोबारा कमान सौंपी है। ग्राम पंचायत पिडारी के पूर्व प्रधान रामनरेश यादव को जसवंतनगर विधानसभा का समाजवादी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं संतोष कुमार शाक्य पूर्व प्रधान बिहारी भटपुरा को पुनः सैफई ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है। दोनो पदाधिकारी ने सपा संरक्षक स्व. मुलायम सिंह की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। रामनरेश यादव पूर्व में वर्ष 1997 से वर्ष 2007 तक में सपा के ब्लॉक अध्यक्ष, 2007 से 2011 तक विधान सभा उपाध्यक्ष, वर्ष 2011 में विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त किए गए। और वर्ष 2023 में पुनः जसवन्तनगर विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त किया है। संतोष कुमार शाक्य पूर्व में वर्ष 2002 में जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, 2005 में जिला सचिव समाजवादी पार्टी, 2007 ब्लॉक अध्यक्ष सैफई रह चुके है। उसके बाद वर्ष 2019 में हटाकर प्रेम सिंह बोझा को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद पुनः अखिलेश यादव ने सैफई ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि वह पार्टी के समर्पित सिपाही है। और अखिलेश यादव के निर्देशन में जी जान से 2024 की तैयारी में जुटेंगे। रामनरेश यादव व संतोष शाक्य को कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। इस दौरान गनेश फौजी, विजय यादव, दुर्वेश शाक्य, सीताराम शाक्य, आदेश यादव सेक्टर प्रभारी, अमलेश यादव, अरविंद यादव, सीटू यादव, नवनीत यादव, मोहित शाक्य, अनुराग यादव, रामू यादव, पुनीत पाल, राजेश यादव हवाई पट्टी सहित काफी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूर्य के दर्शन न होने से दिनभर रही कड़ाके की ठंड



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** दिसंबर माह के अंतिम पड़ाव में सर्दी अपने पूरे शबाब पर पहुंच गई है। जहां शुक्रवार को सुबह से ही सूरज के नमन न होने से दिनभर शीतलहर चलने से ठंड बढ़ गई जिसमे लोग ठिठुरते दिखाई दिए। तो वहीं व्यापारी लोग अपनी दुकानो के बाहर अलाव जलाकर सर्दी से बचने के प्रयास में लगे रहे। शीतलहर के चलते चल रही बर्फीली हवाओं से लोग शाम होते ही घरों में कैद हो जाते हैं, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। इस समय पूरे क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजनमानस का जीना दुश्वार हो गया है। इस भीषण गलन भरी सर्दी से निजात पाने के लिए लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से निजात पाने की कोशिश में लगे हुए हैं। तो वहीं गरीब वर्ग के लोग सर्दी से बचाव के लिए कंबल की तलाश में इधर उधर भटकते दिखाई पड़ रहे हैं, लेकिन इस वर्ष कहीं कंबल वितरण न होने से गरीबों के चेहरे में मायूसी दिखाई दे रही है। वहीं नगर के हैदरगंज, हुसैनगंज, कमराहा, उपरौस, चौधराना आदि मोहल्लो में जगह जगह लोग अपने पास से आग जलाकर बड़ी संख्या में अलाव तापते हुए सुबह से शाम तक दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन नगरपालिका मुख्य चौराहो के अलावा नगर के किसी भी मोहल्लो में अभी तक लकड़ी देने की शुरुआत नहीं की है। जिससे नगरवासियों में नगरपालिका के प्रति थोड़ी नाराजगी दिखाई दे रही है।



## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का होगा लाइव प्रसारण

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिसे देखने के लिए घर घर जाकर बीजेपी और सहयोगी दलों ने लोगों को जाग्रत करने का काम कर रहे है। शुक्रवार को जनजागरण यात्रा सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसमरी सहित अन्य आसपास के गांवों में निकाली गई और लोगों को घर घर जाकर हल्दी और पीले चावल दिए गए। इस दौरान धनंजय सिंह, दिनेश, रंधावा, अनुजेंद्र, अक्षय, रामतीर्थ, ज्ञान चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कबरई से कबरई बांध तक के रोड के निर्माण का प्रकरण उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रकरण में अपने मुख्यालय स्तर से आवश्यक कार्रवाई कराते हुए धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कबरई क्षेत्र में प्रदूषण को देखते हुए एंटी स्मोक मशीनों को लगवाने का कार्य उद्यमियों द्वारा आपसी सहयोग से किया जाए, जिससे जनपद का वातावरण स्वच्छ कराया जा सके। उन्होंने विद्युत के संबंध में कबरई क्षेत्र में रोस्टर को ठीक करने हेतु विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि पुनः पत्र अपने मुख्यालय को भेजा जाए। रोजगार योजनाओं के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि शासन के मानक के अनुसार समस्त योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया सुरक्षा के प्रति आश्वस्त

**इटावा।** जनपदीय कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# रमईपुर-कबरई फोरलेन निर्माण के लिए मिली पर्यावरण मंजूरी




## कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा के 96 गांवों से होकर निकलेगा हाईवे

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित कानपुर-कबरई फोरलेन समानांतर हाईवे निर्माण के लिए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एनओसी मिल गई है।

यमुना एक्सप्रेस वे की तर्ज पर तैयार होने वाला यह 112 किमी लंबा हाईवे कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा से होकर गुजरेगा। हाईवे से लखनऊ-कानपुर से हमीरपुर होते हुए छतरपुर के रास्ते भोपाल तक आवागमन आसान हो जाएगा। साथ ही नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर लगने वाले जाम से राहगीरों को निजात भी मिलेगी। कानपुर-सागर हाईवे टू लेन होने के कारण आए दिन दुर्घटना व जाम की समस्या से लोगों को सामना करना पड़ता है।

दुर्घटनाओं व जाम से निजात के लिए रमईपुर से कबरई तक 3700 करोड़ की लागत से 112 किलोमीटर लंबे फोरलेन समानांतर हाईवे बनाने की योजना तैयार की गई थी। कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा से होकर गुजरने वाले हाईवे के लिए एनएचएआई ने पर्यावरण मंत्रालय से एनओसी की मांग की थी, जो पूरी हो गई। एनएचएआई प्रोजेक्ट मैनेजर अर्जुन ढांगे ने बताया कि फोरलेन निर्माण के लिए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एनओसी जारी कर दी गई। भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित 96 गावों में करीब 3700 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए अलाइनमेंट रिपोर्ट भी मुख्यालयों को भेजी जा चुकी है। अलाइनमेंट रिपोर्ट आते ही भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी की जाएगी।

### इन गांवों के समीप से निकलेगा हाइवे

समानांतर हाइवे निम्न गांवों के पास से निकाला जायेगा। इसमें कानपुर नगर के शंभुआ, कठेरूआ, काकोरी, चौराई, हड़हा, छौकी, किशुनपुर मंझावन, खेरसा, कठुई, मगरासा, रमईपुर, बाजपुर, लुधौरी, हाजीपुर, शुंभआ दो तथा घाटमपुर तहसील के बरौली, रायपुर, पड़री लालपुर, सतरहुली, सरांय, सिरोह, भदेवना, छाजा, रामसारी, मिर्जापुर, कुम्हेड़िया, ओरिया, बम्हौरा, इटर्रा, गुच्चुपुर, परास प्रथम खंड, कोरिया पश्चिमी, कोहरा, सजेती, बम्हौरी, चितौली, अनोइया, बावन, मदुरी, बरीपाल, असगहा, पड़री गंगादीन, सिरसा, कंधौली, धरछुआ, मैधरी, असवार मऊ, समुही, लहुरीमऊ कासिमपुर, परास द्वितीय खंड, कोरिया पूर्वी के साथ फतेहपुर जनपद की बिंदकी तहसील के परसेंढ़ा एहतमाली, परसेंढ़ा मुस्तकिल, गंगूपुर, श्यामपुर गांव शामिल हैं। इसी तरह हमीरपुर जनपद की सदर तहसील के देवगांव, गहतौली, जलाला, पचखुरा बुजुर्ग, टेढ़ा, अराजी मुतनाजा पंधरी, पढ़ौली, पारा, इटरा, चंद्रपुरवा बुजुर्ग, भौनिया, पत्योरा दरिया, पत्योरा डांडा व मौदहा तहसील के परछा, अरतरा, सढ़ा, अखईपुर, करहिया, गिधरस, मदारपुर, छिमौली, छिरका, अकोना, रतवा, मौदहा, रीवन गांव के साथ महोबा जनपद के खन्ना, चिचारा, बंहिगा, बरबई, गौहारी, कबरई, मरहठी, बघवा, कैमाहा, रिवई सुनैचा, बीला उत्तर, नहदौरा माफ, बरम्हौली, कहरा, मरहठी को शामिल किया गया है।

### समानांतर हाईवे पर 100 किमी होगी वाहनों की रफ्तार

112 किमी लंबे हाईवे की सुविधा ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले इसके लिए एनएचएआई हर प्रमुख मार्ग से हाईवे को जोड़ने का कार्य कर रहा है। समानांतर हाईवे पर 14 स्थानों से वाहन स्वामी प्रवेश व निकासी कर सकता है। समानांतर हाईवे का डिजाइन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहनों को चलने के लिए तैयार किया जा रहा है। साथ ही हाईवे पर वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए पांच कंट्रोल रूम तैयार किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की असुविधा पर हाईवे पर तैनात पेट्रोलिंग पार्टी सुविधा मुहैया कराएगी। समानांतर हाईवे पर जितना प्रयोग-उतना टैक्स के आधार पर वाहन स्वामियों से टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। इसके लिए सभी प्रवेश द्वारों पर बैरियर टोल का प्रावधान रहेगा।

### बनाए जाएंगे चार बड़े और छह छोटे पुल

**भरुआ सुमेरपुर।** इस हाईवे को बनाने के लिए चार बड़े, छह छोटे पुल बनेंगे। साथ ही चार फ्लाईओवर और एक रेलवे ओवरब्रिज होगा। कुल 21 अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि लोगों को हाईवे क्रॉस करने में आसानी हो।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को प्रातः 10 बजे जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला/प्रदर्शनी /गोष्ठी, फल/शाक भाजी-शो का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय में किया जाएगा। इसी प्रकार समस्त विकास खंडों में भी किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विकासखंड कुरारा, सुमेरपुर एवं सरीला में विकास खंड परिसर में आयोजित किया जाएगा।

# 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया गठबंधन ने धरना प्रदर्शन किया

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार द्वारा संसद के दोनों सदनों से 142 सांसदों के निलंबन से नाराज सपा, कांग्रेस व आप पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा जिलाधिकारी को सौंपा।



सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी की अगुवाई में संयुक्त पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में पहुंचकर जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एक्जॉड्रियम का समापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




उ.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट इवेंट एक्जॉड्रियम- 2023 का समापन विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने एक्जॉड्रियम-2023 में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर चेयरमैन स्पोर्टस एवं कल्चरल कमेटी डा. राजेश कुमार यादव, सदस्य डा. आरएस राजपूत, डा. सुशील कुमार शुक्ला, डा. दुर्गेश कुमार, डा. रवि रंजन, डा नरेश पाल सिंह, डा. कीर्ति जैसवाल, डा. राजमंगल यादव, डा. अजय गुप्ता, डा. कैलाश मित्तल, डा. विनय कन्नौजिया, डा. सोनिया विश्वकर्मा, डा. साम्भवी मिश्रा, डा. नूपुर मित्तल, डा. विनय गुप्ता के अलावा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, संकाय अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रकोष्ठ डा. आलोक कुमार दीक्षित, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, फैकेल्टी मेम्बर, चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल स्टूडेन्ट्स उपस्थित रहे। सप्ताह भर चले इस इवेंट के सफल प्रतिभागियों को इस दौरान सम्मानित भी किया गया।

वार्षिक सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट इवेंट एक्जॉड्रियम- 2023 के समापन अवसर पर बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में किसी चिकित्सक को पूरे जीवन पढ़ना तथा सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के दौरान समय-समय पर होने वाले ये आयोजन स्टूडेन्ट्स के सर्वांगिण विकास में बेहद सहायक एवं सकारात्मक होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पिछले दो दशक से चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम् शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रयासरत् हैं तथा इस दौरान यहाँ से अच्छे चिकित्सक निकल कर देश के अन्य भागों में बेहतर सेवायें प्रदान कर रहे हैं। एक्जॉड्रियम-2023 के सफल आयोजन पर उन्होंने फैकेल्टी मेम्बर तथा स्टूडेन्ट्स को बधाई दी।

चेयरमैन स्पोर्टस एवं कल्चरल कमेटी एक्जॉड्रियम- 2023 डा0 राजेश कुमार यादव ने विश्वविद्यालय के सभी मेडिकल स्टूडेन्ट्स को एक्जॉड्रियम- 2023 के सफल आयोजन पर बधाई दी तथा कहा कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिक स्पोर्टस एवं कल्चरल फेस्ट से स्टूडेन्ट्स तथा फैकेल्टी ने बहुत कुछ सीखा। उन्होंने स्टूडेन्ट्स की प्रस्तुतियों को सराहते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तत्कालीन डीएम पर की गई टिप्पणी हाईकोर्ट ने हटाई

## सिमनौड़ी प्रधान के अधिकार सीज करने पर हाईकोर्ट ने की थी डीएम के खिलाफ टिप्पणी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.चंद्र भूषण त्रिपाठी को एक मामले की सुनवाई में इलाहबाद हाईकोर्ट से लगाई फटकार के बाद सही आख्या प्रस्तुत होने पर हाईकोर्ट से राहत दी है। कोर्ट ने तत्कालीन डीएम के आदेश को सही मानते हुए उन पर की गई टिप्पणी को हटा दिया है।

सुमेरपुर विकास क्षेत्र के सिमनौड़ी गांव की महिला प्रधान रजनी वाल्मीकि के खिलाफ 11 में से 8 सदस्यों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ.चंद्र भूषण त्रिपाठी शिकायत की थी। जिसके बाद 18 फरवरी को डीएम के आदेश पर ग्राम प्रधान रजनी के पावर सीज कर कमेटी गठित कर दी गई थी। जिसके खिलाफ रजनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी डॉ.चंद्रभूषण को फटकार लगाई थी। उन्होंने पावर सीज करने के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि जिला मजिस्ट्रेट में न्यायिक फैसले की कमी का पता चलता है। इस आदेश की कॉपी मुख्य सचिव को भेज कर डीएम को समुचित प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। ताकि भविष्य में वह इस प्रकार का दोष न करें। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा इस आदेश को डॉ.चंद्रभूषण त्रिपाठी की सेवा पुस्तिका में दर्ज करने के आदेश दिये थे।

बुधवार को प्रतिवादी के वकील सीएससी, अभिषेक भूषण, बीके शुक्ल द्वारा 28 मार्च के आदेश में आवेदक के खिलाफ किए गए आरोपों और टिप्पणियों को हटाने की मांग करते हुए दायर किया गया है। आवेदक के वकील के तर्क को स्वीकार करते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ.चंद्र भूषण के खिलाफ की गई व्यक्तिगत टिप्पणियाँ हटा दी जाती हैं। आदेश का दूसरा भाग जारी रहेगा।

# सेंटमेरी में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

प्रभु यीशु ने दुनियां को प्रेम, शान्ति एवं दया का सन्देश दिया है,हमें उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए।हम भी उनके बताए आदर्शों पर चलें तो लोग हमारा भी अनुसरण करेंगे।








यह उद्गार व्यक्त करते हुए सेंटमेरी इन्टर कालेज में आयोजित क्रिसमस उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सम्मानीय थॉमस पडियाथ ऑक्सिलियरी बिशप इटावा राजस्थान रीजन ने सभी को क्रिसमस पर्व और नव वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि प्रभु यीशु ने सभी से दया, ममता और प्रेम करने का सन्देश दिया है, और सभी धर्मों से भी हमें यही सीख मिलती है, हमें सभी का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेंटमेरी कालेज के शिक्षकों के समर्पण,छात्रों के कमिटमेंट और अभिभावकों के सहयोग व समर्थन से मरियन हमेशा से ही एक्सीलेंट रहे हैं।उन्होंने सेंटमेरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

क्रिसमस समारोह की शुरूआत प्राइमरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना नृत्य से हुई। कालेज की वाइस कैप्टेन अनवी वाजपेई ने वेलकम स्पीच दी, तत्पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित कहानी का सजीव चित्रण किया।केजी 2 बी के छात्र शिखर चौधरी की स्पीच ने सभी का मनमोह लिया।आकर्षक वेश भूषा में सजे केजी के लिटिल सैंटा ने जिंगम वेल जिंगम वेल जिंगम आल द वेल पर एक्शन से भरपूर ग्रुप डांस को सभी ने खूब सराहा। छात्र प्रशांत द्वारा की गई स्टैंडअप कॉमेडी ने सबको खूब हसाया। इसी बीच सजे धजे छोटे बड़े सैंटा की धमाकेदार इंट्री के साथ सैंटा क्लॉज ने हाथ हिलाकर मंच पर आकर सभी का अभिवादन करते हुए समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी को क्रिसमस की बधाई दी। सैंटा क्लॉज ने लकी विनर बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दिए।इसी क्रम में चुने गए भाग्यशाली शिक्षकों और अन्य स्कूली कर्मचारियों को भी सैंटा ने पुरस्कार दिए। सेंटमेरी के सीनियर बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन झूमो नाचो खुशी से आज यीशु पैदा हुआ है पर आधारित नाटिका के सजीव चित्रण ने सभी की वाहवाही बटोरी। सीनियर बच्चों के धमाकेदार ग्रुप डांस पर सभी थिरक उठे। सेंटमेरी के प्रांगण में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया और और बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्रिसमस ट्री व स्टार प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।मुख्य अतिथि थॉमस पडियाथ को प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ, मैनेजर फादर बिंसन,वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, सिस्टर जोशमिन व हेड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना ने प्रतीक चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया।

सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने सभी को मेहनत,लगन के साथ अपना काम करने व प्रेम और भाईचारे के साथ मिलकर रहने का सन्देश देते हुए क्रिसमस पर्व और नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। क्रिसमस समारोह की खूबसूरत एंकरिंग सौहार्द, स्तुति और तपस्या ने की। अन्त में जूनियर हाउस कैप्टन अहाना राज अवस्थी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी कक्षाओं में बच्ची को चाकलेट वितरित की गईं। सेंटमेरी परिवार के सराहनीय योगदान से क्रिसमस का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# मीटिंग में खनिज न्यास निधि से अनुमोदित प्रस्तावों पर हुई चर्चा

▸ खनिज रायल्टी के प्राप्त होने वाले अंशदान केन्द्रीयकृत खाते में किया जा रहा हैं जमा



जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की मीटिंग लेते जिलाधिकारी राजेश पांडेय

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में व विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन की मौजूदगी में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि खनिज न्यास निधि में उपलब्ध निधियों के प्रयोग हेतु व्यय का प्रयोजन अनुमोदित प्रस्ताव पर उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र में 60 प्रतिशत, अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र में 40 प्रतिशत एवं न्यास के प्रशासनिक व्यय कर 5 प्रतिशत किये जाने का प्रावधान हैं।

खनिज रॉयलटी के प्राप्त होने वाले अंशदान केन्द्रीयकृत खाते में जमा किया जा रहा हैं, जिसको खनिज प्रभावित क्षेत्रों में निकास हेतु खर्च किया जाना हैं इसके लिये सभी संबंधित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गयी। सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, खनिज विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग के प्राप्त प्रस्तावों को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। उच्च प्राथकिता वाले क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रस्ताव पर 1 जेनरेटर 250 केयूएस थ्री फेस लागत 19.50 लाख को अनुमोदित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला महिला चिकित्सालय में मेंटरनल एण्ड न्यूबोर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) की स्थापना हेतु लागत धनराशि 2396120 को अनुमोदित किया गया। उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अन्तर्गत खान अधिकारी के प्रस्ताव पर खनिज चौक गेट बंगरा में बिजली संयोजन व्यय 37004 व 1500 रुपए बीएल फाईल तैयार कराये जने पर कुल व्यय 38504 एवं उनके मासिक बिलों के भुगतान तथा चौक गेट ज्ञान भारती जोल्हूपुर के बिजली भुगतान पर चर्चा की गयी। अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस पर डकोर कट पर चौक गेट की स्थापना, ग्राम रगौली में प्रस्तावित सेन्ट्रल पीवेट सिस्टम तक के लिये 11 लाइन शिफ्ट करने की लागत 1,41,429 हैं। ग्राम रगौली में प्रस्तावित सेन्ट्रल पीवेट सिस्टम तक 0.750 मीटर मार्ग का नवीनीकरण कार्य लागत 64.71 लाख हैं। उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अंतर्गत विकास खण्ड डकोर के ग्राम खरका के विद्यालय में कक्ष टाईलीकरण, कक्ष टाईलीकरण, बालक मूत्रालय, समरसेवल नल जल अपूर्ति, विकास खण्ड कदौरा के प्राथमिक विद्यालय क्योटरा में दिव्यांग शौचालय, रेम्प एवं रेलिंग, कक्ष वायरिंग, फर्नीचर डेस्क बेंच, चाहरदिवारी का उच्चीकरण एवं मुख्य गेट का निर्माण कराया जायेगा।

# सोनभद्र बार एसो. की महिला अध्यक्ष बनी पूनम सिंह

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



वर्ष 2023-2024 के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र भवन में हुई नौ राउंड की गणना में सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र की पहली महिला अध्यक्ष पूनम सिंह निर्वाचित हुई। वहीं महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लालता प्रसाद पांडेय तथा कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार पांडेय निर्वाचित हुए हैं। एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र एडवोकेट ने सभी विजयी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने अपना कार्यभार संभाल लिया। उधर समर्थकों ने विजयी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई देते हुए एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने शांतिपूर्ण मतदान सकुशल संपन्न होने पर सभी का आभार जताया है। बता दें कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे मतगणना कार्य शुरू हुआ और कुल 836 मतों की गणना के लिए 9 राउंड का समय लिया गया। 8 राउंड में प्रति राउंड 100 मतों की गिनती हुई, जबकि अंतिम और नौवें राउंड में महज 36 मतों की गिनती हुई। पहला राउंड का परिणाम आया तो उसमें अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार मिश्र को 31 मत और पूनम सिंह को 30 मत मिले थे।

# सीएचसी परिसर में लगी गंदगी, उठ रहे दुर्गंध



**दुद्धी, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में बेहतर स्वास्थ सेवाएं एवं स्वच्छता को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत हैं और हर साल स्वच्छता पर लाखों रूपये खर्च किए जा रहें हैं ताकि स्वस्थ रहन-सहन के साथ मानव जीवन चल सके लेकिन दुद्धी सरकारी अस्पताल के पिछले हिस्से पश्चिम साइड में लगे कूड़े कचरे के अम्बार स्वच्छता अभियान को मुँह चिढ़ाते हुए नजर आ रहें हैं तो वहीं बजबजाती गंदगी संक्रामक रोगों को भी दावत दे रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुद्धी सरकारी अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के पश्चिम साइड में कूड़े कचरे का ढेर लगा हैं तो वहीं बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे बगल में चलने एक निजी स्कूल के छोटे छोटे बच्चों को दुर्गन्ध से आना जाना मुश्किल हो जाता हैं। अस्पताल के ठीक पीछे कूड़ा कचरा कहा से आता हैं ? यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ हैं। कुछ का मानना हैं कि अस्पताल से भी साफ सफाई के बाद कूड़े फेंक दी जाती हैं तो कुछ लोगों का कहना हैं कि बाहर से भी लोग कूड़ा फेंक देते हैं जिससे कूड़े कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा हैं। अस्पताल के पीछे लगे कूड़े कचरे के ढेर से एक तरफ जहाँ पढ़ने वाले छोटे छोटे बच्चों को दुर्गन्ध से दो चार होना पड़ रहा हैं तो वहीं रहवासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डॉ शाह ने बताया कि बाउंड्री के अंदर प्रतिदिन साफ सफाई कराई जाती हैं। अस्पताल के पश्चिम साइड में बाउंड्री क्षति ग्रस्त होने के कारण कुछ बाहरी लोग भी कूड़े फेंक दे रहें हैं। इसको लेकर कई बार मना किया गया हैं और बाउंड्री बनवाने के लिए प्रयास किया जा रहा हैं।

# तीन नफर वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय



**करमा, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

तीन नफर वारंटी 1.टन्नू पुत्र स्व0 राज दुलारे निवासी मदैनिया थाना करमा सोनभद्र मु0अ0सं0 5/14 धारा 323,325,504 भादवि 2. लल्लन यादव पुत्र लक्ष्मण निवासी बारी महेवा थाना करमा सोनभद्र ,मु0नं0 1919/18 धारा 323 भादवि 3. जमील अली पुत्र लियाकत अली निवासी सिरसिया ठकुराई टोला रामपथरा थाना करमा सोनभद्र मु0 नं0 112/23 धारा 125(3) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रा0गंज रवाना किया गया।

## चेकिंग के दौरान मौरम व भूसा लदे पांच ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार की सुबह व्यापार कर व परिवहन विभाग की टीम ने अलग अलग चेकिंग अभियान चलाया। व्यापार कर की टीम ने सरसों के तेल के वाहन को पकड़ा और परिवहन विभाग की टीम ने बालू व भूसा के ओवरलोड पांच ट्रकों को पकड़ा है, जिन पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी एमपी सिंह ने शुक्रवार को बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने मध्य प्रदेश से सरसों के तेल को लेकर आ रहे पिकअप को पकड़ा।

जब चालक से कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा पाया। इस पर टीम ने पिकअप को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पकड़ी गई पिकअप में प्लास्टिक की लगभग 100 कैन रखी हैं जिसमें 30-30 लीटर सरसों का तेल भरा हुआ है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चपरा वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 22/12/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत चपरा की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 23/12/2023 से दिनांक 29/12/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 29/12/2023 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | हंसराम की झोपड़ी से बरगद तक नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डामर रोड से गोपीनाथ के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.82 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**(आशाराम)** ग्राम प्रधान-चपरा, राजेपुर
**(मुनीश यादव)** सचिव-चपरा, राजेपुर

## जर्जर निष्प्रयोज्य भवन नीलामी सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जि0बे0शि0अधि0 फर्रु0 के पत्रांक SSA/ निर्माण 2931-96/2023-24 दिनांक 03/12/2023 के आदेशानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0क्षे0 बढ़पुर की मौजूदगी में निम्न विद्यालयों की नीलामी निम्न तिथियों में दिये गये स्कैप वैल्यू तथा समयानुसार होनी है।

1- 27/12/2023-प्रा0वि0 जसमई (4 अतिरिक्त कक्ष)- सुबह 11 बजे, (3,43,000/-)
-उ0प्रा0वि0 अमेठी कोहना - अपरान्ह 01 बजे, (1,72,000/-)
2- 28/12/2023-क0प्रा0वि0 कलौली महबुल्लापुर - सुबह 11 बजे, (2,12,000/-)
3- 29/12/2023-प्रा0वि0 जैतपुर (मीना मंच कक्ष) - अपरान्ह 01 बजे, (1,68,000/-)
-उ0प्रा0वि0 जैतपुर (पुराना भवन) - सुबह 11 बजे, (1,10, 000/-)
4- 30/12/2023-उ0प्रा0वि0 चौसपुर (एक कक्ष) - सुबह 11 बजे, (52,000/-)
-कम्पो0वि0 गढ़िया (उ0प्रा0 भवन) - अपरान्ह 01 बजे, (4,08,000/-)

उपरोक्त विद्यालयों की स्क्रैप वैल्यू का 10 प्रतिशत नीलामी से पूर्व जमा करना होगा। शेष राशि भवन तोड़कर मलवा उठाने से पूर्व एक माह में जमा करना होगा। शेष शर्तें विद्यालय में नीलामी से पूर्व बता दी जायेगी। कार्यवाही विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

भवदीय
समस्त विद्यालयों के
प्रधानाध्यापकगण


# खबरें एक नजर में

## बजाज चीनी मिल ने किया संपूर्ण गन्ना मूल्य का भुगतान




**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर।** बजाज चीनी मिल इंटई मैदा उतरौला के यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि पिछले वर्ष 2022-23 में खरीदे गए गन्ना का संपूर्ण भुगतान कर दिया गया है। तथा इसके साथ ही चालू पेराई सत्र 2023-24 का गन्ना भुगतान इसी सप्ताह प्रारंभ कर दिया जाएगा। पिछले वर्ष का बाकी 2.60 करोड रुपए आज भुगतान कर दिया गया है । इटई मैदा चीनी मिल ने पिछले वर्ष करीब 32 लाख कुंतल गन्ना क्रय किया था। जिसका करीब 109 करोड रुपए भुगतान किया गया है।यूनिट हेड ने किसान भाइयों अपील किये कि साफ सुथरा छिला गन्ना ज्यादा से ज्यादा आपूर्ति कर चीनी मिल का सहयोग करें।

## 105 वाहनों से वसूले 10 लाख रुपये जुर्माना



**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में परिवहन विभाग ने सात दिनों में यातायात नियमो की अनदेखी करके वाहन चलाने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 105 वाहनों पर करीब दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है साथ ही साथ चेकिंग में बीस वाहनों को ओवरलोडिंग में सीज कर दिया है 15 से 31दिसंबर तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में सहायक संभागीय परिवान विभाग ने 21दिसम्बर तक बिना हेलमेट बिना,बिना लाइसेंस, गलत पार्किंग ट्रिपलिंग करने नाबालिक द्वारा वाहन चलाने व डिजाइन वाला नंबर प्लेट लगाकर वाहन संचालित पाए जाने पर अब तक 105 वाहनो पर चालान करते हुए करीब दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है एआरटीओ रविंड कुमार यादव ने बताया कि लगातार वाहनो की चेकिग की जा रही है लोगो को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की सही जानकारी देने के लिए एक प्रचार वाहन लगातार जिले में जगह जगह जाकर लोगो को सड़क पर वाहन चलाने और यातायात नियम का पालन कैसे करना है इसके बारे में जागरूक कर रही है उन्होंने बताया कि अभियान में अब तक बीस वाहनो को क्षमता से अधिक भार लदे पाए जाने पर सीज भी कर दिया गया है।

## प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद होने पर दिया नोटिस

**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर पालिका एवं नगर पंचायत नदीगाँव प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अभियान चलाकर प्रतिबंधित पॉलिथीन पकड़ी गयी। दुकानदारों को नोटिस थमाकर उनसे जुर्माना वसूला गया। कोंच नगर में सफाई निरीक्षक हरी शंकर निरंजन की अगुवाई में पालिका कर्मी संजय, अनिल, अमित, शिवम, राजा, पवन आदि ने नगर के अलग अलग इलाकों में छोटी बड़ी दुकानों सहित सब्जी की दुकानों और हथठेलों पर पॉलिथीन पकड़ी। कुल 6 दुकानदारों के यहां पर ढाई किलो पॉलिथीन पकड़े जाने पर उन्हें जुर्माना अदा करने के लिए नोटिस थमा दिए गए। उधर, नदीगांव कस्बे में अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य ने कर्मचारियों संग मिलकर दुकानों की चेकिंग की। एक दुकान पर साढ़े 3 किलो पॉलिथीन मिलने पर उनसे 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता की परख हेतु कराई गई दौड़। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गयी।

तत्पश्चात द्वारा परेड में उपस्थित यूपी 112 के वाहनो में दँगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरण चेक किए गए । तथा यूपी-112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु दिशा निर्देश भी दिए गए। द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड ,जीडी कार्यालय, कैंटीन, परिवहन शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की साफ-सफाई चेक की गई।आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी परिसर, ओपन जिम आदि का भी निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में आवासीय परिसर तथा नवनिर्मित आवासीय भवनों की साफ-सफाई, मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। तथा निर्माणाधीन आवासीय भवनों के अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन बिहारी सिंह यादव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, माँ ही निकली बेटी की मौत का कातिल

**बलरामपुर।** अनीता की प्रताड़ना से तंग आकर चंदा ने सागवन के पेड़ से साड़ी का फंदा लगाकर की थी आत्महत्या पुलिस ने अनीता को गिरफ्तार कर धारा 306/211 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना किया। पचपेडवा के भाथर ग्राम पंचायत के मजरा नेटहवा में 16 वर्षीय चंदा की हत्या का मुकदमा उसकी मां अनीता पत्नी सर्वजीत चौहान ने थाना पर तहरीर देकर दर्ज कराया था। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विवेचना में पुलिस को मृतका की मां अनीता पर संदेह होने पर को अनीता को नेटहवा से भाथर पुल जाने वाले खड़जा मार्ग पर पुल से पहले खड़जे पर से गिरफ्तार किया प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि अनीता ने बताया कि 19 दिसंबर को मृतका चंदा व उसकी बहन गुंजा के बीच सिलाई मशीन चलाने को लेकर झगड़ा हुआ था जिसपर हमने चंदा को डांटा फटकारा एवं दो तीन झापड़ मार दिया था उसके बाद मै खेत में काम करने चली गई थी उसके बाद मेरी बेटी पिता को खाना देने तथा एक पीली साड़ी लेकर घर से निकली थी पिता को खाना देने के बाद अनवर के सागवन के बाग में सागवन के पेड़ से साड़ी का फंदा गले में लगातार आत्महत्या कर ली थी, अनीता की प्रताड़ना से तंग आकर चंदा ने सागवन के पेड़ में साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी अनीता ने अपनी पुत्री को खोजते हुए सागवन की बाग में गई।


## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200 Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1432/ निविदा / 138 दिनांक : 12.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **कलेक्ट्रेट (आवासीय)** भवन जनपद फर्रुखाबाद में अनुरक्षण कार्य हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 15/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक

## कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट-43, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज

उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) फर्रुखाबाद (मुख्यालय कन्नौज)
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
पता- निकट पी0डब्लू0डी0 आफिस, गोल कुँआ, तिर्वा रोड, कन्नौज-209727
Mobile No. 9452532461, 8543931200 Email :-pm43fbd@gmail.com
पत्रांक : 1433/ निविदा / 139 दिनांक : 12.12.2023

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जनपद फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज के अनावासीय भवन में अनुरक्षण कार्य** हेतु सी0एण्ड डी0एस0 में यथोचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 15/12/2023 से दिनांक 26/12/2023 के मध्य कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा निविदा दिनांक 26/12/2023 को 17:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(कौशलेन्द्र राठौर)
परियोजना प्रबन्धक


# परिवार रजिस्टर के लिए अब भटकना नही पड़ेगा

**उतरौला, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

परिवार रजिस्टर नकल के लिए अब नगर वासियों को भटकना नहीं पड़ेगा। बता दें कि पिछले कई वर्षों से आदर्श नगर पालिका परिषद ने परिवार रजिस्टर नकल जारी करना बंद कर दिया था। नगर पालिका से परिवार रजिस्टर नकल न मिल पाने के कारण लोगों के तमाम काम नहीं हो पा रहे थे। नगर के बासिंदे परिवार रजिस्टर नकल लेने के लिए हफ्तों जिला मुख्यालय का चक्कर काटते थे। परिवार रजिस्टर नकल जारी न होने से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि नगर पालिका के बोर्ड मीटिंग में चेयरमैन सविता गुप्ता द्वारा प्रस्ताव रखा गया था कि नगर पालिका से ही परिवार रजिस्टर नकल जारी किया जाए। जिस पर सभासद ऐमन रिज़्वी सहित नगर के सभी सभासदों ने भी सहमति जताई थी। जिस पर चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने जिला अधिकारी से अनुरोध भी किया था। अनूप गुप्ता के काफी प्रयास के बाद परिवार रजिस्टर की नकल जारी होने का आदेश पारित होने के बाद सभासद दुर्गा प्रसाद, राजेंद्र सैनी, मोहम्मद शरीफ, शकील, हैदर कुरैशी, नीरज गुप्ता सहित नगर वासियों में हर्ष है।

## मांगने पर पत्नी ने नहीं दिये रुपये, पति ने की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पति द्वारा पत्नी से रुपये मांगने और पत्नी के रूपये न देने पर गाली गलौज कर पत्नी के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी हिना ने पुलिस को बताया कि उनके पति फैजान आए दिन उससे रुपये की मांगते रहते हैं। घरखर्च ही मुश्किल से चल रहा है ऐसे में वह उनकी रुपयों की मांग को कैसे पूरा कर सकती है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह पति उससे रुपये मांग रहे थे। जब उसने बताया कि उसके पास रुपये नहीं है इसलिए वह उसे रुपये नहीं दे सकती है।

**समस्या** — किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे मवेशी,जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में

# खेतों में हरी भरी फसल नष्ट कर रहे छुट्टा जानवर,किसान परेशान

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



स्थानीय ब्लॉक श्रीदत्तगंज क्षेत्र में कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा जानवरों का आतंक फैला हुआ है। छुट्टा जानवर झुंड में खेत में पहुंचकर किसानों की हरी-भरी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। बता दें कि एक तरफ सरकार छुट्टा जानवरों को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है,लेकिन विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। सरकार की मंशा पर जिम्मेदार पलीता लगाते हुए देखे जा रहे हैं। जिम्मेदार प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के उदासीनता के चलते बड़ी संख्या में छुट्टा जानवर इधर-उधर किसानों के खेतों में दिन रात हरी भरी फसलों को नष्ट करते हुए आए दिन देखे जाते हैं,जिससे किसानों की नींद उड़ी हुई है और रात हो या दिन किसानों को खेतों में ही रहना होता है। क्योंकि आखिर अपने खून पसीने से उगाई गई खेत की फसलों को जो बचाना है।

कहने को तो विकासखंड के गाय डीह, गौर गुमडी, में गौशाला संचालित हैं,फिर भी छुट्टा जानवरों,गौवंशो का झुंड किसानों के खेतों में हरी भरी फसल को नष्ट करते हुए देखा जाता है। आखिर कैसे छुट्टा जानवरों पर अंकुश लगाया जा रहा है यह अपने आप मे ही यक्ष प्रश्न है। यही नहीं जिले के आलाधिकारियों से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है और सब कुछ जानते हुए मौन हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक ना कैटल कैचर दिखा और न ही चिकित्सा हेतु पशुओं को ले जाने वाली गाड़ी दिख रही है। इससे आये दिन निराश्रित गौवंश कहीं सड़को पर दिखते हैं तो कहीं किसानों के खेतों में उनकी फसलों को तबाह करते दिखाई पड़ रहे हैं। क्षेत्रीय किसानों चन्द प्रकाश,विनय कुमार, ओम प्रकाश, शिवा नंद, शिव प्रसाद ने उच्चाधिकारियों से इस गंभीर समस्या से अतिशीघ्र निजात दिलाये जाने की मांग की है।


## नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान् चकबन्दी अधिकारी महोदय सदर रायबरेली वाद संख्या 1561 सन् 2006 ई. समरबहादुर सिंह वादी/प्रार्थी

**बनाम**

**शिवसिंह आदि** प्रतिवादी/विपक्षी बनाम श्री अमरनाथ सिंह पुत्र शिवहर्ष सिंह ग्राम खेखा परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादिनी आशा सिंह की ओर से ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 9क (एच आदि) अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 28 ................. माह 12 सन् 2023 ई. को दिन में ........... बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक.......... माह ..........सन्................ई. को जारी की गयी।

**दिनांक.............**

**हस्ताक्षर प्रार्थी.................**
**आदेशानुसार**
**न्यायालय हस्ताक्षर**



## नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान् चकबन्दी अधिकारी महोदय सदर रायबरेली वाद संख्या 1561 सन् 2006 ई. समरबहादुर सिंह वादी/प्रार्थी

**बनाम**

**शिवसिंह आदि** प्रतिवादी/विपक्षी बनाम श्री अमरनाथ सिंह पुत्र शिवहर्ष सिंह ग्राम खेखा परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादिनी आशा सिंह की ओर से ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 9क (एच आदि) अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 28 ................. माह 12 सन् 2023 ई. को दिन में ........... बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक.......... माह ..........सन्................ई. को जारी की गयी।

**दिनांक.............**

**हस्ताक्षर प्रार्थी.................**
**आदेशानुसार**
**न्यायालय हस्ताक्षर**



## नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान् चकबन्दी अधिकारी महोदय सदर रायबरेली वाद संख्या 1561 सन् 2006 ई. समरबहादुर सिंह वादी/प्रार्थी

**बनाम**

**शिवसिंह आदि** प्रतिवादी/विपक्षी बनाम श्री चकबन्दी कमेटी ग्राम मुरेनी द्वारा अध्यक्ष परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादिनी आशा सिंह की ओर से ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है किधारा 9क (एच आदि) अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 28 ................. माह 12 सन् 2023 ई. को दिन में ........... बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक.......... माह ..........सन्................ई. को जारी की गयी।

**दिनांक.............**

**हस्ताक्षर प्रार्थी.................**
**आदेशानुसार**
**न्यायालय हस्ताक्षर**

# सांसदों के निलम्बन की बहाली की मांग को लेकर सपाईयों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

> सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**सांसदों के** निलंबन के मामले में विपक्ष एकजुट होता नजर आ रहा है। शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सपाईयों ने कलेक्टेऊट परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफजमकर नारेबाजी की। एडीएम आवास के निकट मैदान में धरने पर बैठे सपा नेताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। 142 सांसदो के निलम्बन को वापस लेने की मांग करते हुए सपा नेताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में पार्टी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। एडीएम आवास के सामने सैक्ड़ों की संख्या में एकत्र हुए सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफजमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता कलीम खां ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश कर रही है। विपक्ष की आवाज दबाने की नियत से संसद के दोनो सदनों में विपक्ष के प्रमुख सांसदों को किसी न किसी बहाने से लगातार निलम्बित किया जा रहा है। कहा कि संसद भवन में हंगामा करने वाले युवाओं को लेकर जब विपक्ष के सांसदों ने सरकार से संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सवाल करना चाहे तो जवाब देने की बजाय 142 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे ने कहा कि भाजपाइयों ने उपराष्ट्रपति के अपमान की बात कहते हुए संसद की सुरक्षा के सवाल पर पर्दा डालने का प्रयास किया है। कहा कि यदि अमर्यादित आचरण के मामले मेविपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित किया जा सकता है तो रमेश विधूड़ी के अमर्यादित आचरण के चलते उनको निलंबित क्यों नहीं किया गया। कहा कि सरकार के इशारे पर 142 सांसदों का निलंबन एक अलोकतान्त्रिक कृत्य है। उन्होने मांग करते हुए कहा कि निलम्बित किए गये सभी 142 सांसदों को तत्काल बहाल किया जाए। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी 142 सांसदों के निलम्बन की बहाली की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को सौंपा। इस दौरान प्रमुख रुप से पूर्व विधायक अरविंद यादव, वरिष्ठ सपा नेता इंजी. अनिल पाल, राजू यादव, इन्द्रेश यादव हसीब हसन, नाजिम खान, शोभित प्रताप सिहं, राजेश यादव, पीपी सिंह बघेल, अंशु पाल, नितिन कटियार, सरोजनी कुशवाहा, यशवीर भदौरिया समेत तमाम सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे सपा नेता व कार्यकर्ता

# दुकानों से नगर पंचायत टीम ने जब्त की पॉलिथीन



दुकानदारों के पास से पॉलिथीन जप्त करती नगर पंचायत टीम — समृद्धि न्यूज

समधन, समृद्धि न्यूज़

> अभियान चलाकर दुकानों से जब्त की गई पॉलिथीन, हजारों रूपए का लगाया गया जुर्माना

**नगर** पंचायत टीम ने शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार दुकानदारों के पास से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया गया जिसमें समधन नगर स्थित आयुष किराना स्टोर, तिवारी किराना स्टोर,अहमद शेर किराना स्टोर, कियामुद्दीन किराना स्टोर, ऋषि गुप्ता किराना स्टोर, जलील किराना स्टोर, अकिल किराना स्टोर, आरिफ मिष्ठान भंडार, नफीस मिष्ठान भंडार दुकानों व सब्जी मंडी आदि स्थानों पर छापेमारी की गई। जिसमे 20 किलो थर्माकोल पंत्तल सहित पॉलिथीन पकड़ी गई और 30 हजार रुपए का जुर्माना रसीद काटी गई। दुकानदारों को दोवारा पॉलिथीन न मिलने की हिदायत भी दी गई। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद राजा खान के अलावा तमाम सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## शौच करने गई युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में शौच क्रिया करने गयी युवती को गांव के एक युवक ने पड़कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जिसके बाद युवती ने घटना के बारे में अपनी मां को बताया। शिकायत करने पर आरोपितों ने युवती की मां और युवती के साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया और साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। जिस पर पीड़ित युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 22 दिसंबर की सुबह करीब 07 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री गांव के खेत पर शौच क्रिया करने गई थी। जहाँ पहले से मौजूद गांव के कौशलेंद्र पुत्र राजीव वर्मा ने पुत्री को बुरी नियति से हाथ पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसकी पुत्री ने इस बात का विरोध किया तो उक्त युवक ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। जिसके बाद युवती ने घर पर आकर घटना की सारी जानकारी अपनी मां को दी। जब पीड़िता की मां ने इस बात की शिकायत शैलेंद्र और उसकी बहन शिवांशी एवं पिता राजीव वर्मा से की। तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़िता की माँ की शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी के मायके आकर पति ने की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पत्नी के मायके में आकर पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। जिस पर पीड़ित विवाहिता ने पति सहित अन्य ससुरालियों के विरुद्ध दहेज न मिलने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। नगर की मोहल्ला किदवई नगर निवासी नगमा ने पुलिस को बताया है कि उसका विवाह 10 वर्ष पूर्व जनपद अलीगढ़ के थाना पटवारी नगला निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति सहित ससुरालीजन शादी में मन मुताबिक दहेज न मिलने को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद विवाहिता अपने भाई के साथ मायके चली आई। महिला ने बताया कि उसका पति 20 दिसंबर को सुबह करीब 08 बजे उसके घर आया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला से की मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर बुलाकर महिला से पड़ोसियो ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की मां ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर आरोपितो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासिनी शबनम बेगम पत्नी मैनुद्दीन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 22 दिसंबर को सुबह करीब 08 बजे उसको पड़ोसियों ने उसकी पुत्री निशा को अपने घर बुलाकर उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की माँ की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का हुआ शुभारंभ

**समधन,समृद्धि न्यूज़।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत समधन नगर में एक 5 टीपीडी वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कार्य का अध्यक्ष आसमा बेगम के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने शुक्रवार को फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसमें नगर का गीला कूड़ा को एकत्रित कर खाद बनाने का कार्य होगा। इस अवसर पर मोहम्मद आमीन शेख,कलीम उर्फ कल्ले, मानू खान, मुजम्मिल हुसैन, पप्पू खां, मोहम्मद तारिक, मुनव्वर , इमरान बंटा, नईम,फिरोज,जमील मुल्ला जी, जगदीश प्रसाद, पंकज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसदों का निलम्बन, विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयासः विजय मिश्रा

> सांसदों के निलम्बन के मामले में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, सभी सांसदों की निलंबन की बहाली की मांग

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**लोकसभा** व राज्यसभा के सांसदों के निलम्बन के मामले में जिला कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में सदर तहसील में धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। इससे पहले कांग्रेसियों ने जीटी रोड पर जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की, जिससे रोड पर जाम लग गया। सदर तहसील में धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने वर्तमान भाजपा सरकार से निलंबित किए गए सांसदों को बहाल किये जाने की मांग करते हुए कहा भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है, जो विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एक साथ 147 सांसदों का निलंबन भाजपा की ओछी राजनीति को उजागर करता है, जबकि भाजपा अपने कोर्ट द्वारा बलात्कार के दोषी सांसद बृजभूषण शरण सिंह जैसे सांसदों को बचाने का काम करती रही है, जबकि ऐसे सांसदों को देश के मंदिर रूपी संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। कहा कि मोदी सरकार अपने सांसदों को बचाकर और 147 सांसदों का निलंबन कर देश के लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए हमे कितनी भी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े यहां तक हमें जेल जाना पड़ेगा तो इस जुल्मी सरकार के खिलाफ हम जेल जाने को तैयार हैं और भ्रष्ट सरकार के खिलाफ हम सब कांग्रेसजन सड़क से लेकर संसद तक इसी तरह आवाज उठाते रहेंगे। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने सिांसदों के निलंबन को लोकतंत्र की हत्या से जोड़ते कहा कि सभी सांसदों का निलंबन तुरंत रद्द किया जाए अन्यथा कांग्रेसी वृहद्ध आन्दोलन करने पर बाध्य होगें। कहा कि कि देश के प्रधानमंत्री मोदी संसद भवन के अंदर विपक्ष के पूर्व महान सपूतों के बारे में अभद्र टिप्पणी करते हुए ताली बजाकर मजाक उड़ाते रहते हैं और जब कोई विपक्ष का सांसद देशहित में सत्य बात कहता है तो उसे पर कार्रवाई कर उसे निलंबित कर दिया जाता है। मोदी सरकार देश के लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली है जिसे हम कांग्रेसीजन कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश चंद दुबे, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, किसान जिला अध्यक्ष वीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष तारीक बशीर, जिला कोषाध्यक्ष फिदा हुसैन मंसूरी, शशिकांत गुप्ता, मलखान सिंह पाल, अशोक कनौजिया, आकाश कटियार, रमेश सविता, निलेश कनौजिया, इमरान अली, रामभरोंसे कमल, रमाशंकर राठौर, सत्य प्रकाश शर्मा समेत तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान की बैठक में भाकियू अवधेश ने किया संगठन का विस्तार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**नगर** के लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में हुई भारतीय किसान यूनियन अवधेश किसने की बैठक में किसने की राय से संगठन के पदाधिकारी के नाम की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष राम मनोहर पाठक की संस्वती पर मेराज अली को पदोन्नत करते हुए नगर मंत्री से जिला मंत्री तथा नजफ नकवी को आगरा मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र तथा आईडी देकर किसानों के हित में निरंतर कार्य करने को कहा। इस दौरान रास्ट्रीय संरक्षक अटल प्रकाश चतुर्वेदी, रास्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, रास्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, रास्ट्रीय महामंत्री अविनाश सक्सेना, जिला संयोजक अंकित कुमार शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश दुबे, प्रदेश महासचिव सनी खान, प्रदेश सचिव सुभम् पांडे उर्फ पल्ली, लक्ष्मी कांत शाक्य, जिला मंत्री प्राण दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र, व्लाक उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा व नगर उपाध्यक्ष अर्षद खान व कार्यालय प्रभारी संजू तथा सीनू मौजूद रहे।

# आरपीएफ ने चलाया धरपकड़ अभियान



आरपीएफ टीम की हिरासत में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

> रेल अधिनियम का उल्लंघन करने पर 13 को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**रेलवे** परिसर सहित ट्रैक पर घूम रहे अराजकतत्वों की धरपकड़ के लिए आरपीएफ ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें आरपीएफ टीम ने 13 लोगों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की है।

शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल फत्तेहगढ़ चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम ने अराजकतत्वों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें कस्बा समधन, खांडेदेवर में रेलवे ट्रैक पर बैठे लोगों व प्लेटफार्म पर बेबजह घूम रहे लोगो को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई। जिसमें आरपीएफकी टीम में फत्तेहगढ़ चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार, उपनिरिक्षक महिपाल सिंह, हेड कांस्टेबल सूरजपाल, कांस्टेबल रामनवल यादव, संजीव कुमार, देवेंद्र राघव, पंकज सिंह, अमीर सिंह मीणा, गामा यादव व महिला कांस्टेबल मेनका आदि मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी निवासी ललित पाल ने बताया ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 21 दिसंबर की सुबह करीब 08 बजे वह कार से अलीगढ़ जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसकी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद कार में आग लग गई। जिससे कार में योगेंद्र सिंह, ललित, रेखा, शांति और करन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपाईयों ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**लोकतंत्र का** मजाक बनाने और उप राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के तिर्वा क्रासिंग जीटी रोड पर प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के तिर्वा क्रासिंग के निकट जीटी रोड पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम बाबू कटियार की अगुवाई में भाजपाइयों ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंक्र दिया। इस दौरान जीटी रोड पर वाहनों का दोनो ओर जाम लग गया। प्रदर्शन के दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम बाबू कटियार ने कहा कि सदन में हंगामा करने वालों ने 70 सालों से देश का और लोकतंत्र का मजाक बनाकर रखा हुआ था। जनता ने जिनको प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था, वो लोग सड़क पर उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहे हैं और फिर मिमिक्री करने की बात बोलकर अपनी गलतियों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिमिक्री करने का काम कॉमेडियन का होता है और यदि कांग्रेसी नेताओं को कॉमेडी करने का शौक है तो वह लोग सदन छोड़कर टीवी शो ज्वाइन कर लें। प्रदर्शन के दौरान श्यामजी मिश्रा, समुद्र श्रीवास्तव, दिलीप पांडेय, शिवम दुबे, संदीप कश्यप, शुभु मिश्रा, विशाल शुक्ला, रजत श्रीवास्तव समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भगवान अपने भक्त के हर भाव को पहचानते हैंः सुरेश अवस्थी

> श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़





**कस्वे में** चल रही श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन व्यास पंडित सुरेश अवस्थी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि भगवान अपने भक्त के हर भाव को पहचानते हैं। बताया कि जब भगवान गो-चरण करने के लिए गए तो वहां अघासुर वत्सासुर धेनुकासुर आदि राक्षस गो-गोपालको को कष्ट देने आए। जिस पर भगवान ने सभी की रक्षा करी। बताया कि भगवान कन्हैया ने अपने सभी सखाओं से कहा कि हम आज मधुमंगल के घर का भोजन करेंगे। किसी और के घर का नहीं। मधुमंगल अपने घर गया और अपनी माता पूरनमासी जो कि बहुत गरीब थीं। उनसे कन्हैया के भोजन की व्यवस्था के लिये कहने लगा। इस पर बेचारी निर्धन माता की आंखो से आंसू निकल पड़े। और बोलीं बेटा तुम तो जानते ही हो हमें एक समय का भोजन भी ठीक से नहीं मिल पाता है। इस पर मधुमंगल ने अपने घर में ढूंढ़ने पर पाया कि एक हांड़ी में तीन दिन पुरानी कड़ी रखी है। मधुमंगल ने सोचा कि दूध दही माखन को खाने वाले अपने प्यारे सखा को मैं ये नहीं खिला सकूंगा। इसलिए मधुमंगल उस कड़ी को झाड़ी में छुपकर अकेले ही पीने लगा। इस पर वहां कन्हैया आ जाते हैं। और छुपकर कड़ी पीने का कारण पूछते हैं। इस पर मधुमंगल ने सारा वृतांत सुनाया और भगवान कन्हैया के प्रेमाश्रु प्रवाहित हो गए। इस मौके पर परीक्षित प्रमोद पाठक, पुष्पा पाठक, गीता पाठक, आरती पाठक, भानू पाठक, विकास पाठक, किशन तिवारी, कल्यान सिंह, दिनेश चौरसिया, विवेक तिवारी, अजीत द्विवेदी, लकी पाठक, सचिन पाठक सहित आदि रहे।

प्रतियोगिता

## मैथ क्विज कंम्पटीशन का हुआ आयोजन, भास्कर टीम ने जीती प्रतियोगिता

# श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से भावी पीढ़ी ले प्रेरणाः प्रधानाचार्य

समधन, समृद्धि न्यूज़






**भारत में** प्रत्येक वर्ष 22 दिसम्बर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय गणित दिवस देश के उस महान गणित ज्ञ को न केवल एक श्रद्धांजलि है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को गणित के महत्व और उसके प्रयोगों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का भी दिन है। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुज की 136वीं वर्षगांठ के मौके पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए वर्ष 2012 को राष्ट्रीय गणित वर्ष घोषित किया गया था। इसके साथ ही श्रीनिवास रामानुज के जन्मदिन 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस भी घोषित किया गया।

यह बातें प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के महानतम गणितज्ञ, विलक्षण प्रतिभा के धनी श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुज के जीवन और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान के प्रति छात्र/छात्राओं को जागरूक करना है। श्रीनिवास रामानुज ने पिछली सदी के दूसरे दशक में गणित की दुनिया को नया आयाम दिया। उनके छोटे से जीवन काल की उपलब्धियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके निधन के बाद उनकी पाँच हजार से अधिक प्रमेय छपवाई गईं। इन गणितीय प्रमेयों से अधिकतर ऐसी थीं जिन्हें कई दशक बाद तक भी सुलझाया नहीं जा सका। गणित के क्षेत्र में की गई रामानुज की खोजें आधुनिक गणित और विज्ञान की बुनियाद बनकर उभरी हैं। उन्हें गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्याओं का जादूगर कहा जाता है। इस दौरान विद्यालय के छात्र/छात्राओं की अलग अलग छह टीमों का गठन किया गया। जिसमें उनके बीच मैथ क्विज कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें हाईपेशिया, भास्कर, शकुन्तला देवी, आर्यभट्ट, आर्कमिडीज एवं पाइथागोरस नामक टीमों ने गणित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम पांच-पांच छात्र/छात्राओं में विभाजित की गयी। कड़े मुकाबले के बीच भास्कर टीम विजयी रही। विजयी टीम को प्रधानाचार्य द्वारा शील्ड तथा प्रत्येक विजेता खिलाड़ी को मेडल व प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक फूल मोहम्मद सर ने किया। मौके पर शिक्षक चन्द्रप्रकाश गुप्ता, ओमेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, मनमोहन सिंह, विकास कुमार, इतेन्द्र कुमार, अमन यादव, रंजीत कुमार, शिक्षिका सलोनी, शिवानी सिंह, अन्जू कुमारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार विपक्ष को कुचलने का काम कर रही: जिलाध्यक्ष

- सपाइयों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन
- सभी ने एक स्वर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की कही बात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



धरना देते सपा नेता व मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी द्वारा प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन में फतेहगढ़ स्थित जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा धरना दिया गया। धरने के मुख्य बिंदु केंद्र सरकार द्वारा 142 विपक्ष के सांसदों को अलोकतांत्रिक ढंग से निष्कासित करना एवं भाजपा सरकार की विपक्ष के प्रति मनमानी और भाजपा को शासन से हटाना रहा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष को कुचलने का काम कर रही है व उनकी आवाज को दबाना चाहती है और कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ईवीएम का दुरुपयोग कर राज्यों में सरकार बना रही है चुनाव आयोग को संज्ञान लेकर तत्काल बैलेट पेपर से चुनाव कराने चाहिए। पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी से डरने वालों में से नहीं है पहले भी समाजवादियों ने जेलें भारी हैं अब भी हम जेलें भरने के लिए तैयार हैं यह तो सिर्फ आगाज है आगे समाजवादियों को बहुत संघर्ष करना है। पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए का नारा दिया है सही मायने में जनता उनके साथ है। पिछला दलित और अल्पसंख्यक इस सरकार में अत्यंत पीड़ित है। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने कहा की ईवीएम को तत्काल बैन करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व महासचिव मनदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जहान सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, रामानंद प्रजापति, सुलक्षणा सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के0के0 यादव आदि ने विचार व्यक्त किए।धरना प्रदर्शन के दौरान इंडिया गठबंधन के कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष, सीपीआई के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, महानगर महासचिव रजत महेश्वरी, नीलम चौहान, शशांक सक्सेना, जितेंद्र यादव सिरौली, डॉक्टर मनोज यादव, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। एसडीएम सदर ने दोपहर 1.30 बजे आकर जिला अध्यक्ष से ज्ञापन लिया। कार्यक्रम का संचालन मुन्ना यादव एडवोकेट ने किया।

# अपहरण व हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपहरण व हत्या के प्रयास के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त नेत्रपाल को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया। वर्ष 1998 को सुखराम सिंह ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि मेरी पत्नी सुशीला देवी अपने पुत्र सुधीर कुमार उम्र 10-11 वर्ष को लेकर अपने मायके ग्राम तारापुर थाना मिर्जापुर जनपद फर्रुखाबाद गयी थी। 15 मार्च 1998 को मेरा पुत्र ससुराल से लापता हो गया। उसी समय मेरा चचेरा साला नन्हेलाल भी लापता है। पीड़ित ने नन्हेलाल पर अपने साथियों के साथ मिलकर पुत्र सुधीर को जान से मारने की नियत से अपहरण कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित का आरोप है कि नन्हेलाल की बिना मर्जी से मैने सोहन से लगभग ढाई बीघा जमीन खरीद ली थी। इसी बजह से वह नाराज रहता था। पुलिस ने नन्हेपाल, नेत्रपाल, नरेन्द्र सिंह, सोहन लाल के विरुद्ध धारा 364 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। अभियुक्त नरेन्द्र की पत्रावली अभियुक्त से पृथक की गई। वहीं एसओ रामेश्वर दयाल मौर्य ने अपने हमराहियों के साथ मिलकर जरियनपुर चौराहे से ढाई गांव के पास मुखबिर की सूचना पर एक ट्रैक्टर का पीछा करते हुए मिर्जापुर के पास रोक लिया। इस दौरान तीन बदमाश मौके से भाग गये व तीन बदमाशों को पकड़ लिया था। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम नन्हे लाल, नेत्रपाल व नरेन्द्र सिंह बताया। आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 307 व 25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त नेत्रपाल को धारा 364 में पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 147 में दो वर्ष का कारावास व धारा 148 में दो वर्ष का कारावास व धारा 307/149 में पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 25/27 में दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की बैठक सम्पन्न

- कृषकों/उद्यमियों को नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने पर दिया गया जोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




उद्यमियों को जानकारी देते आलू एवं शाकभाजी अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**राजकीय** फल संरक्षण केंद्र बरगदियाघाट में उद्यमी जागरुकता अभियान के अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आर0एन0 वर्मा आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित कृषकों/उद्यमियों को अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने तथा पुराने उद्योग/इकाइयों के उच्चीकरण हेतु पात्र परियोजना लागत का 25 प्रतिशत या 10 लाख रुपये तक का अनुदान अनुमन्य है, तथा उ0प्र0 खाद्य उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने हेतु पात्र परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या 5 करोड़ रुपये तक का अनुदान अनुमन्य है की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत आलू चिप्स, नमकीन प्लांट, अचार मुरब्बा, सिरका, सोयाबीन आधारित, राइस मिल, आटा चक्की, गन्ना आधारित उत्पाद, दल मिल, बेकरी उद्योग प्रोडक्ट्स, दूध उत्पादन से संबंधित उद्योग (डेयरी), व मशरुम उत्पादन से संबंधित उद्योग आदि खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उद्योग लगाने हेतु उपस्थित लाभार्थियों व अन्य लोगों को जागरुक किया। बैठक में राजेंद्र प्रसाद जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक (एल0डी0एम0), सर्वेश त्रिपाठी प्रभारी फल संरक्षण केंद्र एवं रवीकान्त शाक्य डी0आर0पी0 व उद्यमी/कृषक उपस्थित रहे।

# अपहरण व दलित उत्पीड़न में अभियुक्त को छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपहरण व एस0सी0/एस0टी0 एक्ट के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त मनू को दोषी करार देते हुए 6 वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया।

2017 में पीड़ित विमलेश कुमार ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 15 जुलाई 2017 को सुबह 10 बजे मेरी चार वर्षीय पुत्री घर के बाहर सड़क पर खेल रही थी। उसको मनू जो कि मोहल्लेवालों के साथ चार दिन से धान की रोपाई करने के लिए जाता था तथा देशी शराब के ठेके के पास सोता था। पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों ने मनू के साथ पुत्री को जाते देखा। पुलिस ने धारा 363, 364 व 3(2)वी एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट) महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त मनू को दोषी करार देते हुए धारा 363 में छह वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 364 में छह वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 3(2)वी एससी/एसटी एक्ट में छह वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# खबरें चलते-चलते

## झोलाछाप डॉक्टर को छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** झोलापछाप डॉक्टर के इलाज के द्वारा युवक की हत्या के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने मूलचन्द्र पुत्र रामस्नेही निवासी सिरौली को दोषी करार देते हुये छः वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 4 वर्षो पूर्व थाना नबाबगंज क्षेत्र के ग्राम सिरौली निवासी शिवम पुत्र सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरे पिताजी को सर्दी जुकाम हो गया था। जिसकी दवा गॉव के ही डॉक्टर मूलचन्द्र से लेने के लिए गया था। उन्होंने शराब के नशे न जाने कौन सा इंजेक्शन लगा दिया जिससे उनकी ही दुकान पर मेरे पिताजी की मौत हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चंद्र वैश्य ने झोलाछाप डॉक्टर मूलचन्द्र को दोषी करार देते हुए 6 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## थानाध्यक्ष ने प्रधानों व व्यापारियों के साथ की बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष ने थाना परिसर में ग्राम प्रधानों और नगर के व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें सभी व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान पर कैमरे लगवाने का अनुरोध किया। थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा ने कहा कि यदि व्यापारी अपनी दुकानों पर कैमरे लगवा लेंगे, तो अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधानों से भी ग्राम पंचायत में कैमरे लगवाने का आग्रह किया। थाना अध्यक्ष ने साइबर अपराध के बारे में आए हुए लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्याम बाबू दिवाकर, संतोष चौधरी, आकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, सभासद आकाश ठाकुर, कुलदीप राजपूत, पवन सूर्यवंशी, हरविंद सिंह शाक्य, मनोज राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों ने महिला को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर निवासी कुसमा देवी पत्नी प्रशांत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आज सुबह अपने दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। इसी बीच पड़ोसी दबंग लोग उसे गाली-गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। महिला ने थाने पहुंचकर चार दबंगो के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

## खेत में पानी लगा रहे किसान को दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में पानी लगा रहे किसान को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जब्ब निवासी रामवीर सिंह आज दोपहर अपने खेतों में पानी लगा रहे थे। उसी समय उनके पड़ोसी रामवीर को गाली गलौज करने लगे। जिसका रामवीर ने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंगों ने एक राय होकर रामवीर को जमकर मारापीटा और रामवीर की समरसेबिल की पाइपलाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। रामवीर ने गांव के चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

## सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे सटोरिया को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला भूसामंडी निवासीय रियाजुद्दीन उर्फ बदरु पुत्र मोहम्मद हबीब को फतेहगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे उस सम पकड़ लिया, जब वह सट्टे की लगवाई कर रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से जेब से 580 रुपये व सट्टा पर्ची आदि के साथ हजारों की नकदी भी उसके पास से बरामद हुई। पुलिस ने सटोरिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# लूट के मामले में आरोपियों को पांच वर्ष का कारावास

- 29 वर्ष पूर्व घटित हुई थी घटना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** जज कोर्ट संख्या-5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने लूट व चोरी की सम्पति के मामले में जयवीर पुत्र हरिशंकर निवासी नबाबगंज, चंद्रपाल पुत्र सोनेलाल निवासी रायपुर छिबरामऊ, रघुवीर पुत्र जवाहरलाल निवासी सपाखेड़ा जसुआमई छिबरामऊ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास और प्रत्येक आरोपी को 25-25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। बीते 29 वर्ष पूर्व डॉ0 रवींद्र सिंह यादव ने नबाबगंज थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि पीड़ित 26 अगस्त 1994 को कस्बा नबाबागंज से अपनी ससुराल ग्राम हरदुआ अपने साले देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम हरदुआ के साथ पैदल जा रहा था। समय करीब सुबह 07 बजे बदमाशों ने तमंचे दिखाकर रोक लिया और कहा कि जो भी है हमें दो और खींचकर जंगल में ले जाकर मेरे हाथ की घड़ी छीन ली और जेब से पर्स जबरदस्ती छीन लिया। इस बीच दो औरतें श्यामकुमारी, अनारकली, रामखिलावन निवासी बबना इन लोगों से चांदी तोड़िया और अन्य सामान लूट लिया और उपरोक्त बदमाश जंगल की तरफ भाग गए। मेरे पास से 830 रुपये, मेरी बंदूक जमा की पर्ची लूट ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त भानू प्रकाश की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने जयवीर, रघुवीर, चंद्रपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का करवास व 25 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# हिट एंड रन दुर्घटना में 2 लाख की क्षतिपूर्ति

- मार्ग पर अवैध रूप से वाहन खड़ा न करें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




ट्रक चालकों को संबोधित करते यातायात प्रभारी

**सड़क सुरक्षा** पखवाड़ा के अंतर्गत आज एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की टीम द्वारा जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी पर सड़क किनारे स्थित ढाबों पर चेकिंग अभियान चलाया गया कि कहीं उनके द्वारा वाहन मार्ग पर पार्क तो नहीं किया जा रहे हैं।

चालकों को संबोधित करते हुए एआरटीओ ने बताया कि यदि अज्ञात वाहन से टक्कर में किसी की मृत्यु हो जाती है तो मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत उसे 2 लाख की सहायता राशि का प्रावधान है तथा अज्ञात वाहन से दुर्घटना में घायल होने पर 50 हज़ार की सहायता राशि का प्रावधान है। इस राशि को लेने के लिए मृतक के परिजन अथवा घायल व्यक्ति या उसके परिजन द्वारा संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी के समक्ष आवेदन करना होता है।। जिसमें एफ आईआर की प्रति, दुर्घटना का विवरण एवं वारिस के नाम आदि का विवरण अंकित किया जाता है। उप जिलाधिकारी द्वारा विवरण की पुष्टि करते हुए आख्या डीएम को प्रेषित की जाती है तथा जिलाधिकारी द्वारा मृत्यु की दशा में 2 लाख तथा घायल की दशा में 50 हज़ार के भुगतान का आदेश बीमा कंपनी को किया जाता है। इस धनराशि का भुगतान केवल इस शर्त के अधीन होता है कि यदि भविष्य में जांच के दौरान अज्ञात वाहन का विवरण प्राप्त हो जाता है तो उसे क्लेम ट्रिब्यूनल से मिलने वाली राशि में से यह राशि घटा दी जायेगी। जनपद में इस वर्ष घटित 343 सड़क दुर्घटनाओं में 170 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 234 व्यक्ति घायल हुए हैं। इनमें से यातायात कार्यालय की सूचना के अनुसार 123 वाहन दुर्घटनाओं की एफ आईआर अज्ञात में दर्ज हुई हैं। इनमें 96 व्यक्ति मृतक हुए हैं तथा 61 व्यक्ति घायल हुए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि एक भी प्रकरण हिट एंड रन के अंतर्गत सहायता राशि के लिए प्राप्त नहीं हुआ है। अतः सभी से अपील है यदि उनके संपर्क में कोई व्यक्ति अथवा परिवार इस प्रकार की दुर्घटना से पीड़ित हुआ है तो वह उचित माध्यम से आवेदन प्रेषित कर सहायता राशि की मांग कर सकता है। यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा ट्रक चालकों से अपील की गई कि किसी भी स्थिति में वाहन को अवैध रूप से मार्ग पर खड़ा ना करें। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यदि वाहन में कोई खराबी आ जाए तो नियम के अनुसार वहां से काफी दूर पहले लाल त्रिकोण को लगा देना चाहिए ताकि अन्य आने वाले वाहन सतर्क हो सके।

# प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी राजेश उर्फ राजा की हत्या

- शव को आधा जलाकर सड़क के किनारे फेंका

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज



रोते बिलखते परिजन व जांच करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** व जनपद की सीमा से सटे जनपद शाहजहांपुर की सीमा में एक अधजले युवक की लाश सड़क के किनारे पड़ी थी। जिस पर ग्रामीणों की नजर गई, तो उसकी पहचान राजेश उर्फ राजा उम्र 34 वर्ष पुत्र राजवीर सिंह निवासी दोसपुर नागर के रूप में हुई। परिजनों को युवक के मरने की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए। परिजनों द्वारा थाना मिर्जापुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पहुंचते ही छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को छानबीन में पता लगा कि राजेश उर्फ राजा के प्रेम संबंध रिया उर्फ आरती निवासी चांदपुर थाना क्षेत्र कादरीगेट से पिछले लगभग तीन वर्षों से चल रहे थे। रिया हमेशा राजेश के घर भी आती थी पर कुछ समय से उन दोनों में अनवन हो गई थी। इसी बीच रिया का संबंध अमृतपुर थाना सीमा क्षेत्र के गांव हुसैनपुर राजपुर निवासी एक युवक से हो गए। जिसको लेकर दोनों युवकों में मारपीट होने लगी। आए दिन मारपीट व गाली-गलौज होता था। कल जब युवक राजेश उर्फ राजा की लाश परिजनों को मिली, तो उन्होंने हुसैनपुर राजपुर निवासी कृष्ण पुत्र राम आसरे, नवीन मिश्रा पुत्र राम आसरे, रिया उर्फ आरती के ऊपर पुलिस के सामने चिल्ला चिल्ला कर आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया है शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

उत्सव

## पादरी जायपाल मैसी, पादरी स्टीफन मसीह ने दिया एकता का पैगाम

# नगर में धूमधाम से निकाली गयी क्रिसमस उत्सव रैली

- समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, गाये गीत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



झांकी में मौजूद परी की वेषभूषा में बच्चे — समृद्धि न्यूज



क्रिसमस उत्सव रैली में भाग लेते मसीह समाज के लोग

**क्रिसमस** के उपलक्ष्य में मसीह समाज के द्वारा क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया। नगर में धूमधाम से रैली निकालकर क्रिसमस का उत्सव मनाया। पादरी जायपाल मैसी, पादरी स्टीफन मसीह ने फतेहगढ़ चौराहा से रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। चारों चर्चों की कलेसिया के लोगों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सीएनआई चर्च बढ़पुर, सीएनआई चर्च सिटी, सीएनआई चर्च रखा, आल सोल्स फतेहगढ़ ने प्रतिभाग किया। प्रभु यीशु मसीह की शान में गीत गाते हुए फतेहगढ़ चौराहा से मसीह समाज के लोग भोलेपुर, नेकपुर, बढ़पुर, लालगेट, घुमना, चौक, रेलवे रोड से वापस ठंडी सड़क होते वापस बढ़पुर चर्च तक पहुंचे। क्रिसमस रैली में झांकी, प्रभु यीशु मसीह, मरियम, परी, मनूशी आदि स्वरुप रथों पर सवार होकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में समाज के लोग नाचते गाते हुए डीजे की धुन पर चल रहे थे। सेंटा क्लाज ने लोगों को टॉफी बांटीं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही। पादरी जयपाल मैसी ने यह कि बड़े उत्सव का दिन है कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को हमारे उद्धार के लिए भेजा और उन्होंने चरनी में जन्म लेकर हम सबका उद्धार किया। उन्होंने संदेश दिया कि जो मनुष्य धरती पर आया है उसके पापों का नाश होगा। लोग ईमानदारी से सभी कार्य करें और समय निकालकर प्रभु की आराधना करें। पादरी स्टीफन मसीह ने संबोधित करते हुए संदेश दिया क्रिसमस उत्सव का पर्व है। इसका आनन्द सब लोग मिल जुलकर लें और गरीबों की मदद करें। यही प्रभु यीशु मसीह ने हमें संदेश दिया है। पादरी किशन मसीह ने आगरा से आकर झांकी उत्सव में भाग लिया। क्रिसमस झांकी के दौरान सचिव विनीता सिंह कोषाध्यक्ष प्रियंका मैसी, जोर्डन राज, विजय दयाल, राजीव के.लाल, रितेव ओलिव सिंह, भगवान लाल, सुषमा लाल, सुजीत सहाय, रवींद्रजी लाल, सोलोमन दयाल, सुनील विक्टर, आदित्य रोहित सहाय, भावना लाल, वहीं रखा चर्च से राजेश मसीह, डॉ0 नीतू मसीह, जयवंत सनी, आर.फ्लोमर, सुरेंद्र पाल सिंह, स्टेनिली हिल्स, किशनपाल सिंह, मेरिस पीटर, अनीता पीटकर, फराह, सविता आयरिस ने भाग लिया। वहीं सिटी चर्च, मुकेश डेविड, रंजीत मैसी, अभिषेक, मनीषा, सुमेल मसीह, अंकिता मसीह, रंजीता लाल मौजूद रहीं। आल सोल्स चर्च फतेहगढ़ से आर.के. सिंह, विशाल धनी, अमित कुमार, रोजीशन विश्वासी, रोहितानी विश्वासी, सुनील मसीह, अभिषेक मसीह, एकता मसीह, राहुल अबरार, अनुराग मल्ल, अंजू मल्ल, अवधेश प्रभु खोजी, अनुपम मसीह, नेहा मसीह, अनिल सिंह, अमर साइमन, माया मसीह, सुमन, सचिन मसीह आदि लोग मौजूद रहे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# भाजपा सरकार ने शिक्षक हितों के लिए कोई काम नहीं किया: राजबहादुर चंदेल

**वार्षिक सम्मेलन में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक शिक्षक** संघ चंदेल गुट के वार्षिक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सभापति प्रश्न एवं संदर्भ समिति राज बहादुर चंदेल ने शिक्षकों का आवाह्न किया कि संगठन का इतिहास संघर्षों से रहा और भाजपा सरकार ने शिक्षक हितों के लिए कोई काम नहीं किया। हमारी संघर्ष क्षमता शिथिल हो गई। इसलिए हमें सफलता नहीं मिली। विधान परिषद में केवल मैं ही एक ऐसा व्यक्ति हूं जो शिक्षकों की आवाज उठाता हूं। प्रदेश महामंत्री पूर्व विधान परिषद सदस्य रामबाबू शास्त्री ने कहा कि शिक्षकों ने जो भी पाया वह संघर्ष के दम पर पाया है, तथा युवा पीढ़ी ने यदि संघर्ष नहीं किया तो भविष्य अंधकारमय होगा। वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को कभी सरकार अनुदान नहीं देगी। जो पुरानी पेंशन की बात करेगा वही देश पर राज करेगा। क्रिश्चियन इंटर कालेज में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। 70 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा महिपाल सिंह को मण्डलीय अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कुलाधिपति डा0 अनार सिंह यादव ने की। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने सम्मेलन की सफलता के लिए शिक्षक नेताओं को बधाई दी। जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने कहा कि शिक्षक हित में हमेशा कार्य करता रहूंगा और शिक्षकों की लड़ाई के लिए जिले से लेकर प्रदेश तक लड़ूंगा। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष अनिल गहरवार, दिनेश चन्द्र वर्मा, बृजभूषण सिंह, प्रबंधक नरेन्द्र शाक्य, क्रिश्चियन इंटर कालेज के राजेश मसीह, प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह, विश्व मोहिनी पाण्डेय, सुमन त्रिपाठी, विनीत चौहान, शिवओम द्विवेदी, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, रविन्द्र यादव, गजेन्द्र कुशवाहा, अजय पाल सिंह, अनुरग पटेल, संदीप चतुर्वेदी, अनिल सिंह राठौर, जिला महामंत्री यादवेन्द्र सिंह परिहार, अनिल प्रताप सिंह आदि शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संचालन मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह ने किया।



वार्षिक सम्मेलन में मौजूद एमएलसी व शिक्षक नेता — समृद्धि न्यूज

# सड़क सुरक्षा जागरुकता के तहत निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सड़क** सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड राजेपुर के संविलियन विद्यालय हमीरपुर सोमवंशी में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन स्काउट गाइड की टीम के द्वारा किया गया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा के नेतृत्व में वैभव सोमवंशी, गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य और विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन करते हुए समस्त विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में अभिभावकों से सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दिए जाने के लिए प्रेरित किया। सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु बाइक चलाने वाले विभागों से बच्चों के माध्यम से हेलमेट लगाए जाने और यातायात के नियमों का पालन करने हेतु विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा शपथ गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य द्वारा दिलाई गई। जनपद के कई विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तथा प्रत्येक ब्लॉक से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा निदेशक के द्वारा जारी किए गए पत्र के क्रम में धनराशि के रूप में उनके व्यक्तिगत बचत बैंक खाते में 500-300 और 200 रुपये की धनराशि प्रेषित की जायेगी।



सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से लगी आग से झोपड़ी जलकर राख

**हजारों की नगदी तथा घरेलू सामान खाक**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से झपड़ी में आग लग गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने समरसेबिल चलाकर आग पर काबू पाया। पीड़ित ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नान निवासी नीरज कुमार पुत्र सुरेश चंद्र ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा उसके मकान की छत पर झोपड़ी रखी है। शनिवार की सुबह वह खेतों की ओर गया था। इसी दौरान अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। उधर धू-धूकर जल रही झोपड़ी को जब ग्रामीणों ने देखा तो मुहल्ले में दहशत फैल गई तथा घर परिवार के लोग शोर मचाने लगे। परिजनों द्वारा शोर मचाया गया तो मुहल्ले के लोगों की भीड़ ने समर आदि चलाकर आगजनी की घटना पर काबू पाया। उधर आगजनी की सूचना पर जब पीड़ित घर लौटा तो सामने का नजारा देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित के अनुसार इस आगजनी की घटना में 7000 रूपये की नगदी, गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार कुल 20000 रूपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी।



आग को बुझाते ग्रामीण

### डीएम ने विकास कार्यों को समय से पूर्ण करने के दिये निर्देश



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सीएनडीएस और पुलिस आवास निगम संस्था को निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं परियोजनाओं के निर्माण में लेटलतीफी होने का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को सभी निर्माण कार्यों को गति के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण न होने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य शासन की गुणवत्ता के अनुरुप कराये जायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, संबंधित अधिकारी एवं कार्यकारी संस्थाएं उपस्थिति रहीं।

### शराब के नशे में दोस्तों में मारपीट पुलिस को दी लूट की सूचना

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में दोस्तों में मारपीट हो गयी। एक युवक ने लूट की सूचना पुलिस को दी। लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस को मामला मारपीट का मिला। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी अजय क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी अपनी बहिन के यहां रहकर मजदूरी करता है। गुरुवार देर शाम अजय कंपिल से मजदूरी कर साईकिल से घर वापस जा रहा था। कंपिल-कायमगंज मार्ग पर सूत मिल के निकट उसके दोस्त मिल गए। अजय व उसके दोस्तों में शराब के नशे में मारपीट हो गयी। अजय ने थाना पुलिस को साइकिल, मोबाइल व मजदूरी के रूपये लूटने की सूचना दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया मामला नशे में लेकर मारपीट का है। लूट की घटना गलत है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गणितज्ञ जादूगर श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर लगायी गई प्रदर्शनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कालेज में गण्ति के महान जादूगर कहे जाने वाले महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनायी गई। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी के द्वारा गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की गणित शिक्षिका पूनम शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा गणित मॉडल व विभिन्न गणितीय खेलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मार्ग दर्शिका पूनम शुक्ला ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को तमिलनाडु के इरोड में हुआ था। इनके द्वारा गणितीय जगत में महान विरासत छोड़ी गई। इनके गणनात्मक व संख्या 1729 को हार्डी ने रामानुजन नम्बर के रुप में नामित किया। इनकी विशेष उपलब्धि के कारण भारत सरकार ने हर वर्ष 22 दिसम्बर के दिन को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया। विद्यालय में छात्राओं द्वारा लगायी गई गणित प्रदर्शनी के माध्यम से कई गणित के जटिल समस्याओं को सरल रुप में खेल व प्रोजेक्ट मॉडल के रुप में प्रस्तुत किये गये। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में मानव जीवन के विकास के लिए गणित के महत्व के विषय में जागरुक करना है। विद्यालय में छात्राओं व मार्ग दर्शिका पूनम शुक्ला द्वारा लगायी गई इस प्रदर्शनी की विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सराहना की। इस दौरान उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, दर्शना शुक्ला, अर्चना देवी, मंजू, अनीता, समीक्षा अग्निहोत्री, अंजली, दर्शना आर्या, इंदिरा राठौर, नमिता, स्मृति दुबे, नेहा, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, सुनीता पाण्डेय, जान्हवी, ममता, विजय लक्ष्मी, मधु, कंचन, शिवांगी, सबाना, जया सिंह, लिपिक राघव मिश्रा, पंकज औदिच्य द्वारा अवलोकन किया गया। सभी ने प्रदर्शनी की सराहना की।



प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रधानाचार्य मौजूद शिक्षिका पूनम व दर्शना शुक्ला — समृद्धि न्यूज

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आम जन मानस को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के स्काउट छात्रों ने सड़क पर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाये तथा उनको हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही तीन सवारी न बैठने के लिए उनसे शपथ ली। पैदल चलने वालों को भी सड़क सुरक्षा के नियम सझाये गये। इस मौके पर नोडल प्रभारी सतेन्द्र सिंह, संतोष सरोज, विवेक मिश्रा, चन्द्रपाल, दिनेश चन्द्र, कृष्ण मोहन, संदीप कुमार, यशपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।



राहगीरों को हेलमेट पहनने के लिए जागरुक करते शिक्षक

# पुलिस ने वारन्टी को किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में वारंटी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक वारन्टी को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शमशाबाद थाना पुलिस ने वारन्टी दिलीप कुमार पुत्र देवकीनंदन शाक्य निवासी मोहल्ला चौखण्डा थाना शमशाबाद को गिरफ्तार कर लिया। वहहीं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगा।

# संडे स्कूल के बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**यीशु मसीह के जन्मदिन पर आधारित नाटक का हुआ मंचन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बड़े दिन** के उपलक्ष्य में सीएनआई बढ़पुर चर्च में संडे स्कूल के बच्चों द्वारा ड्रामे का आयोजन किया गया। पादरी जयपाल मैसी ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्रिसमस ड्राम के मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे क्रिश्चियन इंटर कालेज के प्रबंधक राजेश मसीह व प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों ने ड्रामा प्रस्तुत किया। संडे स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने प्रभु का जन्म इस दुनिया में हमारे लिए इस प्रकार हुआ, इस पर नाटक प्रस्तुत किया। उन्होंने नाटक को दर्शाते हुए छोटे-छोटे बच्चों मरियम, यूसुफ, राजा हैरोदेश, मजूशी व गड़रियों के वेशभूषा में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नाटक प्रस्तुत करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। संचालन संडे स्कूल के आदित्य रोहित सहाय ने किया। नाटक में दर्शाया गया कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म कैसे हुआ। इस मौके पर पादरी स्टीफन मसीह, कमेटी की सचिव विनीता सिंह, कोषाध्यक्ष प्रियंका मैसी, सदस्य विजय दयाल, जोर्डन राज, राजीव के.लाल, जगदीप लाल, रितेश ओलिव सिंह, भगवान लाल, शशी सिंह, सुषमा लाल, सुजीत सहाय, सुनील विक्टर, प्रधानाचार्य अनुराग मल्ल, अंजू मल्ल, शोभा सहाय आदि लोग मौजूद रहे। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर सभी ने गीत गाकर कार्यक्रम में भाग लिया। संडे स्कूल के बच्चों को सुनील एण्ड निशी एजूकेशनल एण्ड हेल्फ केयर सोसाइटी प्रयागराज द्वारा अध्यक्ष अनुपम मसीह, सचिव नेहा मसीह द्वारा बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यापिका बीना मसीह व अनंत सैमवेल मसीह ने सहयोग किया।



क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते संडे स्कूल के बच्चे

# एमआईसी में स्काउट गाइड के तृतीय सोपान का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डा0 शालिनी ने स्काउट गाइड को सामाजिक सेवाभाव के लिए प्रेरित किया**

**पांच दिनों** से चल रहे म्युनिसिपल इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ में स्काउट गाइड के तृतीय सोपान कैम्प का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन में आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ की प्राचार्या डॉ0 शालिनी सिंह ने प्रतिभाग किया।

18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक पांच दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प में जिला संगठन गाइड कमिश्नर चमन शुक्ला, ट्रेनर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, गजेंद्र सिंह चौहान ने कैम्प संचालन में भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने स्काउट गाइड को सेवा भाव में रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को आजीवन सीखते रहना चाहिए। सीखने की कोई उम्र तथा सीमा नहीं होती। कोई भी अच्छी चीज किसी भी व्यक्ति से सीखी जा सकती है। इसमें किसी प्रकार का गुरेज नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्काउट गाइड के इस तृतीय सोपान कैम्प में कहा कि मैंने भी इस कैम्प में कुछ सीखा है, अभी तक मैं केवल एनसीसी के बारे में विस्तृत जानकारी रखता था, परंतु इस कैम्प से मैंने स्काउट गाइड के बारे में भी जानकारी हासिल की है। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि डॉ0 शालिनी सिंह के साथ, स्काउट गाइड द्वारा तैयार किए गए टेंट्स का निरीक्षण किया। सभी बच्चों ने टेंट लगाने का कारण तथा टेंट लगाने के तरीके बताएं। स्काउट गाइड ने बताया कि टेंट के चारों तरफ खाई खोदी जाती है। जिसमें बाहर से आने वाले कीड़े मकोड़े को रोकने की व्यवस्था की जाती है। आपातकाल में किस तरह से हम लोग खुद को सुरक्षित करेंगे, इसकी कला सिखाई जाती है। डॉ0 शालिनी सिंह ने सभी स्काउट गाइड को सामाजिक सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के स्वागत में जनता राष्ट्रीय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया तथा डॉ0 दिनेश चंद्रा द्वारा तैयार किए गए। जिन्होंने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन अशोक कठेरिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मयंक रस्तोगी, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, प्रबल प्रताप सिंह ने सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान लिपिक अहिबरन सिंह, आलोक नाथ मिश्रा, अंबुज सक्सेना, पुष्पा जयसवाल, सर्वेश कुमार सिंह, अंकित तिवारी आदि मौजूद रहे।



स्काउट गाइड शिविर के समापन पर मौजूद बच्चे व अतिथि

### 28 दिसम्बर से 30 जनवरी तक आयोजित होंगे रोजगार मेला

**होंगे फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा 28 दिसम्बर से 30 जनवरी तक विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन होगा। जिसमें 32 से अधिक कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। लगभग 300 रिक्त स्थानों के लिए रिक्तियां होगी। सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायोडेटा के साथ रोजगार मेले में शामिल हो। 28 दिसम्बर को विकास खण्ड बढ़पुर, 3 जनवरी को राजेपुर में, 9 जनवरी को शमशाबाद में, 12 जनवरी को कायमगंज में, 18 जनवरी को मोहम्मदाबाद में, 23 जनवरी को नवाबगंज में, 30 जनवरी को कमालगंज में रोजगार मेले का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि जनपद के सातों विकास खण्ड में रोजगर मेला विकास खण्ड सभागार में सम्पन्न होंगे।

# प्रधानाचार्य परिषद का प्रांतीय अधिवेशन 24 दिसम्बर को

**कार्यक्रम में उच्च शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा मंत्री लेंगी भाग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रधानाचार्य परिषद** की बैठक प्रांतीय अधिवेशन को लेकर सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि 15 वर्षों के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पांचाल घाट स्थित नारायन आश्रम में 24 दिसम्बर को सम्पन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी भाग लेगी। जिला महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह ने बताया कि प्रांतीय अधिवेशन में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी की सहमति प्राप्त हुई है। साथ ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति प्रो0 गिरीश चन्द्र त्रिपाठी व जनपद के सांसद व चारों विधायक मौजूद रहेंगे। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री व डा0 शिवनाथ दुबे, डा0 सुनील कुमार मिश्रा, डा0 मनोज कुमार, डा0 जितेन्द्र पटेल, गिरीश मिश्रा, डा0 मनप्रीत सिंह, डा0 शिवओम अम्बर, डा0 दिवाकर मिश्रा मौजूद रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व योगेश चन्द्र तिवारी, संदीप चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

# जैसा कर्म करेगा वैसा फल भोगना पड़ेगा: दीपा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी** ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद अंगूरी बाग द्वारा रतन कोल्ड स्टोर कादरी गेट में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दीपा बहन ने समय चक्र भविष्य दर्शन पर गीता के गुण रहस्यों द्वारा प्रवचन किया। कालचक्र का नियम है जो जैसा कर्म करेगा उसका वैसा फल भोगना पड़ेगा। परमात्मा अभी इस धरा पर पढ़ाने के लिए आया हुआ है, जब कोई नजर नहीं आता है, तब परमात्मा नजर आता है मंत्र को सीखना है, लेकिन हमें करके दिखाना है।

मनुष्य आत्माओं अपने जीवन को देखो कालचक्र 5000 वर्ष का है। परमात्मा इस समय आकर सतयुग में रहने वाली आत्माओं को तैयार कर रहे है। आत्माएं स्वर्ग में बसती हैं, जब नीचे उतरते हैं तो कला, कम होती हैं। पूर्णि आत्माएं स्वर्ग में निवास करते हैं। जब नीचे उतरते हैं तो मांगने वाले बन जाते हैं। संगम पर एक बार ब्राह्मण धर्म की स्थापना परमात्मा कर रहे हैं। परमात्मा इस धरा पर आ चुका है उसे प्यार से हम बाबा कहते हैं। परमात्मा से संबंध बाबा का है, राम जैसी मर्यादा को जीवन में लाना बहुत जरूरी है। गीता के अध्याय 7 के 17वें श्लोक में जो हो रहा है, वह अच्छा जो होगा, वह भी अच्छा होगा। इसलिए हमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। देवता 16 कला संपूर्ण है। चारों युग बराबर है कार्य व्यवहार के कारण कलयुग का समय अधिक दिखाया गया है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अलका दीदी कानपुर ने कहा विकृतियों अनैतिकता चारों तरफफैली हुई है, ऐसे समय कृष्ण का जन्म हुआ परमात्मा को स्वयंभू के नाम से जानते हैं। परमात्मा वास्तव में हमारे साथ है, निराकार ईश्वर की हम सभी संतान हैं। परमात्मा सर्वज्ञ है, हम भी सृष्टि को आदि मध्य अंत को जान सकते हैं। इस गीता महाकाव्य को शांत चित्त होकर श्रवण करें कथा व्यास बहन दीपा दीदी के ज्ञान अमृत पान करें। अखिलेश मिश्रा, सुरेंद्र पांडे, अरविंद दीक्षित, बृजकिशोर सिंह, देव कुमार शर्मा, रंजना शर्मा ने पुष्प गुच्चो एवं शाल ओड़ाकर स्वागत किया। कोमल, प्रियंका ने समय की पुकार एवं समय का पंछी उड़ता जाए, गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कुमारी प्रियंका ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन पर नृत्य प्रस्तुत किया। दतिया से आये नीलेश भाई ने संचालन किया। सुआलाल मिश्रा ने मंत्र उच्चारण के सहित परमात्मा शिव का पूजन अर्चन करवाया। इस अवसर पर हरि, शरद, जानवी, विजय शंकर, मोहित, अरविंद, अविनाश, सुधीर, सत्येंद्र, हेमचंद, गंगा सिंह, गीता, प्रवीण, गोलू, सुदामा, ज्योति, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे।




कथा के दौरान मौजूद दीपा बहन व अन्य

# असंगठित क्षेत्र की महिला श्रमिकों को आंगनवाड़ियों से जोड़ेः स्मृति ईरानी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें आंगनवाड़ी-सह-क्रैच योजना से जोड़ने को कहा है। श्रीमती ईरानी ने शुक्रवार को यहां पालना के अंतर्गत आंगनवाड़ी-सह-क्रैच - एडब्ल्यूसीसी पर योजना की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के लोकार्पण समरोह में कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता हर उस महिला तक पहुंचना है जो अपने घर पर काम के साथ-साथ दूसरों के घर में कार्य करके अपनी आजीविका चलाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता खेतिहर श्रमिक, पालना के अंतर्गत निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों का हिस्सा बनाते हुए उनकी आजीविका के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सक्षम बनाना है।

उन्होंने राज्य और जिला अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित 17 हजार क्रैच की संख्या को अंतिम सीमा के रुप में नहीं देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन राज्यों को पूरा सहयोग देगी जो प्रस्तावित संख्या से अधिक एडब्ल्यूसीसी खोलना चाहते हैं। उन्होंने राज्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माण स्थलों का मूलभूत मूल्यांकन करने और शहरी एवं उप-



शहरी क्षेत्रों का मानचित्र बनाने को कहा , जहां संगठित और असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अधिक है, ताकि क्रैच के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की जा सके। श्रीमती ईरानी ने कहा कि मंत्रालय राज्यों के परामर्श से एक रूपरेखा बनाएगा, जहां कोई भी निजी क्षमता में इस क्षेत्र में सेवा में भागीदारी कर सकता है। इसके लिए बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य आवश्यकताओं और पोषण का पता लगाया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक अवसर प्रदान करने में बाल देखभाल क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बाल शोषण और इस क्षेत्र में कानूनों का उल्लंघन करने वाले उन सभी अनगिनत और अपंजीकृत संस्थानों को बंद करने के प्रधानमंत्री के प्रयासों को आगे बढ़ाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों का अस्तित्व समाप्त करने को सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के साथ-साथ ऐसे संस्थानों में कार्यरत महिलाओं का भी पुलिस सत्यापन किया जाना एक पूर्व-आवश्यकता है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास और आयुष राज्य मंत्री मुंजपारा महेंद्रभाई, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव इंदीवर पांडे, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव इंद्र दीप सिंह धारीवाल के साथ-साथ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की संयुक्त सचिव राजुल भट्ट भी उपस्थित रहीं। डॉ. मुंजपारा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 17000 कैच स्थापित करने का है, जिनमें से अब तक 5222 को स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी -सह-क्रैच महिलाओं के बीच श्रम बल की भागीदारी में सुधार करने में महत्वपूर्ण साधन सिद्ध होगा, जिससे भारत के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## लावा ने 8 जीबी रैम का दमदार फोन किया लॉन्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के सबसे बड़े स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने आज पावरहाउस स्टॉर्म 5 जी को बाज़ार में उतारने की घोषणा की जो चुनिंदा बैंक ऑफ़र्स के साथ 11,999/- रुपये की विशेष शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगा। इस डिवाइस की बिक्री 28 दिसंबर से विशेष रूप से ई-कॉमर्स पोर्टल Amazon.in और लावा ई-स्टोर पर शुरू होगी। इस स्मार्टफोन में मीडियाटेक डिमेन्सिटी 6080 प्रोसेसर लगाया गया है जिसका एनटूटू स्कोर 4,20,000 से ज्यादा है, और इसी दमदार प्रोसेसर की वजह से इसका गेमिंग परफॉर्मेंस अव्वल दर्जे का है। एस स्मार्टफोन 8 जीबी रोम के साथ आता है जो उपयोगकर्ताओं को शानदार लैग-फ्री एक्सपीरियंस प्रदान करता है, और इसे 16 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है, और इसी वजह से यह गेम को पसंद करने वाले लोगों का सबसे अच्छा साथी है।

## खबरें एक नजर में

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी में खोला शोरूम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हरि कृष्णा ग्रुप को पिछले 31 वर्षों का विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइनिंग, मेन्युफैचरिंग एवं बिक्री का अनुभव है जिसकी ब्रांड किसना पिछले 18 वर्षो से भारतीय बाजार में उपलब्ध है, हरि कृष्णा ग्ररुप ने लखनऊ शहर में फ्रैंचाइजी स्टोर लॉन्च किया है। इस नये स्टोहर के लॉन्चइ के साथ किसना ने अपनी रिटेल रणनीति की दिशा में प्रगतिशील कदम बढ़ाना जारी रखा है, क्योंॉकि कंपनी डायमण्डै ज्वै लरी को भारत की सारी आधुनिक महिलाओं के लिये सुलभ बनाने के अपने वादे और विजन को पूरा करना चाहती है। हरि कृष्णाा ग्रुप के खदानों से लेकर बाजार तक के तंत्र में किसना सभी अवसरों और बजट के लिये लगातार बदलने वाली उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप है। लखनऊ में किसना का नया शोरूम हर आयु वर्ग के लिये सबसे बढ़िया और पसंदीदा कलेक्शंरस और डिजाइनों की पेशकश करेगा।

### मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव आज यहां एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ शुरू हो गया। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुरू हुये उत्सव के उद्घाटन मौके पर



मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलित किया और बच्चों ने सरस्वती वन्दना पर नृत्य एवं वन्देमात्रम का सामूहिक गान भी हुआ। इस मौके पर सोक्ट के अध्यक्ष व कॅरियर काउन्सलर डा. अगम दयाल, जनविकास महासभा के अध्यक्ष व मुख्य आयोजक पंकज तिवारी, परी पुस्तक केन्द्र के अजय यादव, शोभा फाउण्डेशन के प्रदीप जायसवाल व अंकेश चौहान, पूर्व कार्यवाहक महापौर सुरेश अवस्थी, समाजसेवी दिव्या शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र अवस्थी डॉ अमित सक्सेना रेनू सिंह नसरीन खान पिंकी शुक्ला रामकृष्ण साहू वैभव शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इससे पहले मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि सोक्ट व जनविकास महासभा ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के नाम से एक मंच दिया है जो छात्रों को अपनी पढ़ायी के साथ अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका देता है। इस मौके पर उत्सव के मुख्य आयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन भी छात्र अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का हुआ समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का द्वितीय संस्करण 19 और 20 दिसंबर को होटल हॉलिडे इन में आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिष्ठत फैशन डिजाइनर्स के परिधानों में देश की नामी गिरामी मॉडल्स ने वॉक की। इवेंट की खास बात ये है कि फ़ैशन डिजाइनर अदिति जग्गी रस्तोगी विश्व की अग्रणी नेचुरल डाई निर्माता एएमए हर्बल व उत्तर प्रदेश खादी बोर्ड के सहयोग से अपने डिजाइंस का प्रदर्शन किया। इन सभी डिजाइंस में नेचुरल डाई का प्रयोग किया गया है। आईएएस रितु सहास ने रैंप पर उतर कर खादी और डेनिम को प्रमोट किया। इस फैशन वीक के प्रेजेंटिंग पार्टनर थे ओरियन, पावर्ड बाय स्पॉन्सर थे गोल्डी मसाले, लक्जरी पार्टनर थे शालीमार गेटवे मॉल और पीआर पार्टनर थे सेवन हॉर्स कम्युनिकेशंस। एएमए हर्बल लेबोरेटरीज के को-फाउंडर और सीईओ श्री यावर अली शाह ने कहा, यह शो यह बताता है कि जब आप खादी और नेचुरल डाई जैसे प्रोडक्ट इस्तेमाल कर रहे है जो की सस्टेनेबल है तब भी आप कितने सूंदर प्रोडेक्ट बना सकते हैं। लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का ये दूसरा एडिशन है जो दो दिन चला जिसमें देश के विभिन्न शहरों के फैशन डिजाइनर्स जैसे श्रवण कुमार, रीना ढाका, प्रशांत मजूमदार, एली शर्मा, डॉक्टर सौभाग्य वर्धन, मुकेश दुबे, रतिका अरोरा, नीलू सिंहल और दीपिका अग्रवाल अपने कलेक्शंस का प्रदर्शन किया।

# सहकारी बैंक के 150 करोड़ घोटाले में कांग्रेस विधायक दोषी

**पिछले 20 साल से अदालत में चल रहा था मामला**

**नागपुर, एजेंसी**

नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) के 150 करोड़ रुपये के घोटाले में कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार और 4 अन्य को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 3 लोगों को बरी कर दिया है। नागपुर की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शुक्रवार को अपने फैसले में तत्कालीन बैंक अध्यक्ष सुनील केदार, मुख्य बांड दलाल केतन शेठ, तत्कालीन बैंक प्रबंधक अशोक चौधरी और 3 अन्य बांड एजेंट्स को दोषी ठहराया है। बाकी श्रीप्रकाश पोद्दार, सुरेश पेशकर तथा महेंद्र अग्रवाल को निर्दोष करार दिया गया है। अदालत से सजा पर फैसला आना बाकी है। नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में हुए 150 करोड़ रुपये के घोटाले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बहस चल रही है। यह पूरा घोटाला 152 करोड़ का था और पिछले 20 साल से अदालत में चल रहा था। साल 2002 में नागपुर जिला मध्यवर्ती बैंक में 152 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। तब सुनील केदार बैंक के चेयरमैन थे। उस वक्त मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद की कुछ कंपनियों ने बैंक फंड से 125 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीदे थे। राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के तत्कालीन उपाधीक्षक किशोर बेले इस घोटाले के जांच अधिकारी थे। जांच पूरी होने के बाद 22 नवंबर, 2002 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। यह मामला तब से लंबित था। सेंचुरी डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड, सिंडिकेट मैनेजमेंट सर्विसेज और गिल्टेज मैनेजमेंट सर्विसेज की मदद से नागपुर जिला मध्यवर्ती बैंक के फंड से इन लोगों ने सरकारी बांड (शेयर) खरीदे, लेकिन बाद में बैंक को इन कंपनियों से खरीदी गई नकदी कभी नहीं लौटाई गई।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे डीन एल्गर

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट बल्लेबाज डीन एल्गर भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत दो टेस्ट मैचों के साथ करेंगे- पहला मैच 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन में उनके घरेलू मैदान, सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा और दूसरा टेस्ट न्यूलैंड्स क्रिकेट केप टाउन में ग्राउंड में, 3 से 7 जनवरी तक खेला जाएगा, यह वही मैदान है, जहां उन्होंने अपना पहला टेस्ट रन बनाया था। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 12 साल के करियर के दौरान 84 टेस्ट और आठ एकदिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से, एल्गर ने 37.28 की औसत से 5000 से अधिक रन बनाए।

# साउथ अफ्रीका दौरा छोड़ स्वदेश लौटे विराट

**पिटोरिया, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारत लौट आए हैं। कुछ दिन पहले ही वे साउथ अफ्रीका पहुंचे थे, लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक फैमिली इमरजेंसी के कारण उनको स्वदेश लौटना पड़ा है। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ये अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि वे दिग्गज बल्लेबाज हैं। इसके अलावा ओपनर रुतुराज गायकवाड़ चोटिल होने की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रुतुराज गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। जबकि विराट कोहली को प्रिटोरिया में चल रहे तीन दिवसीय इंट्रास्क्वाड गेम को मिस करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक युवा सलामी बल्लेबाज



कोहली टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई से 3 दिवसीय अभ्यास मैच को छोड़ने की अनुमति लेने के बाद मुंबई के लिए रवाना हो गए। वे कुछ दिन पहले ही स्वदेश आए थे और 22 दिसंबर को वापस लौट सकते हैं। वहीं रुतुराज गायकवाड़ को 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान उंगली में चोट लगी थी। इससे वे अभी तक उबर नहीं पाए। बीसीसीआई ने तीसरे वनडे मैच से पहले मेडकिल अपडेट जारी करते हुए कहा था कि उनकी उंगली में चोट है और वे मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। अब सामने आया है कि दोनों टेस्ट मैचों से पहले उनके ठीक होने की संभावना नहीं है। इसलिए उनका टीम से रिलीज कर दिया गया है। उंगली की चोट से उबर नहीं पाए हैं और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम प्रबंधन ने रिलीज कर दिया है। वे टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।

टेस्ट सीरीज के लिए हाल ही में दक्षिण अफ्रीका गए विराट कोहली को पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत लौटना पड़ा। इस इमरजेंसी का सटीक विवरण स्पष्ट नहीं है, लेकिन बीसीसीआई सूत्रों का कहना है कि वह 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए समय पर जोहान्सबर्ग वापस आ जाएंगे।

# लीवर को नेचुरली साफ करने का काम करती हैं ये हेल्दी ड्रिंक्स




शरीर के जरुर अंगों की बात करें तो उसमें लीवर भी आता है। लीवर शरीर में से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है इसके अलावा यह कई मिनरल्स और आयरन को स्टोर करके शरीर को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है। ऐसे में इसे स्वस्थ रखने के लिए इसे डिटॉक्स करना भी जरुरी है। लीवर को डिटॉक्स करने के लिए आप दवाईयों की जगह कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसे डिटॉक्स ड्रिंक्स जो आपके लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं...

**कब करना चाहिए लीवर को डिटॉक्स?**

लीवर को डिटॉक्स करने से पहले यह जानना जरुरी है कि शरीर को इसको डिटॉक्स करने की जरुरत कब पड़ती है। थोड़ा सा काम करते ही थकान महसूस होना, स्किन का रंग बदलना, बार-बार एलर्जी होना, छाती में जलन, भोजन शरीर को न लगना जैसी प्रॉब्लम यदि शरीर में दिखे तो कहा जाता है कि लीवर सही तरह से काम नहीं कर रहा और डिटॉक्सीफाई करने की जरुरत है।

**नींबू और गुनगुना पानी**

शरीर में से फैट बाहर करने के लिए अक्सर कई लोग गुनगुने पानी के साथ नींबू पानी पीने की सलाह देते हैं। वहीं नींबू लीवर की डिटॉक्सीफिक्रेशन करने में भी मदद करता है। प्रतिदिन एक गिलास नींबू और गुनगुना पानी पीने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और लिवर बिल्कुल हेल्दी रहता है। गर्म पानी के साथ नींबू आप सुबह और शाम दोनों समय पी सकते हैं। जानकारी की मानें तो एक दिन में एक गिलास से ज्यादा गर्म पानी और नींबू पानी नहीं पीना चाहिए।

**हल्दी वाला पानी**

भारतीय घरों में हल्दी का इस्तेमाल भी होता है। यह स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होती है जिन लोगों को लीवर संबंधी समस्याएं होती हैं उन्हें एक्सपट्र्स भी रोज ल्दी का पानी पीने की सलाह देते हैं। हल्दी का पानी शरीर में एंजाइम को बूस्ट करने का काम करता है। इससे खाने के साथ पेट के अंदर गए टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद मिलती है। रोजाना रात को सोने से पहले आप हल्दी का पानी पी सकते हैं। गुनगुना हल्दी वाला पानी आप पी सकते हैं।

**चुकंदर का जूस**

यह भी लीवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसका सेवन करने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और प्लांट बेस्ट नाइट्रेट पाया जाता है जो फैटी लिवर डिजीज से बचाता है।


**अदरक-नींबू वाली चाय**

नींबू में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं वहीं अदरक एक एंटीइंफ्लेमेटरी फूड है। दोनों चीजों का मिश्रण लीवर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। इन दोनों चीजों से बनी चाय का सेवन करके आप लीवर को डिटॉक्सीफाई कर सकते हैं।

**आंवला जूस**

खाली पेट आंवला का जूस पीने से भी आपका लीवर डिटॉक्सीफाई होगा। यह डिटॉक्स ड्रिंक बालों और त्वचा के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती है। इसके अलावा इस ड्रिंक का सेवन करने से लीर की बीमारी भी नहीं होती।

# किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह



पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिए देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी।

उन्होंने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके, इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का संपूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहांत हुआ तो देश के किसानों ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलंद करते हुए आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अंत ही देश को आगे ले जा सकता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारंभ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिंडन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हें 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किए गए। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुख-दर्द को नजदीक से देखा-जाना था। इसलिए उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केंद्र व राज्य सरकारें भी किसानों के भले की योजनाएं बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानों को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानों की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानों को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानों की आवाज बुलंद कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिए देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होंने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था। चौधरी को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर संपूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होंने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

# ये पांच ड्राई फ्रूट्स कंट्रोल करेंगे हाई लड प्रेशर



ठंड के मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वायरल इंफेक्शन के साथ-साथ इस दौरान दिल संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों की समस्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस मौसम में खुद को स्वस्थ रखने के लिए ड्राई फरूट्स का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। नियमित रुप से नट्स का सेवन करके आप इस मौसम में स्वस्थ रहेंगे। इसके अलावा सर्दियों में हार्ट संबंधी बीमारियों से बचने के लिए भी कुछ ड्राई फरूट्स का सेवन कर सकते हैं, इन ड्राई फरूट्स का सेवन करने से आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में रहेगा। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे ड्राई फरूट्स बताते हैं जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करेंगे।

**मूंगफली**

सर्दियों में कई लोग मूंगफली का सेवन करते हैं। यह प्रोटीन से भरपूर होती है इसके अलावा इसे खाने से मांसपेशियां मजबूत बनती है और भी कई समस्याएं दूर होती हैं। इस मौसम में यदि आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो मूंगफली का सेवन कर सकते हैं। इसमें मैंगनीज, नियासिन और जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो बीपी कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला मैग्नीशियम और पोटैशियम, हृदय स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी होते हैं, परंतु इस बात का ध्यान रखें कि भूनी हुई मूंगफली का सेवन न करें।

**किशमिश**

यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यदि आप नियमित रूप से किशमिश का सेवन करते हैं तो आपकी ऑवरऑल हेल्थ अच्छी रहेगी। इसमें पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। किशमिश को हार्ट हेल्थ के लिए एक बेहतरीन सुपरफूड माना जाता है। एक्सपट्र्स की मानें तो सर्दियों में यदि आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो रोज सुबह खाली पेट 5-6 भीगी हुई किशमिश का सेवन करें।

**अखरोट**

यह भी कई सारे पोषक तत्वों से युक्त माना जाता है। इसमें आयरन, जिंक, कैल्शियम और विटामिन ई मौजूद होता है। अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करता है। यह हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। यदि आपका ब्लड प्रेशर हाई रहता है तो आप अखरोट को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। इसका सेवन करने से आपकी हार्ट हेल्थ अच्छी होती है।

**सूखा आलूबुखारा**

यह भी एक ड्राई फरूट होता है जो हार्ट हेल्थ को सही रखने में मदद करता है। नियमित रूप से खाली पेट आलूबुखारा खाने से आपका ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर कंट्रोल रहेगा। इसके अलावा यह हृदय रोगों से भी बचाव करता है। सर्दियों में ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने के लिए आप रोजा 4-5 सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

**बादाम**

यह भी स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। स्वस्थ रहने के लिए आप बादाम अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें फाइबर, मैग्नीशियम और मोनोअनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है जो हृदय के लिए फायदेमंद होता है। बादाम आपके ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित रखने में मदद करता है। यदि आप रोज सुबह भीगे हुए बादाम का सेवन करते हैं तो आप हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो हृदय को होने वाले नुकसान से बचाता है।

